## एक झलक

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बांटा गया नि:शुल्क नामांकन फार्म

**बुढ़मू** : कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बुढ़मू में 2025-2026 नामांकन के लिए कक्षा छः एवं नवम के लिए 15 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 के लिए नि:शुल्क नामांकन फार्म पंचायत सचिविलय, प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय एवं कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय बुढ़मू से लिया जा सकता है। गुरूवार 4 बजे जानकारी देते हुए विद्यालय के वार्डेन अनिमा कुमारी ने बताया नामांकन में किसी भी दलाल के बहकावे में नहीं आयेंगे। नामांकन पुरी तरह से निशुल्क है। किसी व्यक्ति या दलाल नामांकन के लिए पैसे मांगते हैं तो विद्यालय के वार्डेन एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से शिकायत कर सकते हैं।

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव ने की डाक अधीक्षक से मुलाकात



**रजरप्पा (रामगढ़)** : भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के रामगढ़ शाखा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार महतो उर्फ संदीप भारती व सचिव शैलेंद्र सिंह ने हजारीबाग के डाक अधीक्षक आशुतोष सिन्हा से मुलाकात किया। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव ने डाक अधीक्षक का बुके देकर स्वागत किया। साथ ही ग्रामीण डाक सेवक के ज्वलंत समस्याओं से अवगत करवाया। डाक अधीक्षक ने समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनते हुए जायज समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

### दो दिवसीय जतरा मेला का हुआ शुभारम्भ



**गोला (रामगढ़)** : बरियातू स्थित दो दिवसीय जतरा मेला का शुभारंभ हो गया। पहले दिन पर लोगों ने मेला का काफी लुफ्त उठाया। मेले पर युवा साथी, छोटे छोटे बच्चों और महिलाओं ने मेला में झुला का आनंद लिया तथा खिलौना की काफी बिक्री हुई। मेले में महिलाओं और बच्चियों ने चाट, चौमिन, फुचका तथा आईसक्रीम का आनन्द लिया। मेले में टुसू गीत पर लोग खुब थिरके। जतरा मेला बरियातू के मुख्य संयोजक सुनील राज चक्रवर्ती ने बताया कि 17 जनवरी को मेले के अंतिम दिन में झारखंड बंगाल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मेला समिति में मुख्य रूप से मनोज पुझर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता,मेला अध्यक्ष लखेश्वर कुमार, उपाध्यक्ष प्रेम सोनी, सचिव विश्वजीत कुमार, संरक्षक वासुदेव प्रसाद, वकिल सिंह, उपमुखिया तुलसी दास महतो, धिरेन महतो, देवानंद महतो, लखिन्दर सिंह, अविनाश कुमार, देवचरण महतो, भदरु महतो, लक्ष्मी नारायण महतो, बुल्लु कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 20 जनवरी को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का होगा आयोजन



**गोला (रामगढ़)** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में 20 जनवरी को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इसकी सफलता को लेकर गुरुवार को प्रखंड स्तरीय योजना समिति की बैठक में निर्णय लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रमुख गीता देवी ने की। इस संबंध में योजना समिति ने कुछ निर्देश दिए हैं जो निम्नलिखित है :

1.सभी पंचायत सचिव अपने अपने पंचायत के नोटिस बोर्ड में मेला की तारीख प्रदर्शित करेंगें।

2 .जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है वे मेले में आकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे।

3 .मेले के व्यापक प्रचार प्रसार के सहिया एवं सेविका अपने अपने पोषक क्षेत्र में इसकी जानकारी देंगे।

विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा सभी प्रकार के स्वास्थ्य जांच की जाएगी। मौके पर उपप्रमुख विजय ओझा, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सुधा वर्मा, प्रखंड क्षेत्र की सभी पंचायत सचिव एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### पुलिस ने किया 12 एकड़ खेत में अफीम की फसल को नष्ट

**बुंडू** : बुंडू पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के आराडीह गांव में लगभग 12एकड़ रकवे में लगी अफीम की फसल पर ट्रैक्टर चलाकर नष्ट की।

## राजस्व सम्बन्धित कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# दाखिल खारिज के लम्बित मामलों का जल्द करें निष्पादन : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, परिवहन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गई उपलब्धि की जानकारी ली वहीं उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। नीलाम पत्र



वादों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित जिला व अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर तीव्र गति से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मैनेजर आईटी वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने दाखिल खारिज संबंधित कार्यों में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर मैनेजर आईटी को संबंधित अंचल कार्यालय के साथ संपर्क कर समस्या हल करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने लंबित दाखिल खारिज मामलों को एक सप्ताह में अभियान मोड में कार्य कर निष्पादित करने का निर्देश दिया।परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही भूमि संबंधित दस्तावेजों में सुधार सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने पोर्टल पर आए आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक का आयोजन किया गया। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में संचार मीनारों के अधिष्ठापन हेतु जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति से पोर्टल के माध्यम से स्वीकृति लेना जरूरी है। बैठक के दौरान जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी आरती पंकज के द्वारा पोर्टल पर आए मामलों के संबंध में उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने पोर्टल के माध्यम से आवेदनों की जांच करने एवं स्वीकृति देने के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा समिति के सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों पर चर्चा के उपरांत 3 मोबाइल टॉवर को सभी कागजात पूर्ण होने के उपरांत स्वीकृति दी गई साथ ही अन्य आवेदनों पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

## दामोदर पुल बचाओ संघर्ष समिति ने रखा एक दिवसीय उपवास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : गिद्दी में दामोदर पुल के समीप दामोदर पुल बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित किया। उपवास सुबह10 बजे से शाम 4 बजे तक जारी रहा।मौके पर दामोदर पुल बचाओ संघर्ष समिति के लोगों ने बताया कि पुल की स्थिति बेहद चिंताजनक है। यदि अबिलंब पुल की मरम्मति नहीं किया गया तो बड़ी अनहोनी हो सकती है। बताया कि पुल हजारीबाग और रामगढ़ से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। कोयला संप्रेषण, आवागमन का साधन है। अरगड्डा क्षेत्र एवं बरका-सयाल क्षेत्र को यह मार्ग जोड़ता है। लेकिन विभागीय लापरवाही में यह पुल उलझकर रह गया है। कहा कि उपवास के बाद भी प्रबंधन एवं प्रशासन तत्वरित करवाई नहीं किया तो यह संघर्ष समिति दिनांक 31जनवरी से पुल पर आवागमन बाधित करेगी। मौके पर शशि भूषण सिंह, पुरुषोतम पाण्डेय, सुमन देवी, गुडू यादव, सतीश सिंह, ठाकुर दास महतो, राजबल्लभ सिंह, महादेव महली, व्रजकिशोर पाठक, राजदीप प्रसाद, सियाराम सिंह, नरेश बेदिया, मोहन केसरी, गुजन साहू, चंदन सिंह, इन्द्रजीत प्रसाद, सुभाष विश्वकरमा, सुनील दुबे, राजेश सिंह, गौतम बनर्जी, जन्मेजय सिंह, दीपक झा, अमेलश सिंह, दीपक सिंह, शत्रुन्जय सिंह, बजरंग पात्रो सहित अन्य उपस्थित थे।

## राम साहु के निधन पर माकपा व किसान सभा ने दी श्रद्धांजलि

**रांची** : गत 25 वर्षों से से माकपा के सदस्य सह किसान सभा के नेता 50 वर्षीय कॉ राम साहु की हृदय गति रुक जाने से बुधवार को हुई मौत पर पार्टी कार्यकताओं ने सिल्ली में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर राज्य सचिव मंडल सदस्य सह, झारखंड राज्य किसान के अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा कि कॉ राम गत 25 वर्षों से पार्टी सदस्य, व किसान सभा के जुझारू व संघर्ष शील सदस्य रहे, पार्टी एवं किसान सभा के प्रति उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। एक ईमानदार, संघर्षशील छवि के कारण लोग उनके कायल थे। उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों में माकपा जिला कमिटी सदस्य अमर महली, अरूण महतो , सिल्ली में माकपा संस्थापक सह माकपा नेता बद्री नारायण साहु,लोकल कमिटी सदस्य संतोष कुम्हार, सदानंद सोनार,रबि सोनार, शशि शंकर सोनार, हीरा साहु,कमल साहु, सुधीर साहु आदि शामिल थे।

## आरटीसी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ओरमांझी की मैकेनिकल ब्रांच के टूल रूम में इंडस्ट्रियल विजिट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

आर.टी.सी. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ओरमांझी, रांची के मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच द्वारा छात्रों के लिए टाटीसिलवे, रांची स्थित टूल रूम में एक दिवसीय इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन किया गया। इस विजिट का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक प्रक्रियाओं और आधुनिक तकनीकों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। इस सफल विजिट के लिए मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश ने छात्रों को उद्योग के व्यावहारिक पहलुओं और उनके ज्ञान में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, श्ऐसे इंडस्ट्रियल विजिट छात्रों को अपने ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों में लागू करने का अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें अपने क्षेत्र में नई तकनीकों और इनोवेशन को समझने का मौका मिलता है। इस विजिट को सफल बनाने में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रिय रंजन, किमेश्वर महतो और राजीव रंजन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन सभी ने छात्रों को गाइड किया और उन्हें टूल्स और मशीनरी के संचालन के बारे में गहराई से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ करियर के अवसरों के बारे में भी मार्गदर्शन दिया। यह इंडस्ट्रियल विजिट छात्रों के लिए एक अनमोल अनुभव साबित हुआ, जिससे उन्हें न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त हुआ बल्कि वास्तविक जीवन में औद्योगिक चुनौतियों और नवाचारों को समझने का मौका भी मिला। इस सफलता के बाद छात्र अपने करियर के प्रति और अधिक प्रेरित और सक्रिय हो गए हैं। आर.टी.सी. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के फैकल्टी और छात्रों का यह योगदान सराहनीय है, और उम्मीद है कि भविष्य में ऐसे और सफल आयोजन किए जाएंगे।

## रेलाडीह गांव के ग्रामीणों ने अवैध रूप से की गयी अफीम खेती को स्वयं नष्ट की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू** : राज्य सरकार के गृह सचिव और डीजीपी के द्वारा बुंडू अनुमंडल कार्यालय के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर अवैध रूप से की गई अफीम की खेती को नष्ट कर समाप्त करने की आदेश दिया था इसका असर दिखने लगा है।पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार हो रही छापामारी और अवैध रूप से की गई अफीम की खेतों में ट्रैक्टर चलाकर नष्ट करने और मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने के बाद अवैध रूप से अफीम खेती करने वाले ग्रामीण किसानों पर दहशत का माहौल बना हुआ है।गांव वाले अब बैठक कर स्वेच्छा से अफीम की खेती को नष्ट करने की रणनीति बनाने में जुटे हैं। गुरुवार को बुंडू प्रखंड रेलाडीह ग्रामीणों ने मिलकर जंगल किनारे लगाए गए अवैध रूप से अफीम खेती को ट्रैक्टर चलाकर लगभग 9 एकड़ जमीन पर लगी अफीम की खेती को नष्ट किया गया।ग्रामीणों ने सरकार से मांग किया कि उन्नत कृषि कार्य के लिए गरीब किसानों को खाद बीज का व्यवस्था करें। ग्रामीणों ने अवैध रूप से अफीम की खेती नहीं करने का भी निर्णय लिया है।

## वाहन जांच अभियान में वसूला 2,78,000 रुपये जुर्माना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के गोल एनएच 23 पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के द्वारा भारी मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। जांच में टंडवा एनटीपीसी से फ्लैश(डस्ट) ले कर आ रही भारी वाहनों सहित अन्य 15 से 20 बड़े वाहनों की जांच की गई जिसमें 6 वाहनों में ओवर लोड एवं कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुमार्ना की वसूली की गई जिसमे लगभग कुल 278000 रुपया जुमार्ना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 6 बड़ी वाहनों का पेपर फेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण लगभाग 278000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया व दो पहिया वाहनों की भी जांच की गई जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई मौके पर उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दे और जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है वह वाहन चलाते समय सेफ्टी रूल का अनुपालन जरूर करें। जांच के दौरान उन्होंने बताया की अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिन वाहनों का परमिट, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण, ओवरहाइट, ओवरलोड सहित रिफ्लेक्टिव टेप लगा हुआ नहीं मिलेगा उन वाहनों पर कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा।

## डीएवी गिद्दी के बच्चों ने भुरकुंडा में गरीबों को दिये खाद्य सामग्री और गर्म कपड़े



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा** : डीएवी पब्लिक स्कूल गिद्दी के छात्र-छात्राओं ने दान सप्ताह कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद गरीब परिवारों के बीच गुरुवार को गर्म कपड़े और खाद्य सामग्री का वितरण किया। स्कूल बस से भुरकुंडा के रामनवमी मैदान पहुंचे बच्चों ने यहां झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले खानाबदोश परिवारो के बीच गर्म कपड़े और खाद्य सामग्री वितरण किया। वहीं गरीब परिवार के बच्चों को टॉफी और चॉकलेट भी दिए। अवसर पर स्कूल की छात्राओं ने कहा कि समाज में सभी को एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। परस्पर सहयोग से ही देश और समाज आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार के बच्चों के लिए भोजन और मुफ्त शिक्षा की दिशा में सरकार को ठोस पहल करनी चाहिए। जिससे वे भी अपने सपनों को पूरा कर सकें। मौके पर शिक्षक सुमित कुमार सिन्हा, उमाशंकर, मारिया, किरण कुमारी, विजयलक्ष्मी, आलिया सबहत, आफिया, अशरफ, जन्नत परवीन, आराध्या उपाध्याय, उन्नति राज, आर्यन राज श्रीवास्तव, अंशिका कुमारी, पलक खातून, डिंपल कुमारी, विश्वजीत नंदी, अदिति कुमारी, उमंग कुमारी, ऋषिका कुमारी, श्रद्धा स्नेह, आदित्य कुमार गुप्ता, अंकित राज, अनमोल कुमार, अखिल कुमार, अर्णव कुमार गुप्ता, सूर्यांश कुमार, आयुष कुमार यादव, निखिल तिवारी सहित अन्य शामिल थे।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दीदी बगिया, आम बागवानी योजना व कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, डॉ. सुधा वर्मा के द्वारा गुरुवार को बरियातू पंचायत में मनरेगा योजना के तहत क्रियान्वित दीदी बगिया एवं आम बागवानी का निरीक्षण किया गया। इस अवसर दीदी बगिया की संचालिका सविता देवी तथा जेएसएलपीएस के एफटीसी महेन्द्र कश्यप से उक्त संचालित दोनों योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कामाख्या प्रसाद भी उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सुधा वर्मा द्वारा बंदा पंचायत के मुरपा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दरम्यान विद्यालय की वार्डन रीना चौधरी उपस्थित थी। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा विद्यालय मेन उपस्थित छात्राओं से दैनिक पठन पाठन, भोजन एवं अवसान की सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। जानकारी लेने के पश्चात उन्होंने आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

## शहादत दिवस पर राहे में माले कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडु** : झारखंड आंदोलन के मूल भावना जंगल-जमीन,पलायन-विस्थापन, रोजगार, भाषा-संस्कृति, अस्मिता-पहचान इन सारे सवालों को आदर्श पुलिस राज के नाम लाठी-गोली के ताकत पर दबाती कारपोरेट-फासीवादी ताकतों से महेन्द्र सिंह ने लोहा लिया। उस सपने-संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए लोकतंत्र-संविधान विरोधी कॉरपोरेट-फासीवादी ताकत को मात देने के संकल्प के साथ जन नायक कॉमरेड महेंद्र सिंह की 21वीं शहादत दिवस को माले कार्यकर्ताओं ने बेहराबेड़ा, राहे में शहादत संकल्प दिवस मनाया। संकल्प सभा की शुरूआत कॉमरेड महेंद्र सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एक मिनट का मौन श्रद्धांजलि से हुई। तत्पश्चात




भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह को लाल सलाम, पेसा कानून 1996 लागू करो, जल-जंगल-जमीन पर ग्राम सभा का नियंत्रण कायम करो, संविधान बचाओ देश बचाओ, ना गोडसे ना सावरकर चाहिए-भारत को बिरसा अम्बेडकर भगतसिंह चाहिए आदि नारे लगाए। संकल्प सभा की अध्यक्षता करते हुए जिला कमीटी सदस्य कॉमरेड दिलीप मांझी ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन को भारत की सच्ची आजादी बताकर मोहन भागवत ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और भारत के संविधान को खारिज करने वाली आरएसएस की परंपरागत लाइन को दोहराया है। जबकि भारत संविधान और गणतंत्र स्थपना की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। संकल्प सभा को बतौर मुख्य वक्ता पार्टी जिला सचिव कॉमरेड जगमोहन महतो ने कहा कि जन संघर्षों की बुलंद आवाज जन नायक कॉमरेड महेंद्र सिंह आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और लोकतंत्र व न्याय पसंद जनता की राजनैतिक दावेदारी एवं शोषण विहीन समाज निर्माण की लड़ाई लड़ रहे थे। उन्होंने जनता की किस्मत का कागज रंगने वाले अधिकारियों पर जन संघर्षों के जरिए कैसे लगाम लगाई जा सकती है यह कर के दिखाया। उनकी हर लड़ाई की जीत समाज की जड़ता पर गहरी चोट होती थी। उन्होंने कहा था कि विकास पर अगर जनता का नियंत्रण हो, शासन पर अगर जनता का नियंत्रण हो और राज्य के खजाने का रूपया जनता के हिसाब से खर्च हो तो जन संघर्षों की ताकतों को विधानसभा भेजें।

# कोंचो हरिहर मेला में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली** : कोंचो स्वर्णरिखा नदी तट पर गुरुवार को ऐतिहासिक हरिहर मेला में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जहां लोग गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते मेला स्थल पर पहुंचे, वहीं मेले में पहुंचे लोगों ने मेला परिसर स्थित भगवान विष्णु , शिव, राम गणेश एवं काली मंदिरों में पूजा-अर्चना की। आसपास के विभिन्न गांवों से महिला मंडली के दल टुसू गीत गाते हुए मेला परिसर पहुंचे एवं स्वर्णरिखा नदी में टुसू को विसर्जित भी किया। बच्चों ने मेले परिसर में लगे झूले, ब्रेक डांस आदि का आनंद लिया। वहीं महिलाओं ने घरेलू समानों की खरीदारी की। महिलाओं एवं बच्चों ने चाट, फुचका, चाउमीन, बादाम, मटर आदि का आनंद लिया। मेला समिति की ओर से टुसू (चौड़ल) प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मेले के सफल आयोजन में शरत कुमार महतो , सुनील सिंह, सूर्य नारायण महतो, विनोद महतो, रास रंजन महतो, लक्ष्मण महतो, राजकुमार महतो, आशीष कुमार महतो, जगतपाल महतो, सोमनाथ महतो, मोतीलाल महतो, आनंद महतो, भूपेश महतो, संजय महतो, सनोज महतो, मिथुन चंद्र महतो, शक्तिधर महतो, मानसिंह महतो, मिथिलेश महतो, अजीत महतो, अनूप महतो, अरुण महतो, कामेश्वर महतो, मंजीत हजाम, करण कुम्हार, समरनाथ महतो, रंजन महतो, रमेश चंद्र महतो, उत्तम कुमार महतो, अखिलेश्वर कुम्हार, बरुण महतो, शिवाजी महतो, कीर्तिनाथ महतो, शांति कुमार महतो, खिरोधर महतो, संतोष महतो, समीर ठाकुर मेला कमेटी के सदस्य समेत ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

### मेले में पहुंचे विधायक अमित कुमार महतो व पूर्व विधायक सीमा महतो

**सिल्ली** : हरिहर मेला में सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो, राष्ट्रीय पुस्तकालय के सलाहकार समिति सदस्य सह कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजा राम महतो, पुर्व विधायक सीमा महतो, जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो, जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी, मुखिया, पंसस समेत कई पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। जहां सभी अतिथियों ने मंच से लोगों का अभिवादन किया। वहीं अतिथियों के हाथों पुरस्कार स्वरूप नगद राशि देकर टुसू प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन मेला कमेटी के संरक्षक सुनील सिंह व शरत कुमार महतो ने किया।

## मुखिया संघ ने पांच मांगों के समर्थन में वित्तमंत्री को सौंपा मांग-पत्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : झारखंड के वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर को मांग पत्र सौंपते मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव के नेतृत्व में मुखिया संघ के प्रतिनिधियों ने पांच मांगों को लेकर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मुलाकात कर उन्हें मांग-पत्र सौंपा। इस दौरान पंचायती राज अधिकार से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। मुखिया संघ ने अपनी कई विभिन्न मांगें रखी, जिसमें राज्य वित्त आयोग से सभी पंचायतों को राशि उपलब्ध कराने, अबुआ आवास की प्राथमिकता सूची ग्राम सभा से अनुमोदित कराने, मुखिया की सम्मान राशि 30 हजार करने,पंचायत प्रतिनिधियों को यात्रा भत्ता देने एवं पेंशन लागू करने। झारखंड के सभी पंचायत की मांग है कि बिना जांच किए वित्तीय शक्ति जप्त ना किया जाए जिससे मुखिया पद का अपमान हो झारखंड के मुखियाओं का वित्तीय पावर जप्त किया गया है उन्हें पुनःवापस किया जाए। आदि शामिल है। मौके पर मुखिया दीपक बड़ाइक, शिवनाथ मुंडा, महेंद्र मुंडा,सुनील उरांव, रोजलीन लकड़ा आदि मुखिया मौजूद थे।

## एक झलक

### महापर्व महाशिवरात्रि की भव्य शोभा यात्रा को लेकर हुई बैठक

**रांची** : बृहस्पतिवार को श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति के तत्वावधान में समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह के आवास पर 26-2-2025 को होनेवाली महापर्व महाशिवरात्रि के भव्य शोभा यात्रा के संबंध में सदस्यों के बीच गहन बातचीत संपन्न हुई। इस बैठक में रमेश सिंह ने कहा कि इस वर्ष महाशिवरात्रि की बारात की और भी भव्य एवं विशाल शोभायात्रा रांची शहर वासियों को भक्ति विभोर कर देगी। इस वर्ष के शोभायात्रा में 144 वर्ष बाद पड़ रहे महाकुंभ की चित्रण मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। आज के बैठक में मुख्य रूप से रमेश सिंह, शैलेन्द्र कुमार, नवीन पपनेजा, राकेश अरोड़ा, नीरज जायसवाल, रवि अरोड़ा,नमन भारतीय,गौरव बजाज, अशोक बजाज, अजय सिंह,तथा समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित हुए।

### युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी नीतिश सिंह ने दिया इस्तीफा



**रांची** : नीतिश सिंह, सह प्रभारी, युवा आजसू, रांची, ने अपनी प्राथमिक सदस्यता और पार्टी के अन्य सभी पदों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे में संगठन में बढ़ती बाहरी-भीतरी मतभेदों और कार्य-संस्कृति में आई गिरावट का हवाला दिया। नीतिश सिंह ने 2015 से संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने छात्रों और युवाओं के बीच राजनीतिक जागरूकता फैलाने, चुनावी प्रक्रियाओं में भाग लेने और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा संगठन के हितों को प्राथमिकता दी और अपने पद का किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए उपयोग नहीं किया। उन्होंने संगठन में हाल के दिनों में पारदर्शिता की कमी और आंतरिक गुटबाजी पर दुख जताया। इसके कारण कई सक्रिय कार्यकर्ता संगठन से अलग हो गए। नीतिश सिंह ने आशा व्यक्त की कि संगठन इन समस्याओं का समाधान करेगा और मूल उद्देश्यों की ओर लौटेगा। अपने भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए, नीतिश सिंह ने कहा कि वे अब स्वतंत्र रूप से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेकर समाज की सेवा करेंगे।

### वैश्य मोर्चा के कोषाध्यक्ष की माता का निधन



**रांची** : झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहु की माताजी पार्वती देवी (82 वर्ष) का 15 जनवरी की रात को पुस्तैनी आवास ग्राम- बलकुदरा (पतरातू) में स्वर्गवास (निधन) हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। आज 16 जनवरी को ग्राम बलकुदरा स्थित नदी घाट में उनके पार्थिव शरीर का दाह संस्कार किया गया। राजेन्द्र प्रसाद साहु के माता जी के निधन पर वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद, संगठन सचिव राजाराम प्रसाद आदि ने शोक व्यक्त किया है। इधर 18 जनवरी को पतरातू डैम में होने वाले प्रशिक्षण शिविर सह परिवार मिलन समारोह को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। अगली कोर कमिटि की बैठक में आगे की तिथि पर विचार किया जाएगा।

### आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्विद्यालय के नव नियुक्त कुलसचिव को दी बधाई



**रांची** : गुरुवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के एक प्रतिनिधिमंडल रांची विश्विद्यालय के नव नियुक्त कुलसचिव डॉ चरण साहू सर से मिलकर पुष्पगुच्छ देखकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया एवं उनके कार्यकाल में छात्र हित में पूरी निष्ठा पूर्वक काम करने एवं छात्रों से संबंधित सभी तरह के निराकरण करने की बात की। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार, संगठन सचिव २. अली, प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, अजित कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### भू-राजस्व मंत्री ने राजस्व संग्रहण पर वर्चुअल बैठक में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

# अब आमजन बार कोड के माध्यम से कटा सकेंगे जमीन की रसीदें : दीपक बिरुआ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि जमीन सम्बन्धित मुद्दों पर आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व संग्रहण किया जाये। इसलिए म्यूटेशन समेत अन्य जमीन सम्बन्धित कार्यों को राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में लायें। अधिकारी ऐसे कार्यों को ससमय पूरा कराने की दिशा में काम करें, ताकि आमजनों को बेहतर सुविधा मिल सके और सरकार के राजस्व संग्रहण में वृद्धि हो सके। मंत्री दीपक बिरूआ प्रोजेक्ट भवन स्थित अपने विभागीय कार्यालय में गुरुवार को सभी प्रमंडलीय आयुक्त और विभागीय सचिव के साथ वर्चुअल बैठक में निर्देश देते हुए बोल रहे थे। श्री बिरुआ ने कहा कि अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने के लिए भी लोगों को कचहरी और कर्मचारियों के कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसलिए अब राज्यवासियों को बार कोड की सुविधा मिलेगी। इसके माध्यम से लोग मोबाइल से ही अपनी जमीन की रसीद काट सकेंगे। विभाग इस पर आगे की कार्यवाही करेगा। उन्होंने कहा कि बार कोड के जरिये रसीद कटने पर लोगों को रसीद कटवाने के लिए यहां-वहां जाने की जरूरत नहीं होगी। बैठक में चाईबासा आयुक्त द्वारा जमशेदपुर जिले की कम्पनियों से दो हजार करोड़ राशि के बकाया वसूली करने का प्रस्ताव सामने आया। इस पर मंत्री ने तत्काल मामले पर संज्ञान लेते हुए उस पर आगे की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले हैं, जहां से राजस्व वसूली होने पर राज्य की राजस्व में बढ़ोतरी होगी, लेकिन इस पर काम करने की जरूरत है। मौके पर मंत्री ने सरकारी जमीन के कब्जे मामले में भी सख्ती दिखाते हुए निर्देश दिये हैं कि सरकारी जमीन पर जमाबंदी कायम है या नहीं, इसकी सूची तैयार करें। उन्होंने कहा कि हरमू नदी किनारे भी अनावश्यक रूप से कब्जा कर नदी को समाप्ति के कगार पर छोड़ा जा रहा है। इस पर विभागीय स्तर पर चर्चा कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। बैठक में इसके अलावे लम्बित म्यूटेशन की कठिनाइयों को दूर कर जमीन सम्बन्धित राजस्व संग्रहण को सहूलियत बनाने, खासमहल जमीन के रिन्यूअल कराने के सुझाव पर अमल किये जाने, सैरात की वसूली को सुविधाजनक बनाने, नीलाम पत्र वाद के निष्पादन पर खास निर्देश देने, लम्बित कोर्ट केस की नियमित समीक्षा कर वरीय पदाधिकारियों द्वारा उसके अविलम्ब निष्पादन किये जाने, अंचल कार्यालयों में निरीक्षण करने समेत राजस्व बढ़ाने जैसे अन्य महत्त्वपूर्ण मामलों में दिशा निर्देश दिये। वर्चुअल बैठक में मंत्री ने रांची प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी मिश्रा, हजारीबाग प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार, पलामू प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा, दुमका प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल, चाईबासा प्रमंडलीय आयुक्त हरिप्रसाद केसरी के आये सुझाव पर अमल करने के निर्देश दिये। मौके पर मुख्य रूप से मंत्री दीपक बिरुआ के अलावा पांचों प्रमंडलीय आयुक्त, विभागीय प्रधान सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशिप्रकाश झा समेत अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

## रांची नगर निगम के अपर प्रशासक फिल्यूईस बारला के आकस्मिक निधन पर शोक सभा

- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री समेत अन्य ने श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का रखा मौन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री ने गुरुवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में जिला के सभी वरीय पदाधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ रांची नगर निगम के अपर प्रशासक फिल्यूईस बारला के आकस्मिक निधन को लेकर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा। उपायुक्त ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं ईश्वर उनके परिवार को इस दुखद घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करे।

### काजू पैकिंग के नाम पर रोजगार दिये जाने के सम्बन्ध में जांच के आदेश

# महत्त्वपूर्ण दस्तावेज शेयर करने में बरतें सावधानी : डीसी



मंजूनाथ भजन्त्री

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से रांची के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में चांदूर बंधु मिलन कल्याण कमिटि द्वारा महिलाओं को रोजगार प्रदान किये जाने की सूचना प्राप्त हुई है। उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा इस संबंध में लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गयी है। उन्होंने आम लोगों से इसकी सूचना जिला प्रशासन को देने के साथ अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे आधार, पैन कार्ड, बैक डिटेल एवं पैसे के लेन-देन में पूरी सावधानी बरतने की अपील की गयी है। उपायुक्त, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा इस संबंध में श्रम अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस एवं श्रम अधीक्षक को जांच के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने पदाधिकारियों को जांच कर मामला फर्जी पाये जाने पर उचित कानूनी कार्रवाई करने को कहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिलाओं से काजू पैकिंग के नाम पर रोजगार दिये जाने की बात कही जा रही है। उक्त समिति (जो हुगली में रजिस्टर्ड बताया जा रहा है, रजिस्ट्रेशन नंबर- र/1छ/2025) के सदस्यों द्वारा महिलाओं से आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक डिटेल लिये जा रहे हैं। समिति द्वारा 07 जनवरी 2025 को कांके के गौशाला मैदान में जनसभा आयोजित करने की भी बात कही गयी है। इस संबंध में जो पत्र जारी किया गया है उसमें भी कई अशुद्धियां हैं।

### केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने सीएसडी मुख्यालय का किया दौरा



**रांची** : अपनी दो दिवसीय मुंबई यात्रा के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार ने सीएसडी मुख्यालय का दौरा किया। यहां की कार्यप्रणाली और व्यवस्था को देखा। रक्षा क्षेत्र में चल रहे आधुनिकीकरण व अन्य कार्यों की समीक्षा किया। अधिकारियों से कई विषयों पर सकारात्मक बातचीत हुई।

## जरूरतमंदों व पिछड़े वर्ग के लोगों के बीच बंटे कम्बल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : चारिटेबल चार्म्स ने समाज के कमजोर वर्ग के लिए एक और सराहनीय कदम उठाते हुए हजारों जरुरतमंदों और पिछड़े वर्ग के लोगों के बीच कंबल वितरित किए। इस नेक कार्य से सर्दी में ठिठुरते लोगों को राहत मिली और एक सकारात्मक संदेश समाज में फैलने का काम किया गया। इस वितरण कार्यक्रम का आयोजन चारिटेबल चार्म्स की चेयरपर्सन डॉ. ख्याति मुञ्जल की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में डॉ. ख्याति मुञ्जल ने कहा, हमारा उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक पहुंचना है, जो सर्दियों में ठंड से परेशान होते हैं। इस पहल से हम उन्हें थोड़ी सी राहत देने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी संस्था हमेशा से समाज में बदलाव लाने के लिए काम करती रही है, और यह कदम उस दिशा में एक और प्रयास है। डॉ. ख्याति मुञ्जल ने आगे कहा, हमारे कार्यों का मूल उद्देश्य समाज के हर तबके तक सहायता पहुंचाना है, और हम सभी को मिलकर ऐसी पहलें करते रहनी चाहिए, ताकि हम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकें। इस अभियान के तहत हजारों लोगों को लाभ हुआ है और हम आगे भी ऐसे कार्यों को जारी रखेंगे। कार्यक्रम में चारिटेबल चार्म्स की पब्लिक रिलेशन चेयरपर्सन रुपम झा ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, यह समय की आवश्यकता है कि हम ऐसे कार्यों में अधिक से अधिक भागीदारी करें। सर्दियों में गरीब और जरूरतमंदों को गर्मी प्रदान करने के लिए कंबल वितरण एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है।

## मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने की गो सेवा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40 वें स्थापना दिवस को वृहत रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर झारखंड प्रांत द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सात दिवसीय कार्यक्रम में दूसरे दिन गो सेवा के अंतर्गत अप्पर बाजार स्थित गोरखनाथ लेन में गुरुवार को गो सेवा करायी गयी। गो माता को हरी सब्जी, रोटी और गुड़ खिलाये गये। यह सेवा कोमल पोद्दार जी की तरफ से करायी गयी। इसमें भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, आशा संथालिया, डॉली बंसल एवं अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

# एनुअल स्पोर्ट्स मीट में जीटीटीसी के ट्रेनी टीचर्स दिखायेंगे अपनी प्रतिभा : डॉ. समीर चौधरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : गुरुवार को राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन में सत्र 2023 25 एवं 2024 26 के ट्रेनी टीचर्स के लिए आगामी 21 जनवरी 2024 को आयोजित होने वार्षिक खेल सप्ताह के लिए विभिन्न खेलों का ग्रुप तैयार किया गया। जिसमें सत्र 2024 26 के अल्बर्ट एक्का ग्रुप जिसके प्रमुख अभिषेक सिंह, जयपाल सिंह मुंडा ग्रुप प्रमुख रंजीत भारती, बिरसा मुंडा ग्रुप प्रमुख प्रदीप सोरेन, वीर बुद्धू भगत ग्रुप प्रमुख रॉबिन मुर्मू रहेंगे साथ ही सत्र 2023 25 के सिद्धू कान्हा ग्रुप प्रमुख भानु प्रकाश, नीलांबर पीतांबर ग्रुप प्रमुख अभिषेक, शहीद शेख भिखारी ग्रुप प्रमुख अमित राम चयनित हुए। महाविद्यालय के योगा एवं खेल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ समीर चौधरी, प्रो राकेश कुमार यादव ने बतलाया कि हर वर्ष महाविद्यालय में खेल सप्ताह मनाया जाता है जिसका उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अलका जायसवाल करेंगी। साथ ही उन्होंने यह भी बतलाया कि प्रशिक्षुओं के उत्साहवर्धन के लिए हर दिन राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। खेल सप्ताह में आउटडोर क्रिकेट, वॉली बोल, 100 मीटर दौड, लॉन्ग जंप, हाइ जंप, गोला फेंक, कबड्डी आदि एवं इनडोर बैडमिंटन, शतरंज आदि दोनों प्रकार के खेलों की प्रतियोगिता होगी जिसमें दोनों सत्र के प्रशिक्षु शिक्षकों की सहभागिता होगी। डॉ समीर ने बतलाया कि प्रशिक्षु शिक्षकों में खेल के प्रति रुचि होती है और उनके रुचि को ध्यान में रखते हुए खेल के नियम, खेल का मैदान निर्माण, मापा आदि सीखने का मौका मिलता है एवं टीम स्पिरिट, खेल भावना के साथ साथ खेल भावना का विकास होता है। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी जिसमें डॉ रमण झा, डॉ रितेश महतो, डॉ ओम प्रकाश तिवारी, प्रो धनंजय तिवारी, डॉ मजहरूल हक, प्रो पंकज मेहता, डॉ ओम प्रकाश सहित प्रशिक्षु प्रवीण, पप्पू दास, रामकृष्ण, विशाल महतो, पुरूषोतम, छात्र संसद के खेल मंत्री लेकिन महतो का मार्गदर्शन रहेगा।

## 9वें राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर भारतीय स्टार्टअप एसोसिएशन ने 2025 के लिए लिया नया संकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भारतीय स्टार्टअप एसोसिएशन ने झारखंड में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा की है। इसके तहत रांची विश्वविद्यालय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय और अन्य इच्छुक विश्वविद्यालयों को इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने में सहायता दी जाएगी। यह कदम उभरते उद्यमियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर क्षेत्र में एक सशक्त स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

**उद्यमियों के लिए एक नयी उम्मीद**

**इनक्यूबेशन** सेंटर प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, फंडिंग और अत्याधुनिक तकनीक तक पहुंच प्रदान करने वाले केंद्र के रूप में कार्य करेंगे। ये केंद्र अकादमिक और उद्योग के बीच एक सेतु का काम करेंगे, जिससे छात्र और शोधकर्ता अपने विचारों को व्यावसायिक रूप से उपयोगी उद्यमों में बदल सकें। क्रवअ का लक्ष्य स्थानीय विश्वविद्यालयों, उद्योगों और नीति-निमार्ताओं के साथ मिलकर स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है।

### रांची विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा से मिला झारखंड एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल, कहा

## पी.जी विभागों के शिक्षक-शिक्षिकाओं की मनमानी पर लगायी जाये रोक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि आप जो पी.जी सेमेस्टर 4 में डिजरटेशन प्रोजेक्ट रिपोर्ट के 100 अंक पी.जी विभाग के शिक्षक अपने हाथों में पूरा मार्क्स फाइल रक्खे है, नियम अनुसार वो गलत है। हर महाविद्यालय से छात्र-छात्राओं को पी.जी विभाग बुलाया जाता है, जबकि जिस महाविधालय के हार्नेस डिपार्टमेंट में 50 से जायदा विद्यार्थियों हो वहां पी.जी के शिक्षकों को जाना चाहिए वाइवा लेने के लिए। और जो डिजरटेशन रिपोर्ट में वाइवा में 30 अंक जो एक्टरनल के हाथों में होता है, उसे ये लोग पूरा 100 अंक अपने हाथों में रखे हुए है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मांग करती है कि अगर 70 अंक प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर है तो 70 अंक महाविद्यालय के हाथों में होना चाहिए और वाइवा लेने का अधिकार संबंधित कॉलेज को होना चाहिए। 70 अंक और 30 अंक दोनों पी.जी विभाग अपने हाथों में रखा हुआ है, जो कि गलत है। विवि प्रशासन इस पर विचार करे एवं छात्रहित में उचित निर्णय जल्द ले और लिखित आदेश निकाले ताकि पी.जी विभाग के शिक्षक शिक्षिकाओं का मन न बढ़े और वें सभी लोग छात्र छात्राओं के प्रति सहानभूति रखें एवं विनम्र रहे। कुलपति ने तत्काल उक्त मामले को परीक्षा नियंत्रक डॉ.विकास कुमार के संज्ञान में दिया और इस मामले को गंभीरता से देखने को कहा। मौके पर पूर्व जिला महासचिव प्रिंस राज, पूर्व जिला सचिव सरफराज अहमद, गुलशन कुमार, आर्यन सिंह, रोहित कुमार आदि छात्र नेतागण उपस्थित थे।

# वित्त मंत्री राधाकृष्णा किशोर ने किया गोल्डन ट्री रेस्ट्रो का भव्य उद्घाटन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : नया और अनोखा रेस्तरां 'गोल्डन ट्री रेस्ट्रो' का उद्घाटन झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने किया। यह प्रतिष्ठान श्याम आर्केड, अरसंडे, मोरहाबादी में स्थित है और पोटपोटो नदी के किनारे बोरिया रोड पर स्थित है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर थे, जिन्होंने रेस्तरां के संचालन के लिए संचालकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह रेस्तरां न केवल स्वाद में विविधता लेकर आया है, बल्कि यह राज्य को जीएसटी के रूप में आर्थिक योगदान भी देगा। रेस्तरां के संचालक मनमोहन चौधरी और राकेश रॉय ने बताया कि गोल्डन ट्री रेस्ट्रो में भारतीय, चीनी, इटालियन, तंदूरी, कॉन्टिनेंटल और अन्य बहु-व्यंजन विशेषताएं हैं, जो रांची के खाने के शौकिनों को एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करेंगी। विशेष रूप से, रेस्टोरेंट में ग्राहकों के लिए एक अद्वितीय अनुभव है, जहां टेबल से एक लाइट बाहर आएगी, जो ग्राहकों को एक जादुई अनुभव देगी। रेस्तरां ने पांच किलोमीटर के दायरे में फ्री होम डिलीवरी की सुविधा भी शुरू की है, जबकि पूरे रांची शहर में डिलीवरी शुल्क के साथ सेवा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही, गोल्डन ट्री रेस्ट्रो स्विग्गी और जोमैटो के साथ भी टाईअप कर चुका है, जिससे ग्राहक अपने पसंदीदा व्यंजन घर बैठे मंगवा सकते हैं। रेस्तरां सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक ग्राहकों के लिए खुलेगा। मौके पर रेस्टोरेंट के मुख्य शेफ बुद्धदेव कुमार और कोऑर्डिनेटर शेफ उमेश लाल, लक्ष्मण चौधरी, स्टेट ट्रांसपोर्ट अप्रेसेंट ट्रिब्यूनल प्रेसडिंग ऑफिसर, जज दिव्या राघव, आजसू नेता प्रवीण प्रभाकर, डीएसपी राधा कृष्ण प्रेम किशोर, दीपक ओझा, संजय, सोमा उरांव और अन्य विशिष्ट लोग भी मौजूद थे।

### दो लड़कियों के अपहरण मामले को लेकर पुलिस ने की प्रेस वार्ता

# पुलिस ने लड़कियों के प्रेमी सहित 05 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : दो लड़कियों के अपहरण की कहानी का रांची पुलिस ने गुरुवार को पटाक्षेप कर दिया है। पुलिस की जांच में पाया गया कि लड़कियों का अपहरण हुआ ही नहीं था। प्यार के चक्कर में लड़कियां अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थीं, लेकिन परिजनों और मोहल्लेवालों ने 5 दिनों तक पुलिस की नींद उड़ा रखी थी। मामले में पुलिस ने लड़कियों के प्रेमी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**मामला प्रेम प्रसंग का निकला**

**रांची** पुलिस ने दो लड़कियों के अपहरण के मामले की गुत्थी सुलझा ली है। अपहरण का पूरा मामला पुलिस की जांच में फर्जी निकला। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पूरी प्लानिंग के साथ दोनों लड़कियां घर से फरार हुईं थीं। इस मामले में मुख्य आरोपी मो इस्माइल सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**परिजनों से शादी से किया था इनकार**

**जांच** में यह बात भी सामने आई है कि पकड़े गए युवक के साथ बड़ी बहन का प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन लड़की के परिजनों ने युवक से अपनी पुत्री की शादी करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद ही दोनों बहनों ने मिलकर उस युवक के साथ फरार होने की पूरी योजना बनायी और अपहरण की झूठी कहानी रच प्रेमी के साथ फरार हो गईं।

**मामले में पुलिस ने किया बेहतरीन काम**

**रांची** के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि जिस तरह से दोनों लड़कियों ने अपने परिजनों को फोन कर यह बताया था कि उनका अपहरण कर लिया गया है। जानकारी मिलने पर रांची पुलिस का पूरा अमला ही चौकस हो गया। पुलिस रात भर लड़कियों के मोबाइल लोकेशन के आधार पर छापेमारी करती रही। इस दौरान आधा दर्जन से ज्यादा ट्रेनों को भी खंगाला गया, जिसमें रेल पुलिस ने भी पूरा सहयोग दिया।

**दोनों लड़कियां भाग गयी थीं कर्नाटक**

**टेक्निकल** सेल और सीसीटीवी के माध्यम से रांची पुलिस को यह जानकारी मिली कि दोनों लड़कियां कार से एक लड़के के साथ बूटी मोड़, फिर ओरमांझी से होते हुए चितरपुर पहुंची थीं और वहां से कोडरमा, वाराणसी होते हुए ट्रेन से कर्नाटक चली गयी।

**कर्नाटक पुलिस से सहयोग लिया गया**

**मामले** की गंभीरता को देखते हुए रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने तुरंत कर्नाटक के एडीजी और पुलिस अधीक्षक कोपल से सहयोग के लिए अनुरोध किया। कर्नाटक पुलिस के सहयोग से ही दोनों लड़कियों को बरामद किया गया और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## रांची में सुरक्षा व अग्निशमन सेवाओं के प्रमुखों की कार्यशाला हुई आयोजित




**रांची** : सेल सुरक्षा संगठन (एसएसओ) द्वारा एमटीआई, रांची में सुरक्षा और अग्निशमन सेवाओं के प्रमुखों की एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अनूप कुमार, कार्यकारी निदेशक (एसएसओ) ने की। सेल की एकीकृत इस्पात संयंत्रों और इकाइयों के साथ-साथ खदानों के सीजीएम और सुरक्षा प्रमुखों ने इसमें भाग लिया। कार्यशाला के आरंभ में, ईडी (एसएसओ) ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और उल्लेख किया कि हर दिन, हम ज्ञात से अज्ञात की ओर बढ़ रहे हैं, और जो अज्ञात है उससे लगातार विकसित होने वाले खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए गहन ज्ञान और समझ के साथ पहचानने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि उभरते खतरों को ध्यान में रखते हुए एसओपी और एसएमपी की समय-समय पर समीक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि संयंत्र की जनसांख्यिकी तेजी से बदल रही है, जिसमें संविदा कर्मियों की संख्या बढ़ रही है, जिनके पास कम कार्य अनुभव होता है।

## बीएमएमएसएच अस्पताल में करिया मुंडा का हुआ इलाज, स्वास्थ्य में सुधार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : करिया मुंडा को 7 जनवरी 2025 को बीएमएमएसएच अस्पताल में गंभीर स्थिति में भर्ती किया गया था, जिसमें चेतना में बदलाव, कमजोरी, सुस्तीपन, बुखार और कम ऑक्सीजन स्तर शामिल थे। प्रारंभिक जांचों में पता चला कि उनका सोडियम लेवल अत्यधिक कम था और शरीर में इन्फेक्शन का स्तर भी बहुत अधिक था। छाती का x-ray करने पर यह पाया गया कि इन्फेक्शन छाती तक फैल चुका था। करिया मुंडा का इलाज डॉ. विजय कुमार मिश्रा, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. विशाल और डॉ. मनोज की देखरेख में तुरंत शुरू किया गया। इलाज में नियमित दवाइयां, ऑक्सीजन सपोर्ट और एंटीबायोटिक्स का उपयोग किया गया। समय के साथ उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ और उनकी स्थिति अब स्थिर हो गयी है। अब करिया मुंडा का स्वास्थ्य स्थिर है और परिवार के अनुरोध पर उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र (हायर सेंटर) रेफर किया जा रहा है। हम करिया मुंडा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

## एक झलक

### पुलिस ने भगहर में आरोपी के घर ढोल बजा कर इश्तिहार चिपकाया

**चौपारण** : चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत भगहर गांव में पुलिस ने कांड संख्या 368/24 जो कि पोक्सो एक्ट से संबंधित है के फरार अभियुक्त संदीप यादव ऊर्फ मधु पिता राजेन्द्र यादव के घर पर ढोल बजाकर इश्तहार चिपकाया। इश्तहार चिपकाते समय पुलिस के द्वारा यह हिदायत दी गई कि यदि अभियुक्त न्यायालय में आत्म समर्पण नहीं करता है तो ऐसी स्थिति में अभियुक्त के मकान को न्यायालय के आदेश के अनुसार कुर्क किया जायेगा। इश्तहार चिपकाने के बाद बाद पुलिस ने इस बात का ऐलान किया कि अभियुक्त संदीप यादव को यह आखिरी अवसर दिया गया है कि वह न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो। यदि वह आदेश का अनुपालन नहीं करता है तो ऐसी स्थिति में अगली कार्रवाई कुर्की जब्ती की होगी।

### सामुदायिक अस्पताल का एसडीओ ने किया औचक निरीक्षण, एक चिकित्सक मिला गायब

**चौपारण** : प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बरही एसडीओ जोहन टुडू एवं चौपारण सीओ संजय यादव ने बृहस्पतिवार औचक निरीक्षण किया। सामुदायिक अस्पताल में एसडीओ के पहुंचते ही स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। एसडीओ एवं सीओ सीधे अपने गाड़ी से उतर कर आपातकालीन सेवा में उपस्थित चिकित्सक कक्ष में गये जहां पर उपस्थित चिकित्सकों के साथ साथ स्वास्थ्य कर्मी की भी उपस्थिति पंजी का जांच किया। हालांकि उपस्थिति पंजी के अनुसार एक चिकित्सक हाजिरी बनाकर गायब पाये गये। गौरतलब हो कि सामुदायिक अस्पताल की सबसे कमजोर कड़ी चिकित्सक की उपस्थित नहीं होने से लोगों को सुविधा नहीं मिल पता है। वही एसडीओ ने गायब चिकित्सक का एक दिन का वेतन काटते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गयी है।

### डीवीसी ने प्राप्त दाखिल खारिज के आवेदन के सम्बन्ध में जारी आम इश्तिहार

**विष्णुगढ़** : दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) कोनार डैम द्वारा विभिन्न एल०ए० केस अधिग्रहित भूमि के दाखिल खारिज हेतु प्राप्त आवेदन के संबंध में विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय द्वारा 15 जनवरी को आम इश्तहार जारी किया गया। आम इश्तहार के माध्यम से विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी नित्यानंद दास ने आम जनों को सूचित करते हुए कहा कि विष्णुगढ़ अंचल क्षेत्र अंतर्गत मौजा बनासो, गरमुर्गी, हेठली मुरगांव, खरखुंदो, अलखरी खुर्द, जरिया महतोइया, मानगो महुआटांड़, चितरामो, जमनीजारा, तिलैया, लहरियाडीह, अरजरी एवं गोविंदपुर खुर्द में डीवीसी कोनार डैम के द्वारा एल०ए० केस अधिग्रहित भूमि का दाखिल खारिज हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें पुनर्वास क्षेत्र के 17 एवं जलमग्न और परियोजना क्षेत्र के 08 प्लॉट शामिल हैं। वर्णित मौजा के एल0ए0 केस से संबंधित दस्तावेज अंचल कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे।

### श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों के लिए यातायात की उत्तम सुविधा

**बरही** : प्रखण्ड अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल ने विद्यार्थियों के लिए याता यात सुविधा को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। स्कूल प्रशासन ने विद्यार्थियों की यात्रा को सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक बनाने के लिए एसी बस सेवा शुरू की है। इस अवसर पर प्राचार्य रोहित सिंह ने संयुक्त रूप से इस नई सुविधा का शुभारंभ किया। सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे स्कूल और विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। स्कूल प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि बस में बच्चों की सुरक्षा और आराम का विशेष ध्यान रखा जाए। बस में एसी, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा और प्राथमिक चिकित्सा किट जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, बस में योग्य और प्रशिक्षित चालक एवं सहायक स्टाफ की तैनाती की गई है। इस पहल से छात्रों और अभिभावकों के बीच खुशी की लहर है।

# टुसू मिलन सह शोभा यात्रा समारोह धूमधाम से सम्पन्न

**बैठक**

**मनोज कुमार**

**चरही** : आदिवासी कुडमि समाज जिला हजारीबाग कमिटी चरही के बैनर तले टुसू मिलन समारोह परब बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम बहेरा, हेंदेगढ़ा, चरही, सडबाहा गांव गांव से टुसू रूपी चौडल बना कर नाचते गाते इंदिरा मकर संक्रांति मेला बुधवार को पहुंचे। सामुहिक रूप से पूजा-पासा किया गया। पूजा के सामुहिक रूप से नाचगान किए और प्रसाद प्राप्त किए अंत में दूसू का भसायन किऐ बोकारो नदी मे किया गया महिला समाजसेवी सुमित्रा देवी ललिता देवी, आशा राय कुंती देवी गुलंचो देवी मादुरी



देवी शांति देवी परमेश्वर महतो, चूरमान महतो दीप नारायण महतो, दिनेश्वर महतो राजकुमर महतो अजय महतो मोहन महतो बासुदेव महतो महेश महतो ने संबोधित करते हुए बताया कि टुसू पर्व झारखंड के कुडमि और आदिवासियों का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। यह जाड़ों में फसल कटने के बाद पौष के महीने में मनाया जाता है। यह पर्व 15 दिसंबर से लेकर मकर संक्राति तक लगभग एक महीने तक मनाया जाता है। दूसु का शाब्दिक अर्थ कुंवारी है। वैसे तो झारखंड के सभी पर्व-त्योहार प्रकृति से जुड़े हुए हैं, लेकिन टुसू पर्व का महत्व कुछ और ही है। दुसु पर्व का क्या है इतिहास टुसू पर्व के इतिहास का कुछ खास लिखित स्वोत नहीं है लेकिन इस पर्व में बहुत से कर्मकांड होते हैं और यह अत्यंत ही रंगीन और जीवन से परिपूर्ण त्यौहार है। मकर संक्राति के अवसर पर मनाये जाने वाले इस त्योहार के दिन पूरे कूड़मी, आदिवासि समुदाय द्वारा अपने नाच-गानों और मकर संक्रांति पर सुबह नदी में स्नान कर उगते सूरज की प्रार्थना करके दुसु की पूजा की जाती है। और नववर्ष की समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाती है। इस प्रकार यह आस्था का पर्व ब्रद्धा, भक्ति और आनंद से परिपूर्ण कर देती हैं। कहां-कहां मनाया जाता हैजय टुसू पर्व मकर परब कुडमालि जोहार सागुन जोहार टुसू पर्व झारखंड के दक्षिण पूर्व रांची, खूंटी, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, में शुभारंभ किया गया है जिलों और पंचपरना क्षेत्र की प्रमुख पर्व है। साथ ही झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, मिदनापुर व बांकुड़ा जिलों, ओडिशा के क्योंझर, मयूरभंज, बारीपदा जिलों में मनाया जाता है। इस उत्सव को अपन संक्रांति (15 दिसंबर) से लेकर मकर संक्राति (14 जनवरी) तक इसे कुंवारी कन्याओं के द्वारा टुसू पूजन के रूप में मनाया जाता है। घर की कुकुंवारी कन्याएं प्रतिदिन संध्या समय में टुसू की पूजा करती हैं। गांव की कुंवारी कन्याएं टुसू की मूर्ति बनाती हैं। इसी मूर्ति के चारों ओर सजावट करती हैं और फिर धूप, दीप के साथ टुसू की पूजा करती है।

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव मकर संक्रांति मेले में हुए शामिल



**बड़कागांव** : मकर संक्रांति के अवसर पर बुधवार को प्रखंड अंतर्गत पंचायत बादम में मां पंच वाहिनी मंदिर में मेला के आयोजन पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव शामिल हुए एवम मां पंच वाहिनी का दर्शन कर क्षेत्र की खुशयाली-शांति के लिए माता से प्रार्थना करने के बाद देव रूपी जनता का अभिवादन किए। मौके पर मुख्य रूप से मुरली महतो, जग्गी महतो, वीरेंद्र महतो, अशोक कुमार, उमाशंकर कुमार अन्य लोग शामिल थें। गांव की कुंवारी कन्याएं टुसू की मूर्ति बनाती हैं। इसी मूर्ति के चारों ओर सजावट करती हैं और फिर धूप, दीप के

# मशरूम की खेती व उत्पादन को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग की ओर से मशरूम की खेती एवं उत्पादन को लेकर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार को विश्वविद्यालय सभागार में हुई। बता दें कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मशरूम के अलग-अलग प्रकार के पहचान की तकनीक और मशरूम की पैदावार को बेहतर बनाने के आवश्यक तत्वों को विस्तार पूर्वक बताया जाएगा। साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान की जाएगी। इससे पूर्व कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन गुरुवार को कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि आत्मा हजारीबाग के परियोजना निदेशक विल्सन आनंद कुजूर, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय चावल अनुसंधान हजारीबाग के वरीय वैज्ञानिक डॉ अनीता बनर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार तीन दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा बतायी और कहा कि झारखंड की जलवायु मशरूम की खेती के लिए उपयुक्त है। साथ ही मशरूम के पैदावार के नए तकनीक से घर के अंदर भी मशरूम का उत्तम पैदावार की जा सकती है। इससे जुड़ी तमाम तकनीकों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया जाएगा। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से समय-समय पर ऐसे कार्यशाला का आयोजन कराया जाता है ताकि आधुनिक तकनीकों से लोग अवगत हो सके और उसे कृषि कार्यों में अपनाकर ना केवल किसान अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर कर सके बल्कि उन्नत और रासायन मुक्त पैदावार भी कर सके, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक ना हो।

# विधायक ने जरूरतमंदों के बीच किया कम्बल का वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : विधायक मनोज कुमार यादव ने ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करने के उद्देश्य से करसो पंचायत के खैराटीला में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने 40 लाभुकों को कंबल वितरित किए और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विधायक मनोज यादव ने कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना हमारा दायित्व है। मेरी कोशिश है कि हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचे। सरकार और प्रशासन के माध्यम से भी गरीबों को हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक ने आगे कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास कार्यों को



प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने स्थानीय जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने का वादा किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया समशेर आलम, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, मुखिया प्रत्याशी रहे राजकुमार केशरी, राजकुमार यादव, युगल यादव, अशोक यादव, अमित कुमार उर्फ पम्मम, सचिन यादव, संतोष निषाद, अजित रविदास, टिंकू आलम, ज्योतिष यादव, बुधन भुइयां समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। इस कंबल वितरण कार्यक्रम ने न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई, बल्कि विधायक मनोज यादव की सामाजिक और संवेदनशील छवि को और मजबूत किया।

### बीडीओ ने जरूरतमंदों के बीच किया कम्बल वितरण

**कटकमसांडी** : बढ़ते ठंड को देखते हुए सीओ सह बीडीओ अनिल कुमार गुप्ता ने कंडसार में मुखिया के साथ मिलकर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। इस मौके पर मुखिया वीणा देवी, मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, उपमुखिया राकेश कुमार सिंह, जेई अझय कुमार व वार्ड सदस्यगण उपस्थित थे। मौके पर बीडीओ श्री गुप्ता ने कहा कि सरकार की ओर से दी जाने वाली कंबल हर जरूरतमंद लोगों को मिलेगी। यह वितरण कार्यक्रम प्रखंड के हर पंचायतों मे जारी है। कंबल का सदुपयोग कर ठंड से निजात पायें।

# नये कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन समारोह में अम्बा प्रसाद हुई शामिल



**बड़कागांव** : कांग्रेस पार्टी का इंदिरा भवन के नाम से बने नए पार्टी कार्यालय का उद्घाटन में बड़कागांव की पूर्व विधायक राष्ट्रीय सचिव सब बंगाल सह प्रभारी अंबा प्रसाद शामिल हुई। कार्यक्रम में संगठन के वरीय नेता कांग्रेस पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्र प्रेषित कर पूर्व विधायक को उद्घाटन समारोह में शामिल होने का न्योता दिया था। अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर कहा की इंदिरा भवन के नाम से कांग्रेस का स्थाई दफ्तर बनकर तैयार है और पूर्व प्रधानमंत्री महिलाओं के रोल मॉडल पहले प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम पर भवन का नाम रखा गया है जो कि हमारी पार्टी के महिलाओं के प्रति सम्मान और आधार की भावना को प्रदर्शित करती है। कांग्रेस के नये भवन में बड़कागांव के पूर्व विधायक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की वर्तमान राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद का एक कार्यालय भी आवंटित किया गया है जहां पार्टी की गतिविधियों से जुड़े संगठनात्मक कार्य किये जायेंगे।

### कोयलांचल नागरिक विकास मंच ने जदयू विधायक का किया अभिनंदन

**धनबाद** : गुरुवार को धनबाद में जनता दलयू के जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय का विवाह भवन में आयोजित समारोह में कोयलांचल नागरिक विकास मंच की ओर से धनबाद में हार्दिक अभिनंदन व स्वागत किया गया। जिसमें जनता दल यू के धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह अपने पार्टी के प्रखंड, नगर तथा जिला के पदाधिकारियों के साथ अभिनंदन समारोह में धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराई।

# याद किये गये टेस्ट ट्यूब बेबी के जनक डॉ. सुभाष मुखोपाध्याय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : प्रख्यात चिकित्सक तथा टेस्ट ट्यूब बेबी के जनक डॉ सुभाष मुखोपाध्याय की जयंती के अवसर पर हजारीबाग निवासियों ने बृहस्पतिवार को उनको याद किया गया। सदर अस्पताल परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर आज पूर्वाहन 9:00 बजे माल्यार्पण तथा पुष्पार्पण किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसीएशन, हजारीबाग के सचिव डॉ तीर्थोजित मैत्रा, यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी के सचिव अधिवक्ता शंकर बनर्जी, हजारीबाग बेंगली एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा तथा सचिव सोमनाथ कुनार ने सर्वप्रथम प्रतिमा पर संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया। इस अवसर पर डॉ रजत चक्रवर्ती, डॉ काकोली रॉय मैत्रा, डॉक्टर सौम्या, डॉ देवाशीष नदी, वर्षा दे, बिकास चौधरी, आशीष चौधरी, सागरमय सरकार, पंकज महथा, इंद्रनील सरकार, चिन्मय सरकार, सोमनाथ दे, दीपक घोष, जयंतो बनर्जी, सुनील सिंह आदि ने प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक पुष्पार्पण किया। यूरोप के इटली से इंडियन मेडिकल एसोसीएशन, हजारीबाग के अध्यक्ष डॉ. सुजॉय सामंत ने डॉ सुभाष मुखोपाध्याय को याद करते हुए अपना संदेश भेजा। आज के आयोजन की व्यवस्था मे हजारीबाग के सिविल सर्जन डॉ सरयू प्रसाद सिंह तथा डॉ सुदीप्तो वेदराजन ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। ज्ञात हो की 1931 को हजारीबाग में जन्म लेने वाले डॉ सुभाष मुखोपाध्याय की महाविद्यालय तक की शिक्षा हजारीबाग में ही हुई। तत्पश्चात उन्होंने कोलकाता और विदेश मे मेडिकल की पढ़ाई की। अपने चिकित्सा जीवन में मां बनने के सौभाग्य से वंचित महिलाओं के व्यथा से वह बहुत अधिक विचलित हुए। उन्होंने इसी दिशा में शोध करना तथा ऐसी महिलाओं को माता बनने का अवसर उपलब्ध कराना अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। आगे चलकर उन्हें ख्याति तब मिली जब उन्होंने टेस्ट ट्यूब बेबी की व्यवस्था का इजाद किया।

# डॉ. अरुण कुमार सिंह ने तेजस मेडिकल एजेंसी का किया उद्घाटन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत हॉस्पिटल चौक में गुरुवार को तेजस मेडिकल एजेंसी का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के पश्चात तेजस मेडिकल एजेंसी का पुरोहित संजीत मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० अरुण कुमार सिंह ने कहा कि तेजस मेडिकल एजेंसी में सभी तरह के दवा उपलब्ध है। अब दुकानदारों को दवा के लिए बाहर जाना नही पड़ेगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे चिकित्सको को भी दवा के लिए बाहर जाने की जरूरत नही पड़ेगी। तेजस मेडिकल एजेंसी के संचालक बिक्की कुमार ने कहा कि मेडिकल दुकान खुलने से सुदूरवर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। साथ ही कहा कि मेरे मेडिकल में सभी प्रकार की दवा उपलब्ध है और उचित मूल्य पर मिलेगी । इस मौके पर प्रो० बिक्की कुमार, सौरभ कुमार, राजेन्द्र सोनी, जसीम अंसारी, उमेश महतो, यशवंत राणा, संजय सोनी, संजीत कुमार मिश्र, राहुल कुमार,सुधीर सोनी, डॉ०तिलेश्वर कुमार, अरविंद महतो काफी संख्या में संख्या में लोग मौजूद थे।

# सरस्वती पूजा व विदाई समारोह आयोजन को लेकर बैठक आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव** : बुधवार को झारखण्ड कॉलेज बड़कागांव मे सरस्वती पूजा मनाने एवं द्वितीय वर्ष इंटर के छात्र - छात्राओं को विदाई समारोह आयोजन को लेकर कॉलेज प्राचार्य बिनोद यादव की अध्यक्षता मे एक बैठक आयोजित की गई। जिसमे सर्व समिति से चिरंजन कुमार को अध्यक्ष एवं सचिन सोनी कुमारी कोषाध्यक्ष, गोपी कुमार यादव साथ कार्यकारिणी सदस्य मे प्रिया कुमारी, काजल कुमारी, आरती कुमारी, सुभाष कुमार, विक्रम कुमार को चुना गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया



गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कॉलेज प्रांगण में सरस्वती पूजा 2 फरवरी 20252 को मनाया जाएगा एवं 3 फरवरी 2025 को द्वितीय वर्ष के छात्राओं को विदाई समारोह आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि एवं पुलिस प्रशासनिक को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से कॉलेज प्रो. मोहम्मद शमशेर अंसारी, सूरज कुमार दास, रंजीत कुमार साहू, मोहम्मद मुदस्सर, धर्मनाथ कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### ग्यारह केबी तारों में सट रहे वृक्षों की टहनियों की हो रही है छंटाई

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत करोंज मोड़ से लेकर सातमाइल मोड़ तक सड़क किनारे अवस्थित पेड़ों के ऊपर गुजरी ग्यारह केबी के तार में सट रही टहनियां की छंटनी मांडू विधायक निर्मल कुमार महतो उर्फ तिवारी महतो की पहल पर की जा रही। मुख्यालय के सभागार में बीते शनिवार ग्यारह जनवरी, 2025 को पंचायत समिति सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। आयोजित इस बैठक में अनेक पहलुओं पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से पूरे प्रखंड में बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर रही। बताया गया कि लगभग दो वर्षों से बिजली विभाग द्वारा ग्यारह केबी के बिजली के तार और बिजली के पोल खड़े कर दिए गए हैं, लेकिन उन बिजली के तारों में बिजली प्रवाहित नहीं कि गई है।

# संचालित क्रेशर व पत्थर खदान का बरही एसडीओ, डीएसपी व सीओ ने किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : प्रखण्ड के पत्थर उद्योग के केंद्र ढाब सलोनिया में संचालित दर्जनों क्रशर एवं पत्थर खदान का औचक निरिक्षण करने गुरुवार को प्रसाशनिक अमला पहुंचा। जांच टीम को देखते ही लगभग क्रशर संचालक और खदान कर्मी मौके से फरार हो गए। टीम में शामिल में एसडीओ जोहन टुडु, डीएसपी अजित कुमार विमल, सीओ संजय कुमार यादव व अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने जांच में त्रुटियां पाई। जानकारी हो कि क्षेत्र से लगातार शिकायत मिल रही थी कि नियम कानून को ताक पर रखकर क्रशर उधोग संचालित हो रहा है। संचालको द्वारा पर्यावरण से खिलवाड़ किया जा रहा है एवं प्रदूषण को रोकथाम के लिए कोई व्यवस्था नही की गई है। क्रशर से उड़ने वाली डस्ट से आसपास गांव के लोगों के अलावा राहगीर भी परेशान है। खदान में हैवी ब्लास्टिंग से ग्रामीण परेशान हैं। पत्थर क्रशर और खदान आबादी से महज आधे किमी के दायरे में हैं। जांच के क्रम में एसडीओ ने चौपारण सीओ को सभी संचालित क्रशर की कागजात एवम पत्थर खदान के सीमांकन करने का आदेश दिया है। दो दिनों के अंदर क्रशर संचालक को नोटिस भेजकर पेपर मांग का आदेश दिया है। साथ ही वैध और अवैध क्रशर को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए खनन विभाग को पत्र प्रेषित करने का आदेश दिया।

# सांसद 101 निर्धन जोड़े का करायेंगे सामूहिक विवाह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 101 निर्धन जोड़ों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी जोर- शोर से शुरू कर दी गई है। सांसद मनीष जायसवाल खुद इस कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बनाने में जुटे हुए हैं। गुरुवार को इसकी तैयारी को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल अपने टीम के साथ विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) पहुंचे और शादी स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शादी की तैयारी में जुटे लोगों को



कई प्रकार के दिशा- निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी उन्होंने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र की 25 निर्धन बेटियों का कन्यादान किया था और गृहस्थ बसाने के साथ गृहस्थ चलाने के लिए बेरोजगार दूल्हों को टोटो या दुल्हन के नाम पर फिक्स- डिपोजिट कराया था। उसी तर्ज. पर आगामी 02 फरवरी 2025 को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 101 जोड़े का सामूहिक विवाह करवाने जा रहें हैं।

**101 जोड़े के नवजीवन की शुरुआत के साथ उनके गृहस्थ के जरूरी समान भी करेंगे भेंट : मनीष**

**सांसद** मनीष जायसवाल ने सामूहिक विवाह स्थल का निरीक्षण करने के पश्चात यहां मीडिया से बात करते हुए बताया कि पिछले वर्ष 25 जोड़े की जिंदगी की एक नई शुरूआत करने में हम सहभागी बन सके थे और मुझे इस नेक कार्य से बेहद आत्मसंतुष्टि मिली थी। मैंने वचन लिया था कि सामाजिक सहयोग रहा तो यह पहल बरकरार रहेगी। उसी पहल को बरकरार रखने की कोशिश में जुटा हूं और सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की 101 निर्धन जोड़ें का सामूहिक विवाह शाही शादी के तर्ज कराने का प्रयास कर रहा हूं। ये सभी जोड़े समाज के आर्थिक रूप से निचले तबके के हैं और इसमें दिव्यांग, बेसहारा जोड़े के साथ समाज के ऐसे जरूरतमंद निर्धन जोड़ें हैं जिन्हें लगता है कि उनकी शादी परिवार के लिए किसी बोझ से कम नहीं है। आर्थिक कठिनाइयों के कारण जो परिवारजन अपने बच्चों का शादी का सपना पूरा कर पाने में असक्षम हो रहें थे ऐसे परिवार के लोगों का चयन और उनका सम्मानजनक तरीके से विवाह संपन्न कराने का हमारा लक्ष्य है।

# सभी महाविद्यालयों का लक्ष्य हो नेक प्रत्यायन में अच्छे अंक प्राप्त करना : कुलपति

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने 16 जनवरी को विश्वविद्यालय के अंतर्गत अंगीभूत तथा संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। पूर्वाहन 11:30 को आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति ने सभी महाविद्यालयों के नैक प्रत्यायन की प्रस्थिति की समीक्षा की। कुलपति ने कहा कि पहले दौर में विश्वविद्यालय की यह कोशिश रही की सभी महाविद्यालय नैक प्रत्यायन की प्रक्रिया को पूर्ण करें। अब हमारी यह प्राथमिकता होनी चाहिए कि नैक के अगले प्रत्यायन में हमें बेहतर से बेहतर अंक प्राप्त हो। उन्होंने नैक प्रत्यायन के संबंध में महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य को बहुत कठिन नहीं समझना चाहिए। परंतु इसकी तैयारी हेतु एक सतत प्रक्रिया को अपनाने की आवश्यकता है। प्रोफेसर पोद्दार ने कहा कि शीघ्र ही इस दिशा में विश्वविद्यालय के द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रत्येक महाविद्यालय के प्राचार्य निश्चित रूप से



उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के लिए एक विशेषज्ञ को आमंत्रित किया जाएगा जो क्राइटेरिया अनुसार प्रशिक्षण उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि सभी प्राचार्य आपस में समन्वय बनाकर एमओयू की संभावनाओ का तलाश करें। उन्होंने परामर्श दिया कि वर्चुअल कक्षाओं के द्वारा शिक्षकों की कमी की समस्या से अस्थाई, अपितु तात्कालिक, हल निकाला जा सकता है। इस दिशा में किए गए किसी भी पहल को विश्वविद्यालय पूर्ण सहयोग उपलब्ध कराएगी। प्राचार्य ने अपने स्तर पर शिक्षकों की घोर कमी की समस्या के तरफ कुलपति का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र संपन्न करवाने का आग्रह किया।

# प्रवासी श्रमिकों से संबंधित समस्याओं पर डाला गया प्रकाश

आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** गुरुवार 16 जनवरी 2025 को जिले के धनबाद सदर प्रखंड में प्रवासी मजदूरों से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने प्रवासी श्रमिकों से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वैसे श्रमिक जो रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों, देशों में रोजगार के बेहतर तलाश में जाते हैं वे अनिवार्य रूप से श्रमाधान. झारखण्ड.जी0ओ0भी0.कॉम पोर्टल पर प्रवासी मजदूर अधिनियम 1979 के अंतर्गत निबंधन कराकर जाएं ताकि श्रमिकों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उनके द्वारा बताया गया कि सामान्य मृत्यु, दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा के कारण जिले के प्रवासी श्रमिक की मृत्यु/अशक्त होने पर उन्हे अपने घर तक लाने के लिए 50 हजार तक की राशि मुख्यमंत्री झारखण्ड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष से दी जायेगी, प्रवासी श्रमिक की दुर्घटना में दो अंग या दोनों ऑख या अंग की हानि होने पर एवं दुर्घटना/प्राकृतिक आपदा में श्रमिक की मृत्यु होने पर पंजीकृत एवं अपंजीकृत प्रवासी श्रमिकों को 75 हजार से दो लाख रुपए तक का भुगतान किया जायेगा। सहायक श्रमायुक्त के द्वारा श्रम विभाग के संचालित सभी योजनाओं का जानकारी विस्तृत रुप में प्रोजेक्टर (ओडियो, विडियो)के माध्यम से प्रदर्शित किया गया एवं सभी आगन्तुकों से अपील किया गया कि जो भी मजदुर अपने राज्य से दूसरे राज्य में कार्य करने जाते है वे अपना निबंधन प्रवासी मजदूर के रुप में श्रम विभाग में जरुर करवायें। साथ ही सहायक श्रमायुक्त द्वारा बिभाग से संचालित झारखण्ड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना/ झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन तथा मुख्यमंत्री सारथि योजना अंतर्गत संचालित योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ हीं उन्होंने बाल एवं किशोर श्रम किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 की जानकारी दी। इस पर प्रकाश डालते हुए



उन्होंने निम्नलिखित जानकारी दी-
बाल श्रम यानि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से कार्य लेना सामाजिक कुरीति ही नहीं कानूनन अपराध है।
किसी भी नियोजन में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का नियोजन प्रतिबंधित है।
किसी भी खतरनाक नियोजन एवं प्रक्रिया में 18 वर्ष से कम आयु के अल्पव्यस्कों का नियोजन प्रतिबंधित है।
यदि इन कार्यों में 18 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिका/अल्पव्यस्क नियोजित पायें जाते है तो दोषी नियोजकों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।
किसी भी प्रतिष्ठान में 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों का व खतरनाक नियोजनों में आयुवर्ग 14-18 वर्ष का नियोजन प्रतिषेधित्त है। उल्लंघन की स्थिति में 20,000 रुपये से 50,000 रुपये तक का जुर्माना अथवा 6 मास से 2 वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकता है।
सभी से अपील है कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से किसी भी नियोजन में तथा 18 वर्ष से कम उम्र के अल्पवयस्कों से खतरनाक नियोजन या प्रक्रिया में कोई कार्य न लें।
यदि किसी घर, होटल, ढाबा, ईट भट्ठा मोटर गैरेज, क्रशर इत्यादि में कोई बाल श्रमिक या किसी खदान, कारखाना इत्यादि खतरनाक प्रक्रिया में अल्पव्यस्क कार्यरत पाया जाता है तो इसकी सूचना टॉल फ्री संख्या 18003456526 एवं 1098 पर दी जा सकती है।

## चौकीदार बहाली के तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**धनबाद :** धनबाद जिला अंतर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति के तहत 29 दिसंबर 2024 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के उपरान्त सफल अभ्यर्थियों का शारीरिक जॉच हेतु गुरुवार 16. जनवरी 2025 को मेगा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स, मेमको मोड़ में आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने शारीरिक दक्षता परीक्षा निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त ने शारीरिक दक्षता जांच के तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को चौकीदार बहाली के तहत निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा सम्पन्न करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग ले रहे सभी अभ्यर्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। उक्त जॉच में कुल 527 सफल अभ्यर्थियों का शारीरिक जांच हेतु कॉल किया गया। 527 सफल अभ्यर्थियों में 496 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। इसमें दिव्यांग अभ्यर्थी की संख्या-11 थी। शारीरिक जांच में कुल 118 अभ्यर्थी शारीरिक जांच में उत्तीर्ण हुए। जिसमें कुल पुरुष अभ्यर्थी की संख्या-99, महिला की संख्या-19 थी। इस अवसर पर एडीएम लॉ एंड आर्डर पियूष सिन्हा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, नजारत उप समाहर्ता दीपक दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक झलक

### अवैध कोयला डिपो में छापेमारी कर किया कोयला जब्त

**पाथरडीह (धनबाद) :** सुदामडीह थाना क्षेत्र के हॉट ताला मांझी बस्ती के निकट कोयला चोरों द्वारा जंगल झाड़ियों में चोरी कर छुपाकर रखे गए लगभग 17 टन अवैध कोयला को सुदामडीह पुलिस, सीआईएसएफ जवान, आंतरिक सुरक्षा बल के जवानों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर जब्त किया है। जब्त कोयले को एएसपी कोलियरी प्रबंधन को सुपुर्त कर दिया गया है। बताते है कि हॉट ताला नीचे मांझी बस्ती के निकट जंगल झाड़ियों में कोयला चोरों द्वारा ओबी डंप किनारे भारी मात्रा में कोयले की चोरी कर छुपाकर रखा गया था। जिसकी गुप्त सूचना पर सुदामडीह पुलिस सीआईएसएफ जवान व आंतरिक सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से छापामारी कर जब्त कर लिया है। जिसे ट्रेक्टर से लोड कर एएसपी कोलियरी प्रबंधन को सुपुर्त कर दिया गया है। इस सम्बंध में सुदामडीह थाना प्रभारी सूरज कुमार रजक का कहना है कि जांच करने के बाद कोयला चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### कांग्रेस नेता की पुण्यतिथि मनी

**सिन्दरी (धनबाद):** कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष राधाकिशुन सिंह के 16 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें गुरुवार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जन अधिकार मंच के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और कहा कि राजनीति में जब सेवाभाव की प्रधानता थी राधाकिशुन सिंह ने उस दौर में कांग्रेस की वर्षो तक सेवा की। मौके पर पूर्व पार्षद दिनेश, भरत शर्मा, बृजेश सिंह, सत्यदेव सिंह, विदेशी सिंह, विभाष ठाकुर, राजू पांडे आदि मौजूद थे।

### माले नेता महेन्द्र सिंह का शहादत दिवस मना

**सिन्दरी (धनबाद):** भाकपा माले सिंदरी कमेटी द्वारा बिरसा समिति में कॉमरेड महेंद्र सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। महेंद्र सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया गया। मौके पर सहदेव सिंह, अमर सिंह, बिरेंची महतो, दशरथ ठाकुर, मनोज कुमार, रघु यादव, पूरन सिंह, सुभाष मंडल, राजीव मुखर्जी, सुभाष हसदा, ओमप्रकाश राम, बबलू महतो, राजाराम रजक, मंगल महतो, विमल रवानी, कृष्णा महतो, सागर मंडल, दीपक महतो, राजू बाउरी, किशोर प्रसाद, नारायण शाह, मुखिया राजाराम रजक आदि लोग मौजूद थे।

### भाटडीह के बंद घर से चोरों ने की चोरी

**पाथरडीह (धनबाद) :** सुदामडीह थाना क्षेत्र के भाटडीह स्थित बचन सिंह के बंद पड़े आवास में बुधवार की देर रात अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़ करीब 25 हजार रुपये की सामान की चोरी कर चलते बने। पड़ोसियों ने जब सुबह घर के दरवाजे का ताला टूटा देख तो घटना की सूचना बचन सिंह को दी। जहां घटना की सूचना मिलने पर बचन सिंह के दामाद चासनाला निवासी पंकज सिंह मौके पर पहुंच सुदामडीह पुलिस को सूचना दी। सुदामडीह पुलिस घटना की सूचना पर घटना स्थल पहुंच जांच में जुट गई है।

### वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन

**झरिया (धनबाद):** कुसुंडा क्षेत्र के ऐना कोलियरी कार्यालय परिसर मे गुरुवार को वार्षिक खान सुरक्षा पखवारा 2024 मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आब्जर्वर के रूप में मुख्यालय आइएसओ डीके श्रीवास्तव उपस्थित थे। संयोजक के रूप में बसंतीमाता एवं दहीबाडी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी डी चक्रवर्ती उपस्थित रहे। इस दौरान जामागोडिया कोलियरी प्रबंधक आर नायक, सर्वेयर एस कर्मकार, बसंतीमाता कोलियरी (ई एण्ड एम) आर पासवान, बीके राय, एस तिर्की, उपस्थित थे। ऐना परियोजना पदाधिकारी एके झा ने सभी का स्वागत बुके देकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर कर किया गया। इस दौरान राष्ट्र एवं कॉपोरेट गीत गाकर अधिकारी एवं कर्मियों ने सुरक्षा के साथ उत्पादन लक्ष्य पूरा करने का का शपथ लिया।

## हिलटॉप आउटसोर्सिंग झड़प के मुख्य अभियुक्त सहित 04 गिरफ्तार

- दो पिस्टल, 7 लाख 80 हजार नगद व कारतूस किया जब्त
- आउटसोर्सिंग मालिक की भूमिका की भी पुलिस कर रही जांच



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिले के धर्माबांध ओपी के बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 अंतर्गत बाबुडीह में संचालित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कम्पनी में हिंसक झड़प, बमबाजी, गोलीबारी और एसडीपीओ बाघमारा पर हमला मामले का मुख्य अभियुक्त जेएमएम नेता कारु यादव, डीएसपी पर पत्थरबाजी करने वाले भतीजे रोशन यादव सहित चार अभियुक्त नरेश यादव और बजरंगी पासवान को बिहार के जमुई जिले से पुलिस गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। घटना के लगभग एक सप्ताह के कड़ी दबिश के बाद पुलिस को यह सफलता हासिल की है। पुलिस गिरफ्तार कारु यादव को मधुबन थाना लेकर पहुंची। जहां मधुबन थाना से जेएमएम नेता के खरखरी मार्केट कॉम्प्लेक्स तक पैदल हथकड़ी के साथ पैदल मार्च कराया। मधुबन थाना क्षेत्र में कारु यादव का दहशत है। जिसे लेकर कहा जा रहा है कि पुलिस दहशत कम करने को लेकर पैदल मार्च हथकड़ी के साथ घुमाया। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 2 पिस्टल, 3 कारतूस, सात लाख 85 हजार 900 रुपये नगद और 4 मोबाइल जब्त किया है। एसएसपी एचपी जनार्दनन ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि हिलटॉप आउटसोर्सिंग झड़प, डीएसपी हमला मामले का मुख्य आरोपी कारु यादव, रोशन यादव सहित चार को बिहार के जमुई से गिरफ्तार किया गया है। 100 से अधिक नामजद आरोपी मामले में सभी की गिरफ्तारी जल्द होगी। हिलटॉप आउटसोर्सिंग कम्पनी में पहले शेख गुड्डू को काम दिया गया था। कारु यादव और शेख गुड्डू में वर्चस्व को लेकर टकराव चल रही थी। बाद में आउटसोर्सिंग कम्पनी प्रबंधक कारु यादव को काम दे दिया गया। कारु यादव पर 37 मामले दर्ज है। ऐसे में कम्पनी कैसे कारु यादव को काम दिया। इसे लेकर आउटसोर्सिंग कम्पनी के मालिक की भूमिका की भी जांच चल रही है। ऐसे कम्पनी को ब्लैकलिस्टेड करने का काम कराया जाएगा। पुलिस अपराधिक गतिविधियों वाले को साफ कर देना चाहती है कि कानून व्यवस्था पुलिस आम आदमी पर अगर हमला करेगी तो पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। पुलिस किसी को बख्शने नही जा रही है।

## अम्बेदकर क्लब के सदस्यों ने स्व. रतनलाल गुण के निधन पर की शोक सभा आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** ईस्ट बसुरिया कोल डम्प के निवासी अंबेडकर क्लब के द्वारा सक्रिय सदस्य स्वर्गीय रतनलाल गुण के निधन पर एक शोक सभा का आयोजक किया गया। शोक सभा में 02 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गयी, तत्पश्चात गरीबों को भोजन कराया गया एवं कम्बल वितरित किया गया। शोक सभा में सुदीस्ट कुमार, ओबीसी एससी एसटी एवं माइनॉरिटी के जिला महासचिव गोपाल यादव, परमेश दास, राजकुमार निषाद, विजय पासवान, शिव नारायण भारती, अनिल कुमार दास, सोमनाथ बनर्जी, वशिष्ठ यादव, जय किशन पासवान, आरके ठाकुर, संजय ठाकुर, परिमल मंडल, मुख्तार अंसारी, कृष्ण रविदास, मनोज कुमार गुरुदयाल प्रसाद, ब्रह्मदेव मुखिया मानस रंजन पाल, एस दत्ता आदि ने स्वर्गीय रतनलाल गुण को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किये।

## ऐना में संदेहात्मक स्थिति में पेड़ से युवक का लटकता मिला शव, सनसनी

**झरिया (धनबाद) :** झरिया थाना क्षेत्र के ऐना कोलियरी परसाटांड़ के 24 वर्षीय गणेश वर्मा का शव गुरुवार को ऐना कोलियरी छह नंबर चानक के समीप एक पेड़ से रस्सी के सहारे झुलता हुआ मिला।यह खबर फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी झरिया पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया। मृतक के जेब से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं, घटनास्थल से मृतक का मोबाइल मिला है। पुलिस मोबाइल को काल डिटेल्स के लिए जांच के लिए अपने कब्जे में ले लिया। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह तरह के चर्चा है। इधर घटना के बाद स्वजनों का रो रो कर हाल बेहाल है। गणेश छह माह पूर्व पुराना बाजार दरी मुहल्ला मे श्रृंगार स्टोर का दुकान खोला था। मृतक के पिता रामावतार प्रसाद वर्मा ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे गणेश ने थोड़ी देर में आने की बात कहकर घर से निकला था। मगर काफी देर होने के बाद भी गणेश घर वापस नहीं लौटा। बार-बार फोन करने पर भी फोन रिसीव नहीं किया। करीब 11:30 बजे घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने दी। गणेश के मौत को लेकर संदेहात्मक की स्थिति बनी हुई। क्षेत्र में चर्चा है कि गणेश का जिस स्थान पर लटका हुआ उसका शव मिला है। वह स्थान सूनसान व जंगलनूम्मा है। गणेश का शव पेड़ से लटकते कुछ बच्चों ने पहले देखा था।

## नौ दिवसीय श्री राम महायज्ञ को लेकर निकाली गयी भव्य कलश शोभा यात्रा



**पाथरडीह (धनबाद) :** चासनाला, सुदामडीह रिवर साईड दामोदर नदी के सूर्य मंदिर धाम घाट पर महाकुंभ के अवसर पर आयोजित नव दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के लिए गुरुवार को यज्ञाधीश धरा धाम प्रयागराज से पधारे श्री श्री 1008 बाल योगी महंथ श्री परशुराम दास महात्यागी के निर्देशन में सूर्य मंदिर धाम घाट के यज्ञ मंडप से गुरुवार को गाजे बाजे रंग गुलाल आतिशबाजी के साथ विशाल कलश शोभा जल यात्रा निकाली गयी। जिसमें 311 महिलाएं व बच्चीयां माथे पर कलश लिए जय श्री राम, जय श्री हनुमान, जय महाकाल, आदि नारे लगाते चल रही थी। जिससे सारा क्षेत्र में भक्तिमय माहौल था। कलश शोभा जल यात्रा सुदामडीह रिवर साईड दामोदर नदी के सूर्य मंदिर धाम यज्ञ मंडप से प्रारम्भ होकर सुदामडीह रिवर साईड दोनों लाइन के बीच रेलवे गेट, चासनाला पुराना थाना, एफ टाईप, के के गेट, चासनाला मोड़, जीएम कार्यालय, 2 नम्बर बस्ती एकेडमी स्कूल, डीप माईन, साउथ कालोनी, इंद्रा चौक होते हुए दामोदर नदी के सूर्य मंदिर धाम घाट पर पुनः पहुंची। जहां अयोध्या से पधारे यज्ञाचार्य पंडित रंजीत कुमार शास्त्री सहित पांच पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरणी कार्यक्रम सम्पन्न कराया। त्यागी बाबा ने बताया कि शुक्रवार को मंडप पूजन पञ्चांग पूजन अग्नि प्रवेश यज्ञ मंडप परिक्रमा के साथ महायज्ञ प्रारम्भ हो रहा है। मौके पर कलश शोभा जल यात्रा में यज्ञाधीश श्री श्री1008 श्री बाल योगी महंथ श्री परशुराम दास महात्यागी, आचार्य पंडित रंजीत कुमार शास्त्री, बमभोली सिंह, संजय सिंह, पप्पू यादव, रंजय सिंह, मनोज कुमार सिंह, डेविट सिंह, अमित कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. बीरेंद्र कुमार के अलावे दर्जनों भक्त शामिल थे।

## दिव्यांग विद्यालयों में विशेष शिक्षक नियुक्त करने की मांग



**झरिया (धनबाद) :** सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट के सदस्यों ने मुलाकात कर महामहिम राज्यपाल से दिव्यांग बच्चों के प्रशिक्षण हेतु राज्य में सभी बंद पड़े स्कूलों में विशेष शिक्षकों की नियुक्ति की प्रतिक्रिया को पूरा करने हेतु ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द राज्य में बंद पड़े विद्यालय राजकीय नेत्रहीन एवं मूकबधिर विद्यालयों का संचालन किया जायेगा। राजपाल महोदय से वार्ता में जीवन संस्था के डॉक्टर एके सिंह, परमानंद प्रसाद, एवं मोहम्मद एजाज अली शामिल थे।

## एसएसएलएनटी कॉलेज में चलाया जागरूकता कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत गुरुवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय (एसएसएलएनटी) कॉलेज में बच्चों और शिक्षकों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी तथा पुलिस उपाधिक्षक यातायात अरविंद कुमार सिंह ने बच्चों एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सभी को कहा गया कि पहले अपने आप से यातायात के नियमों का पालन करना शुरू करे। साथ ही अपने परिवार एवं मित्र को भी इसका लिए जागरूक करें। इसके बाद बच्चों एवं शिक्षकों के बीच बुकलेट बांट कर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। अभियान की दूसरी कड़ी में रणधीर वर्मा स्टेडियम में जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, पुलिस उपाधिक्षक यातायात अरविंद कुमार सिंह, मोटरयान निरीक्षक अभय कुमार एवं स्थानीय लोगों के द्वारा पतंग उड़ाकर सभी को सड़क सुरक्षा का पालन करने का संदेश दिया गया।
मौके पर मोटरयान निरीक्षक शुभम कुमार, मोटरयान निरीक्षक हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजिनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी देवेंद्र कुमार, ट्राफिक पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## पाटलिपुत्र हॉस्पिटल में धनबाद का पहला ऑर्बिटल अथेरेक्टोमी एंजियोप्लास्टी से मरीज का सफल ऑपरेशन



**धनबाद :** धनबाद के प्रसिद्ध एवं सबसे पुराने अस्पताल पाटलीपुत्र हॉस्पिटल (यूनिट पाटलीपुत्र नर्सिंग होम) में हार्ट में कैल्सिफाइड ब्लॉकेज को नई तकनीकी से खोला गया। जोड़ा फाटक स्थित पाटलिपुत्र हॉस्पिटल में प्रेस वार्ता आयोजित कर डॉक्टर राहुल कुमार, (इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, डॉ. निर्मल ड्रोलिया व डॉ. निखिल ड्रोलिया ने बताया कि धनबाद का यह पहला और झारखण्ड का चौथा ऑपरेशन है जिसे ऑर्बिटल अथेरेक्टोमी प्रक्रिया से किया गया है। यह ऑर्बिटल अथेरेक्टोमी एंजियोप्लास्टी की नई तकनीक है, जो कि धनबाद मनईटांड़ निवासी विजय कुमार लाल, उम्र 63 वर्षीय वृद्ध जो पिछले कई वर्षो से हृदय रोग से ग्रसित थे। उनका सफलता पूर्वक इलाज किया गया। विजय को एंजियोग्राफी से पता चला की उनके हृदय की बांया कोरोनरी आर्टरी में कैल्शियम का अधिक जमाव होने के कारण नार्मल एंजियोप्लास्टी संभव नहीं हो सकती थी। इसका दूसरा विकल्प बाईपास सर्जरी है। डॉ. राहुल कुमार (कार्डियोलॉजिस्ट) की टीम ने अत्याधुनिक तकनीक से काम्प्लेक्स एंजियोप्लास्टी कर के मरीज की जान बचाई।

## कार्मल प्रकरण को लेकर विधायक सरयू राय से मिला अभिभावक संघ

**धनबाद :** झारखंड अभिभावक महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल कार्मेल स्कूल, डिगवाडीह की घटना को लेकर विधायक सरयू राय जी से सर्किट हाउस मे मिलकर प्रतिवेदन दिया। प्रतिवेदन मे विधि समत कार्यवाई सुनिश्चित कराने का आग्रह विधायक सरयू राय जी से महासंघ ने किया। महासंघ के अध्यक्ष पप्पू सिंह ने पूरे कार्मेल स्कूल, डिगवाडीह प्रकरण से विधायक सरयू राय को अवगत कराया और मामले को प्रशासन द्वारा आनन फानन मे लिपापोती करने की बात कही। माननीय विधायक ने बच्चियों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन महासंघ के प्रतिनिधिमंडल को दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सरयू राय ने बच्चियों को न्याय दिलाने के लिए विधानसभा सत्र में पटल पर उठाने की बात कही।

## चिटाही धाम श्री राम मंदिर के वार्षिक उत्सव को लेकर सांसद ने दिया निमंत्रण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बाघमारा के चिटाही धाम श्री राम मंदिर का वार्षिक उत्सव भव्य रुप से मनाने के लिये धनबाद सांसद सह चिटाही धाम के संस्थापक व प्रभू श्री राम के भक्त ढुल्लू महतो आज झरिया विधायक रागिनी सिंह समेत झरिया के पांचो मंडल अध्यक्ष व कार्यकारताओं से मिल कर प्रभु श्री राम के कदमो में आने का निमंत्रण भेंट किया। साथ ही चार फरवरी को श्री प्रभु क्षी राम जी का वार्षिक उत्सव को लेकर तेलमच्चो दामोदर नदि से भव्य कलश यात्रा निकाली निकाली जायेगी, करीब लाखो लाख श्रद्धालुओं का जुटान करने की तैयारी हैं। ये १७ किलोमिटर का कलशयात्रा में झांकि के रुप में 30 एरावत 16 ऊंट 51 घोड़े झांकी के रुप में मंगाया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह कुमार बिस्वास जैसे दिग्गज सुपरस्टार के साथ साथ केद्र के प्रधानमंत्री से लेकर गृहमंत्री अमित शाह रक्षा मंत्री संजय सेठ युपी के सीएम योगि आदित्यनाथ को भी न्योता भेजा गया है। सांसद ढुल्लू महतो ने बताया। झरिया विधायक रागिनी सिंह कार्यालय के समक्ष गोलीबारी मामले को लेकर कहें झारखंड सरकार के दबाव में प्रसाशन कारवाई में चुप्पी साधी है।

## विधायक ने छात्रों की मांग पर डिग्री कॉलेज का किया निरीक्षण

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** जामाडोबा डिग्री कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर छात्र छात्राओं की मांग पर गुरुवार को झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कॉलेज का दौरा कर निरीक्षण किया। छात्र छात्राओं के साथ विधायक ने कॉलेज की अव्यवस्था को देख हतप्रभ हुई। छात्राओं ने कॉलेज की सड़क को जामाडोबा की मुख्य सड़क से जोड़ने की मांग किया। इस दौरान प्राचार्य आरपी सिंह ने विधायक से कहा कि कॉलेज में 14 सौ छात्र छात्राएं है लेकिन उसके पठन पाठन को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिलने से शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने जरेडा अधिकारियों के प्रति आभार जताया कि उनके प्रयास से कॉलेज में 120 केवी का सोलर लाइट लग जाने से बिजली की समस्या से मुक्ति मिल गई है। उन्होंने विधायिका को कॉलेज में फंड की कमी होने,सुरक्षा प्रहरी एवं सफाई कर्मी की कमी, शिक्षकों की कमी, राइटिंग बोर्ड नहीं होने आदि समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का मांग किया। विधायक ने प्राचार्य एवं छात्रों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान को वे खुद पहल करते हुए डीसी और कुलपति सहित सरकार से बात कर समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर अखिलेश सिंह, अभिषेक पांडे, उमेश यादव, मंडल अध्यक्ष बच्चा गिरी, अवधेश मास्टर आदि थे।

# विधायक शत्रुघ्न महतो ने गरीब, बेसहाय, बुजुर्ग लोगों को अपने हाथों से बांटे कम्बल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कतरास (धनबाद) :** जिस तरह बाघमारा की जनता मुझ पर विश्वास कर मुझे रांची तक पहुंचाई है मैं उन सभी जनता के विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा। उक्त बातें झींझी पहाड़ी में स्वागत समारोह व कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने कही। उन्होंने आगे कहा कि बीसीसीएल द्वारा झींझि पहाड़ी के लोगों को किसी प्रकार की सुविधा मुहैया नहीं कराया जा रहा है। इसके विपरीत कुम्हार टोला के लोगों को यहां पर बसाने का प्रयास किया जा रहा है यदि बीसीसीएल द्वारा झींझि पहाड़ी के लोगों को सुविधा नहीं दिया गया तो बीसीसीएल प्रबंधन से बात कर उचित रास्ता निकाला जायेगा। इसके पश्चात उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि पूर्व में हमारे छोटे भाई ढुल्लू महतो द्वारा पानी, बिजली, एवं अन्य अधूरे काम को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करूंगा। जैसे ही झींझि पहाड़ी में बाघमारा के विधायक शत्रुघ्न महतो पहुंचे झीझि पहाड़ी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य संजू देवी एवं झींझि पहाड़ी के लोगों द्वारा उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। वहीं, वे इस कड़कड़ाती ठंड में सभी गरीब, बेसहाय, बुजुर्ग लोगों को अपने हाथों से कंबल बांटे।
मौके पर बंटी शर्मा, रोहित महतो, संजय शर्मा, समरू शर्मा, टिंकू महतो, कृष शर्मा, मुकेश सोनार, रंजीत महतो, गुड्डू दास, उमेश दास, पप्पू महतो, अविनाश महतो, बबलू वर्मन, संतोष कुमार के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## बीआईटी रोटरेक्ट क्लब ने जरूरतमंदों के बीच कपड़े बांटे

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी रोटरेक्ट क्लब ने कपड़ा वितरण अभियान फेज -2 का आयोजन साई मंदिर रोहडाबांध से गुरुवार को किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरुरतमंद परिवारों को कपड़े मुहैया कराना और समाज में सेवा और मदद की भावना जागृत करना था। क्लब के सदस्यों ने जरुरतमंदों के बीच 300 कपड़े वितरित किये। मौके पर सत्यम, तुरंत, भाष्कर, कार्तिक, शोभित, सुजलॉन, करण, खुशवंत, सुमन थे। इस अवसर पर प्रोफेसर इंचार्ज डॉ एस सी दत्ता, रोटरी क्लब सिंदरी के सचिव रंजीत कुमार ने मार्गदर्शन किया और अभियान में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## मुस्कान महिला समिति ने झरिया की गरीब महिलाओं के बीच बांटे कम्बल



**झरिया (धनबाद) :** बीसीसीएल महिला मंडल के मुस्कान महिला समिति बस्ताकोला क्षेत्र कि ओर से गुरुवार को झरिया महाराणा प्रताप दल के समीप जरूरतमंद चालीस गरीब महिलाओ को कम्बल एवं मिठाई का पैकेट वितरण किया गया। कार्यक्रम को संम्बोधित करते हुए बस्ताकोला क्षेत्रिय अध्यक्षा हिमाद्री सिन्हा ने कहा की दिच्छा महिला मंडल के अंतर्गत मुस्कान महिला समिति के अध्यक्षा मिलि दत्ता एवं सभी उपाध्यक्ष के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में कई कार्यक्रम किये जा रहे है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण एवं जरूरतमंद लोगों को सहायता पहुंचाना है। मौके पर इंदु पासवान, सविता सिंह, स्नेहा झा, नीता बाग, बबीता पांडे आदि थी।

सम्पादकीय.....

# बेहतर भविष्य की उम्मीद जगी

**सोनमर्ग** सुरंग के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की उपस्थिति ने जम्मू-कश्मीर के बेहतर भविष्य की उम्मीद जगायी है। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में सीएम उमर ने पीएम मोदी को वादा निभानेवाला नेता करार दिया। वहीं, प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का अपना आश्वासन दोहराया। हड्डियां जमा देनेवाली ठंड में 13 जनवरी को कश्मीर की सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन हुआ। इस दौरान रिश्तों पर जमी वर्फ पिघलती दिखी, जो निश्चित रूप से एक शुभ संकेत कहा जा सकता है। उद्घाटन समारोह में ऐसा बहुत कुछ दिखा, जो जम्मू-कश्मीर के बेहतर भविष्य के प्रति आश्वस्त कर रहा था। लम्बे अर्से बाद दुनिया ने जम्मू-कश्मीर की वह तस्वीर देखी, जब एक महत्त्वपूर्ण विकास परियोजना के उद्घाटन के लिए आये प्रधानमंत्री का स्वागत एक निर्वाचित मुख्यमंत्री कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर में पिछले वर्ष हुए चुनाव के बाद यह प्रधानमंत्री का पहला कश्मीर दौरा था। इस अवसर पर जिन शब्दों में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की, उसके राजनैतिक महत्त्व को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। सर्वविदित है कि उमर अब्दुल्ला केवल जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ही नहीं, नैशनल कॉन्फ्रेंस के नेता भी हैं। वह विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए का हिस्सा हैं। इन सबके बावजूद उमर ने प्रधानमंत्री मोदी को वादा निभानेवाला नेता बताया और यह उम्मीद जतायी कि वह जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने का अपना वादा भी शीघ्र ही पूरा करेंगे। सबसे दिलचस्प तो यह रहा कि जो उमर चुनाव में धांधली का अंदेशा जताते रहते थे, उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का श्रेय भी दिया। प्रसंगवश, उल्लेखनीय है कि चार दिन पूर्व ही उमर अब्दुल्ला ने आईएनडीआईए गठबंधन के कामकाज के तरीकों पर सख्त आपत्ति जतायी थी। उन्होंने यहां तक कह दिया था कि यदि गठबंधन को ऐसे ही चलना है, तो इसे भंग कर दिया जाना चाहिए। यद्यपि, इसे नैशनल कॉन्फ्रेंस के आईएनडीआईए गठबंधन से बाहर आने का संकेत मान लेना जल्दबाजी होगी, लेकिन यह केन्द्र सरकार से अपने सम्बन्धों को सहज करने का प्रयास तो माना ही जायेगा। दिलचस्प यह कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी मुख्यमंत्री के इन प्रयासों को संज्ञान में लेते हुए अपने भाषण में यह बात दोहरायी कि वह अपने वादे निभाते हैं और यह वादा भी निभायेंगे। यद्यपि, प्रधानमंत्री ने राज्य का दर्जा देने के सम्बन्ध में कोई समय सीमा नहीं दी है, लेकिन चूंकि सभी पक्ष पहले से ही इसके पक्ष में हैं, इसलिए अच्छा तो यही होगा कि केन्द्र सरकार इस मामले में अब और अधिक देर नहीं करे और शीघ्रातिशीघ्र जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दे। ऐसा होने पर केन्द्र सरकार का राज्य सरकार के साथ तालमेल तो बेहतर बनेगा ही, राज्य के लोगों का भरोसा भी वह बहुत ही शानदार तरीके से जीत पायेगी।

## ● किसने क्या कहा



'ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की राजधानी' बनने जा रहा है भारत

मनसुख मांडविया
श्रम और रोजगार मंत्री



धनबाद सहित पूरे झारखंड में स्वास्थ्य सेवाएं होंगी बेहतरीन

डॉ. इरफान अंसारी
झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री

# क्या हैं लॉस एंजेलिस की भयावह आग के संकेत ?

विशेष | निर्मल रानी

परन्तु पूंजीवाद के चुंगल में जकड़ी यह विश्व व्यवस्था तबाही के मुंहाने पर पहुंचने के बावजूद अभी भी विकास के नाम पर विनाश के खेल खेलती जा रही है। जलवायु संकट से कथित रूप से व्यथित, परन्तु जलवायु संकट को खुद ही बढ़ावा देनेवाले देश प्रायः दुनिया में जलवायु संकट के गहराते खतरों पर घड़ियाली आंसू बहाने के लिए इकट्ठा तो होते हैं, परन्तु वे अपने देशों के कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के बजाय प्रगतिशील व गरीब देशों को पैसे देकर उन्हें कार्बन उत्सर्जन कम करने का पाठ पढ़ाते हैं। यही पूंजीवादी देश दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में युद्ध भड़का कर भूमंडलीय ऊष्मीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) को और बढ़ाने का काम करते हैं। ऐसे में यदि भविष्य में पृथ्वी पर सामान्य जीवन की कल्पना करनी हो, तो लॉस एंजेलिस की भयावह आग से मिलनेवाले संकेतों को तत्काल समझने की सख़्त जरूरत है।

**विश्व** का सर्व शक्तिशाली देश अमेरिका इन दिनों गोया प्राकृतिक प्रलय की चपेट में है। एक ओर तो मध्य अमेरिका में आये भीषण बर्फीले तूफान से करीब 6 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। कई प्रांतों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार यह तूफान बीते एक दशक का सबसे खतरनाक तूफान है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कंसास और मिसौरी से लेकर न्यू जर्सी तक बर्फीले तूफान की चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि 'इस क्षेत्र के उन स्थानों पर जहां सबसे अधिक बर्फबारी होती है, वहां कम से कम एक दशक की सबसे भारी बर्फबारी हो सकती है। 'जहाँ इस बर्फीले तूफान ने मध्य अमेरिका में कई राज्यों में जन जीवन अस्त व्यस्त किया वहीं पिछले कई दिनों से लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग अभी तक पूरी तरह बेकाबू बनी हुई है। आग की लपटों की भयावहता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है और अनेक लोग लापता हैं। हजारों एकड़ के इलाके में फैली इस भयानक आग के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा है। इस आग से यहां के हजारों आलीशान मकान और लाखों बेशकीमती गाड़ियां जलकर राख हो चुकी है। जिन लोगों के घर इस आग में तबाह हुए हैं उनमें अनेक विशिष्ट लोग व सेलिब्रिटीज भी शामिल हैं। इस आग के चलते अब तक अरबों डॉलर की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। एक निजी कंपनी द्वारा आग की वजह से अब तक करीब 250 अरब अमेरिकी डॉलर के आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया है। प्राकृतिक आपदाओं में पूरे विश्व को बढ़चढ़कर सहायता पहुँचाने वाला अमेरिका लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग को बुझा पाने में पूरी तरह असमर्थ साबित हुआ है। जिसका सबसे बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि जंगल की इस आग को विस्तार देने में उन प्रकृतिक तेज हवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है जो 100 से लेकर 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से इन इलाकों में चल रही हैं। इस आग में हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री का काफी बड़ा इलाका और इससे जुड़े कई ऐतिहासिक स्मारक भी जलकर राख हो चुके हैं। आग बुझाने के लिये कहीं पानी की कमी है तो कहीं पानी गिराने वाले विमानों की संख्या कम है। अमेरिकी फायर फाइटर्स स्वयं को असहाय महसूस कर रहे हैं। यह आग मानवता पर कितना बड़ा प्रकृतिक संकट है इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अमेरिका का सबसे बड़ा विरोधी देश ईरान भी ऐसे संकट में अमेरिका की मदद की पेशकश कर रहा है। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी के प्रमुख पीर हुसैन कोलीवंद ने अमेरिकी रेड क्रॉस के सीईओ क्लिफ होल्ज को इस संबंध में संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने आग से हुए नुकसान पर दुख जताते हुए इसे एक बड़ी त्रासदी बताया है। कोलीवंद ने कहा कि इस आपदा में हम अमेरिका की हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि दोनों देशों के काफी लंबे समय से तनावपूर्ण रिश्ते हैं। परन्तु ईरान ने आग की भयावहता को देखते हुए दुश्मनी को भूलकर मदद का हाथ बढ़ाया है। जाहिर है कि विश्व के अब तक के सबसे भयानक व सबसे अधिक नुकसान पहुँचाने वाले इस अग्निकांड ने फिर उन्हीं सवालों पर बहस छेड़ दी है जिसकी चर्चा गत तीन दशकों से विश्वव्यापी स्तर पर की जा रही है। सवाल उठने लगा है कि क्या यह सब ग्लोबल वार्मिंग का ही नतीजा है या कुछ और? हालांकि लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी इस आग के बारे में एक खबर यह भी है कि यह किन्हीं शरारती तत्वों द्वारा लगाई गयी आग है। अमेरिकी पुलिस ने इस संदेह में कुछ गिरफ़्तारियां भी की हैं परन्तु यह बात पूरे दावे से इसलिए भी नहीं कही जा सकती क्योंकि इस इलाके में पहले भी अग्निकांड की घटनायें जंगलों में घर्षण के कारण होती रहती हैं। परन्तु जितनी अनियंत्रित आग इस बार की रही पहले कभी नहीं देखा गया। कल्पना कीजिये कि जब विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति इस आग को नियंत्रित कर पाने पूरी तरह असमर्थ है तो यदि ऐसी ही आग किसी विकासशील देश में लगी होती तो क्या आलम होता ? वैसे भी पिछले कुछ वर्षों के दौरान मौसम के निरंतर बिगड़ते जा रहे मिजाज के कारण दुनिया के अनेक देशों से जलवायु परिवर्तन व इसके परिणाम सम्बन्धी जो समाचार आ रहे हैं वह बेहद चौंकाने वाले हैं। जो ग्लेशियर पूरी दुनिया की ऋतु का संतुलन बनाये रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते थे वही ग्लेशियर अब तेजी से पिघल रहे हैं। इतनी तेजी से कि समुद्र में इन बड़े बड़े हिमखंडों को टूटते और इन्हें पानी में मिलते देखने के लिये भी पर्यटन शुरू हो चुका है। यानी दुनिया की तबाही का जश्न दुनिया अपनी आँखों से देखना भी चाह रही है। तमाम रेगिस्तानी इलाके जहाँ के लोग बारिश और बर्फबारी से वाकिफ नहीं थे वहां से बाढ़ और बर्फबारी की खबरें आ रही हैं। गत वर्ष पूरे विश्व में गर्मियों के दौरान तापमान में जो ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गयी वह भी भारत सहित पूरे विश्व ने महसूस किया। इसी ग्लोबल वार्मिंग ने पहाड़ों की सुंदरता पर ग्रहण लगा दिया है। पर्वतीय क्षेत्रों में गर्मी बढ़ रही है। भूस्खलन की घटनायें बढ़ती जा रही हैं। पीने के पानी की कमी होने लगी है। ध्रुवीय भालू जैसे अनेक दुर्लभ पशु पक्षियों के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है।

# कृषि क्षेत्र को नयी दिशा देगा हल्दी आयोग का गठन

गौरतलब | प्रभुनाथ शुक्ल

कुल 1.62 लाख टन हल्दी और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया गया। बोर्ड के गठन के कृषि वैज्ञानिकों के अनुसंधान से गुणवत्ता परक हल्दी का निर्यात ग्लोबल स्तर पर होगा। भारत को एक टिकाऊ स्पर्द्धा का बाजार उपलब्ध करायेगा। इससे जहां हल्दी का उत्पादन बढ़ेगा, वहीं इसके निर्यात से विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि होगी।

**केन्द्रीय** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने दिल्ली में हल्दी बोर्ड के गठन की घोषणा की है। गंगा रेड्डी को बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे हल्दी की उन्नतशील खेती में किसानों को जहाँ मदद मिलेगी, दूसरी तरफ वैश्विक बाजार पर भारत का सौ फीसदी कब्जा होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हल्दी उत्पादक और खपत वाला देश है। वैश्विक जरूरत की 70 फीसदी की आपूर्ति भारत करता है। हल्दी के निर्यात को पांच साल में एक बिलियन अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। हल्दी हमारी संस्कृति और संस्कार में बसी है। हमारे यहाँ हल्दी को शुभ माना जाता है। हाथ पीले करने के लिए हल्दी आवश्यक है। कोई भी संस्कार बगैर हल्दी के संम्पन्न नहीं होता। जीवन के आगमन और महाप्रयाण में भी हल्दी का अपना महत्व है। हल्दी आयुर्वेद की सबसे गुणकारी औषधि है, यह एंटीबायोटिक भी है। अब हल्दी की उपज करने वाले भारतीय किसानों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने हल्दी किसानों की 40 सालों से चली आ रही लंबी मांग को मान लिया है। सरकार ने हल्दी आयोग गठित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। बोर्ड का मुख्यालय तेलंगाना के निजामबाद में होगा। देश के हल्दी किसान जहां समृद्ध होंगे, वहीं हल्दी निर्यात में भारत का दबदबा होगा। भारत में सबसे अधिक दक्षिण भारत में हल्दी उत्पादन होता है। आयोग के गठन से जहाँ हल्दी की नई-नई प्रजातियों का विकास होगा। इसके अलावा हल्दी का कृषि क्षेत्र राष्ट्रीय स्तर पर व्यपाक होगा। देश के दूसरे हिस्सों में भी शोध के जरिए जलवायु और मिट्टी की गुणवत्ता से हल्दी की नई प्रजाति का विकास कर इसके उत्पादन को और व्यापक बनाया जा सकता है। इससे जहाँ हल्दी के किसानों की आय दोगुनी होगी। देश के तकरीबन 20 राज्यों में व्यापक पैमाने पर हल्दी की खेती होती है। इनमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मेघालय जैसे राज्य शामिल हैं। हल्दी बोर्ड अच्छा उत्पादन देने वाली किस्मों का विकास करेगा। जिसका लाभ देश के किसानों को मिलेगा। हल्दी से कई दवाएं बनती हैं। साथ ही सौंदर्य प्रसाधन में भी हल्दी का प्रयोग होता है। हमारे जीवन में हल्दी का बहुत उपयोग है। निश्चित रूप से हल्दी बोर्ड सरकार के अन्य मंत्रालयों और विभागों से मिलकर हल्दी के निर्यात की रणनीति बनाएगा। भारत ने बीते साल 2023-2024 में 226.5 मिलियन डॉलर की हल्दी का निर्यात किया।

## आज का इतिहास

- स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा फ्रांस के राजा हेनरी चतुर्थ ने 1595 में की।
- मुगल बादशाह अकबर ने 1601 को असीरगढ़ के अभेद किले में प्रवेश किया।
- फ्रांस ने स्पेन के साथ समझौता करने पर फ्रांस को 1601 में बगेस वोलोमेय, ब्रीस तथा गेक्स इलाका प्राप्त हुआ।
- प्रूशिया के खिलाफ जर्मनी ने 1757 को युद्ध की घोषणा की।
- दक्षिण अफ्रीका के ट्रांसवाल की स्वतंत्रता को ब्रिटेन ने 1852 को मान्यता दी।
- अमेरिकी राज्य वर्जीनिया में 1863 को गृह युद्ध हुआ।
- केबल कार सिस्टम के लिए एन्डू एस. हैलिदी को 1871 में पेटेंट दिया गया।
- फ्रांसीसी राष्ट्रपति कैसिमिर पेरियर ने 1895 में इस्तीफा दिया।
- 1913 में रेमंड प्वाइनकेयर फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
- पश्चिमी यूक्रेन और बुकोविना पर रूस ने 1915 में कब्जा किया।
- 2.5 करोड़ डॉलर में वर्जिन आइलैंड्स को अमेरिका ने 1917 में खरीदा।
- स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस कलकत्ता से जर्मनी के लिए 1941 में रवाना हुए।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पहली बैठक 1946 में हुई।
- फॉक्सवैगन की पहली बीटल कार 1949 में जर्मनी से अमेरिका पहुंची।
- हरमस रॉकेट को यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने 1976 में लॉन्च किया।
- सोवियत संघ ने 1979 में परमाणु परीक्षण किया।
- फ्लाटसटकोम-3 नासा ने 1980 में लांच किया।
- इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय क्रिकेटर अजहरुद्दीन ने 1985 में दूसरा टेस्ट शतक लगाया।
- 1989 को उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने वाले कर्नल जेके बजाज पहले भारतीय बने।
- जापान के कोबे शहर में 1995 में आये जबरदस्त भूकम्प के कारण बहुत से लोग मारे गये।

## सुविचार

ना तो कोई किसी का मित्र है, ना ही शत्रु है। व्यवहार से ही मित्र या शत्रु बनते हैं।
**हितोपदेश**

तीन चीजों को लम्बी अवधि तक छुपाया नहीं जा सकता... सूर्य, चन्द्रमा और सत्य।
**गौतम बुद्ध**

## अंकजाल - 7792

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 14 | 21 | 21 | ■ | 32 | 21 | 12 | 19 | ■ |
| 12 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 4 | | 22 |
| 14 | | 7 | | ■ | | 7 | | 3 | 23 |
| 16 | 8 | | 6 | ■ | 7 | | 3 | | 26 |
| 21 | | 5 | | 2 | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | 8 | | 2 | | 29 |
| 26 | | 5 | | 7 | ■ | 3 | | 4 | 13 |
| 18 | 5 | | 5 | | ■ | | 4 | | 14 |
| 29 | | 8 | | 8 | ■ | 4 | | 8 | 18 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 30 | ■ | 19 | 18 | 22 | ■ |

अंकजाल 7791 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 21 | 20 | 17 | ■ | 35 | 27 | 11 | 12 | ■ |
| 16 | 5 | 3 | 8 | ■ | 7 | 3 | 4 | 2 | 16 |
| 22 | 6 | 7 | 9 | ■ | 7 | 2 | 5 | 7 | 21 |
| 7 | 2 | 5 | ■ | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 29 |
| 35 | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | 6 | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 8 | 36 |
| 29 | 5 | 8 | 6 | 4 | 6 | ■ | 8 | 7 | 15 |
| 21 | 3 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 2 | 7 | 12 |
| 20 | 5 | 4 | 9 | 2 | ■ | 7 | 5 | 8 | 20 |
| ■ | 13 | 17 | 33 | 30 | ■ | 10 | 23 | 30 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## द्वंद्व के बीच शांति की खोज

**केवल** ज्ञान की बातें करों। किसी व्यक्ति के बारे में दूसरे व्यक्ति से सुनी बातें मत दोहराओ। जब कोई व्यक्ति तुम्हें नकारात्मक बातें कहे, तो उसे वहीं रोक दो, उस पर वास भी मत करो। यदि कोई तुम पर कुछ आरोप लगाये, तो उस पर वास न करो। यह जान लो कि वह बस तुम्हारे बुरे कर्मो को ले रहा है और उसे छोड़ दो। यदि तुम गुरु के निकटतम में से एक हो तो संसार के सारे आरोपों को हंसते हुए ले लोगे। द्वद्व संसार का स्वभाव है और शांति आत्मा का स्वभाव है। द्वद्व के बीच शान्ति की खोज करो। द्वद्व समाप्त करने की चेष्टा द्वद्व को और ज्यादा बढ़ाती है। आत्मा की शरण में आकर विरोध के साथ रहो। जब शान्ति से मन ऊबने लगे तो सांसारिक क्रिया-कलापों का मजा लो। और जब इनसे थक जाओ तो आत्मा की शान्ति में आ जाओ। यदि तुम गुरु के करीब हो, तो दोनों क्रिया कलाप साथ-साथ करोगे। ईश्वर व्यापक हैं। और अन्नत काल से ईश्वर सभी विरोधों को संभालते आए हैं। यदि ईश्वर सारे विरोधों को ले सकते हैं, तो निश्चित ही तुम भी ऐसा कर सकते हो। जैसे ही तुम विरोध के साथ रहना स्वीकार कर लेते हो, विरोध स्वतः समाप्त हो जाता है। शान्ति चाहने वाले लोग लड़ना नहीं चाहते और इसके विपरीत लड़ाई करने वाले शान्ति पसन्द नहीं करते। शान्ति चाहने वाले लड़ाई से बचना चाहते हैं। आवश्यक यह है कि मन को शांत करें और फिर लड़ें।

# क्या आआपा लगा पायेगी दिल्ली में चुनावी चौका

रमेश सर्राफ धमोरा

**आगामी** पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आआपा) व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनावों में मुख्य मुकाबला आआपा व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आआपा से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं, विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आआपा ने मजबूत पकड़ बनायी है। वहीं, लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा, आआपा के सामने टिक नहीं पा रही है।

अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिनों में सरकार गिर गई। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आआपा ने 67 सीटें जीतकर नया इतिहास रच दिया था। आआपा को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे।

2020 के विधानसभा चुनाव में आआपा ने 62 सीटें जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई तथा वोटो का प्रतिशत बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नहीं मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आआपा का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे। 8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आआपा को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटों से हराया था। उस चुनाव में भाजपा को 31 सीट व 33.07 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं, कांग्रेस को 8 सीट व 24.55 प्रतिशत वोट मिले थे। उस वक्त कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के चक्कर में आआपा को समर्थन देकर अरविंद केजरीवाल को पहली बार मुख्यमंत्री बनवाया। कांग्रेस की यही भूल अब तक कांग्रेस को लगातार जीरो पर आउट कर रही है। उस वक्त यदि कांग्रेस ने आआपा को समर्थन नहीं दिया होता तो आगे विधानसभा चुनाव के नतीजे अलग हो सकते थे।

# सफलता सार्वजनिक उत्सव, तो असफलता व्यक्तिगत विपत्ति

गौरतलब | डॉ. सत्यवान सौरभ

परिणामों पर जोर देने से क्रमिक शिक्षा और सुधार का महत्त्व कम हो जाता है, जिससे सफलता अस्थिर हो जाती है। ऋषभ पंत जैसे क्रिकेटर, जिनकी शुरुआत में असंगतता के लिए आलोचना की गयी थी, ने समय के साथ लगातार सुधार करके सम्मान प्राप्त किया। परिणाम-उन्मुख मानसिकता शॉर्टकट या अनैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जिससे निष्पक्षता और खेल भावना खत्म हो जाती है। ऑस्ट्रेलियाई बॉल-टैम्परिंग घटना जैसे घोटाले ईमानदारी पर जीत को प्राथमिकता देने की लागत को दर्शाते हैं।

**सफलता** सार्वजनिक उत्सव होती है, जबकि असफलता व्यक्तिगत विपत्ति होती है। सफलता में लोग साथ होते हैं, जबकि असफलता में लोग छोड़ देते हैं। हालांकि, असफलता से सीखने और बढ़ने का मौका मिलता है। सफलता सार्वजनिक उत्सव है जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक एकदम सत्य लिखा है। दो ऐसे शब्द जो हर व्यक्ति के जीवन में बहुत मायने रखते हैं। पहला शब्द सफलता जिसको हर कोई प्राप्त करना चाहता है जबकि दूसरा शब्द असफलता जिससे हर व्यक्ति दूर रहना चाहता है। सफलता जब प्राप्त होती है तो घरझपरिवार सब खुश होता है लेकिन असफलता का सामना आपको अकेले ही करना पड़ता है। अगर आप सफल हो गए तो समाज में आपकी इज्जत होगी, लोगों का आपके साथ व्यवहार परिवर्तित हो जायेगा लेकिन असफल रहने पर आपको बेरोजगार, ठलुआ जैसी संज्ञा मिलेंगी। मायने ये भी रखता है कि आपने सफलता प्राप्त करने के लिए कितना प्रयत्न किया? यदि आपने पूरे समर्पण के भाव से मेहनत की है फिर भी आप अपने मनपसंद क्षेत्र में सफल नहीं हुए तो ये मान लीजिए कि आपने अपने सपने को पूरा करने के लिए जो ज्ञानार्जन किया है वह आपके भावी जीवन में बहुत काम आने वाला है। वही ज्ञान किसी अन्य क्षेत्र में आपका भविष्य निर्माण करने में सहायक हो सकता है। परिणाम-संचालित समाज में, प्रयास अक्सर परिणामों के पीछे चला जाता है, परिणाम-संचालित समाज में, परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती देता है। खेलों में, प्रयास दृढ़ता, अनुशासन और निष्पक्षता को दशार्ता है, जो प्रदर्शन पर प्रक्रिया पर जोर देता है। यह दृष्टिकोण मानसिक लचीलापन और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देता है जबकि डोपिंग और मैच फिक्सिंग जैसी अनैतिक प्रथाओं के दबाव को कम करता है। नैतिक मूल्यांकन को मापने योग्य परिणामों के साथ प्रयास के आंतरिक मूल्य को संतुलित करना चाहिए। मापनीय परिणामों के प्रति जुनून, समाज मात्रात्मक सफलता को प्राथमिकता देता है, अक्सर प्रयास के आंतरिक मूल्य और यात्रा में दृढ़ता को अनदेखा करता है। माता-पिता बच्चे के परीक्षा अंकों की प्रशंसा करते हैं, लेकिन शायद ही कभी अध्ययन या अवधारणाओं को समझने में बिताए गए समय को स्वीकार करते हैं। परिणामों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने से अनावश्यक दबाव बनता है, जिससे तनाव होता है और सुधार या सीखने के लिए आंतरिक प्रेरणा कम हो जाती है। रिकॉर्ड तोड़ने के दबाव का सामना करने वाले एथलीट कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय डोपिंग का सहारा ले सकते हैं। परिणामों पर जोर देने से क्रमिक शिक्षा और सुधार का महत्त्व कम हो जाता है, जिससे सफलता अस्थिर हो जाती है। ऋषभ पंत जैसे क्रिकेटर, जिनकी शुरूआत में असंगतता के लिए आलोचना की गई थी, ने समय के साथ लगातार सुधार करके सम्मान प्राप्त किया। परिणाम-उन्मुख मानसिकता शॉर्टकट या अनैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जिससे निष्पक्षता और खेल भावना खत्म हो जाती है।

## राशिफल

**मेष** – अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**तुला** – पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जानेवाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृष** – महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे।

**वृश्चिक** – दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा।

**मिथुन** – परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़ कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**धनु** – संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**कर्क** – सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**मकर** – मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा। पर प्रपंच में ना पड़ कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**सिंह** – अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कुंभ** – स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नयी ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**कन्या** – कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

**मीन** – सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### श्री शिव शनि मंदिर का पंचम दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 19 से

**लातेहार** : श्री शिव शनि मंदिर के पांचवी वार्षिकोत्सव को लेकर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित की जाएगी जिसकी तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गयी है। मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल महलका ने बताया कि श्री शिव शानी मंदिर के पांचवी वार्षिकोत्सव को लेकर समिति के द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है जिसके तहत 19 जनवरी दिन रविवार को बाजारटांड़ स्थित मंदिर परिसर से 8:30 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी एवं वेदी पूजन का कार्यक्रम होगा। जबकि 20 जनवरी दिन सोमवार को प्रात: 8:00 बजे शनि अभिषेक, रुद्रा अभिषेक और हवन का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि 12:30 बजे दीप प्रज्वलन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष श्री महलका सभी धर्म प्रेमी से अनुरोध है कि तन मन धन से सहयोग करते हुए मंदिर परिसर में पहुंचे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने।

### जिप सदस्य संतोषी शेखर ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

**बरवाडीह/लातेहार** : बरवाडीह प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने बेतला पंचायत की उपमुखिया सुमित और कई वार्ड सदस्यों के साथ मिल कर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने सड़कों के निर्माण, आवास, राशन, पेंशन और अन्य जनकल्याण से जुड़ी समस्याओं से जिला परिषद सदस्य को अवगत कराया। संतोषी शेखर ने वार्ड सदस्यों के सहयोग से एक दर्जन से अधिक वृद्ध और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इसके साथ ही उन्होंने पंचायत क्षेत्र के शिवसागर गांव के समीप झोपड़ियों में रह रहे मुसहर जाति के लोगों से भी मुलाकात की। ठंड के इस मौसम में उनकी समस्याओं को समझते हुए कंबल वितरित किए और झोपड़ियों के लिए त्रिपाल उपलब्ध कराया ताकि उन्हें ठंड से राहत मिल सके। इस अवसर पर संतोषी शेखर ने कहा, रमुसहर जाति हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन उन्हें सरकार की योजनाओं से जोड़ने में हम अभी तक पीछे रहे हैं। इनमें जागरूकता का भी अभाव है। जिला प्रशासन और सभी संबंधित विभागों को मिलकर काम करना होगा ताकि इन्हें सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।इस दौरान रोजगार सेवक कमलेश सिंह, मनोज मांझी, सोनू गुप्ता, गौरव सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### डीसी ने राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**गुमला** : उपायुक्त गुमला श्री कर्ण सत्यार्थी ने आज गुमला प्रखंड स्थित राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय टोटो का साप्ताहिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने विद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए बच्चों के साथ संवादत किया। एवं परीक्षा के तैयारी के दौरान होने वाली कठिनाइयों के संबंध में बच्चों से जानकारी ली एवं उन्हें उचित सलाह भी दी। शिक्षकों को पिछले 5 वर्षों में परीक्षा में आए प्रश्नों का प्रैक्टिस बच्चों को करवाने की बात कही। उन्होंने बच्चों का डाउट क्लास भी लिया। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और जीवन में बड़े सपने देखने का संदेश दिया।

---

### एसडीओ ने अनुमंडलीय पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण, अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सुनीं समस्याएं

# सुलझेंगी समस्याएं, समाधान का मिला आश्वासन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गढ़वा** : सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अनुमंडलीय पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा पुस्तकालय प्रबंधन से जुड़ी छोटी-मोटी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया।

**100 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत मिले**

**एसडीओ** के भ्रमण के दौरान पुस्तकालय में 100 से अधिक छात्र-छात्रायें शांतिपूर्वक अध्ययन करते हुए मिले। अनुशासित तरीके से पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं की उन्होंने तारीफ की। बातचीत के क्रम में जानकारी मिली कि इनमें से ज्यादातर छात्र-छात्राएं एसएससी, बैंकिंग, लोक सेवा आयोग आदि की तैयारी कर रहे हैं।

**अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकों व पत्रिकाओं की रखी मांग**

**अध्ययनरत** विद्यार्थियों ने एसडीओ को बताया कि यहां पर हिंदी माध्यम की प्रतियोगी पुस्तकें तथा दोनों भाषा के समाचार पत्र उपलब्ध है, किंतु अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकें तथा समसामयिक करंट अफेयर की पत्रिकाएं भी अगर उपलब्ध हो जाएं तो बहुत अच्छा होगा। इस पर एसडीओ ने शीघ्र उपलब्धता का आश्वासन दिया।



**पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग**

**प्रतियोगी** छात्रों ने एसडीओ संजय कुमार को बताया कि यहां पर पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें घर से बोतलों में पानी लाना पड़ता है, साथ ही बताया कि साफ सफाई विशेष कर शौचालय की नियमित सफाई न होने से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। इस पर एसडीओ ने बहुत जल्द आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

**वाई-फाई को कराया रिचार्ज**

**निरीक्षण** के क्रम में बच्चों ने संजय कुमार को बताया कि पुस्तकालय का वाई-फाई रिचार्ज नहीं है, जिससे उन्हें अपने मोबाइल का डेटा उपयोग करना पड़ रहा है, इस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए एसडीओ ने पुस्तकालय के दोनों वाई-फाई रिचार्ज करवा दिये। साथ ही इस संबंध में उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को फोन पर निर्देश दिया कि हर महीने वे स्वयं सुनिश्चित कर लेंगे कि पुस्तकालय में दोनों तलों पर वाई-फाई काम कर रहे हों।

**पुस्तकालय के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय लोगों को भी जोड़ने की होगी कवायद**

**संजय** कुमार ने कहा कि यह पुस्तकालय अनुमंडल क्षेत्र का प्रतिष्ठित पुस्तकालय है। इसे सुचारु रूप से संचालित करने में स्थानीय सक्षम लोगों की भी मदद ली जाएगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि यहां पर पढ़ने वाले बच्चे उन्हीं के बीच के और उन्हीं के परिवारों से हैं। इसलिए वे लोग न केवल पुस्तकालय के संचालन की बीच-बीच में देखरेख करते रहें बल्कि कभी-कभी प्रतियोगी अभ्यर्थियों की जरूरत वाली पुस्तकें, पत्रिकाएं आदि भी यथाशक्ति दान करने के लिए आगे आयें।

**पुस्तकालय संचालन समिति के लिए होगा प्रयास**

**एसडीओ** ने कहा कि पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से पुस्तकालय संचालन समिति बनाने की उनकी कार्य योजना है, इसको लेकर जल्द ही वे उपायुक्त के स्तर से अनुमति लेकर एक बैठक का आयोजन करेंगे।

---

## ट्रांसपोर्टिंग रूट परिवर्तन की मांग पर दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन शुरू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के हेरहंज प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को सड़क सुरक्षा एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति ने तुबेद कोल माइंस से कुसमाही साइडिंग तक चल रहे ट्रांसपोर्टिंग रूट को परिवर्तित करने की मांग को लेकर दो दिवसीय धरना प्रदर्शन की शुरूआत की। पहले दिन समिति ने हेरहंज अंचल कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।धरना प्रदर्शन के दौरान आजसू जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने आरोप लगाया कि मां अंबे और डीवीसी कंपनी ईस्ट इंडिया कंपनी की तर्ज पर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को नजरअंदाज कर बाहरी लोगों को ऊंचे पदों पर नियुक्त किया जा रहा है, जबकि यहां के निवासियों को केवल गार्ड की नौकरी देकर सड़क पर धूल फांकने के लिए छोड़ दिया गया है।

**स्थानीय लोगों की समस्याएं**

**पाण्डेय** ने कहा कि तुबेद माइंस से कुसमाही साइडिंग तक कोयले का ट्रांसपोर्टिंग नियमों की अनदेखी कर किया जा रहा है। इस रूट पर आने वाले मुरुप, पतरातू, जानी, नवादा, चिरु, हुम्बू, ब्रामोरिया, इचाक, झाबर, बनियो, बालूमाथ, और सिमरसोत जैसे गांवों के निवासियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़क से उठने वाली धूल के कारण किसान, विद्यार्थी और राहगीर परेशान हैं। कई बुजुर्ग और बच्चे सांस संबंधित गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। दुर्घटनाओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

---

## ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करनेवाले दो गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : सदर थाना क्षेत्र के खोरा गांव निवासी संतोष सिंह उर्फ गुड्डु और सुरज सिंह को पुलिस ने 14 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। गुरुवार को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि 15 जनवरी को एसपी को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था,की खोरा गांव के अन्तर्गत बिरान पड़े ईंट भठा के अन्दर कुछ लोग अवैध रूप से ब्राउन सुगर का खरीद-बिकी कर रहे है। इसके बाद एक पुलिस छापेमारी टीम का गठन करते हुई सूचना का सत्यापन करने खोरा गांव पहुंची। तभी खोरा गांव स्थित बंद पड़े ईंट भठा के पास पहुंचकर जांच पड़ताल करना शुरू किया गया।



इसी दौरान बंद पड़े ईट भठा के कमरा से दो व्यक्ति संतोष सिंह और सुरज सिंह को पकड़ा गया। जिसकी तलाशी लेने पर संतोष सिंह उर्फ गुड्डु के पास से 05 ग्राम ब्राउन सुगर व सुरज सिंह के पास से 09 ग्राम ब्राउन सुगर बरामद किया गया। साथ की कमरे की तलाशी लेने पर वह से एक इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन बरामद किए गया। इसके बाद दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, हिमांशु शेखर सिंह, सुनिल कुमार, सत्यनारायण महली, मो.मिराजुद्दीन अहमद समेत पुलिस बल शामिल थे।

---

## मनिका विधायक ने महुआडांड़ में करोड़ों की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार/महुआडांड़** : महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने तीन महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शिलान्यास और जरहाटोली पुल का उद्घाटन किया। नवीन परियोजनाओं बेल्टोली में पीसीसी पथ निर्माण, चुटिया और बेलवार के बीच पुल निर्माण और ग्राम कुरूद में पीसीसी पथ निर्माण शामिल है। इन परियोजनाओं पर करोड़ों रुपए की लागत आएगी। इनका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड मुख्यालय से बेहतर जोड़ने और यात्रा में समय की बचत करना है। वहीं ग्राम चुटिया के नवयुवकों ने बिजली गांव तक पहुंचाने को लेकर विधायक को आवेदन दिया। जिस पर श्री सिंह ने आश्वासन दिया कि बिजली समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से



अपील की कि उनकी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रखंड में लगातार नयी सड़कों और पुलों का निर्माण कराया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को सुविधाजनक और तेज यातायात की सुविधा मिलेगी।

---

### जिले के प्रखंडों में लगनेवाले स्वास्थ्य मेला को लेकर उपायुक्त ने सम्बन्धितों संग की बैठक

## 20 से 24 जनवरी के बीच लगाया जायेगा स्वास्थ्य मेला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं, कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने एवं बीमारियों की रोकथाम एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए राज्य के सभी प्रखंडों में 'प्रखंड स्वास्थ्य मेला' 2025 का आयोजन किया जाना है।इसके तहत 20 जनवरी से 24 जनवरी के बीच एक दिवसीय प्रखंड स्वास्थ्य मेला जिले के सभी प्रखंडो में आयोजित किया जायेगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने व कार्यक्रम की रूप रेखा तय करने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने पदाधिकारियों संग गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में बैठक की। इस दौरान



उन्होंने संबंधितों को टीम वर्क की भावना के साथ स्वास्थ्य मेले को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर निर्देशित किया।

**दिनांक व तय स्थल का व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें**

**बैठक** में उन्होंने सभी बीडीओ को स्वास्थ्य मेला की तिथि व स्थान का अपने स्तर से व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करने की बात कही ताकि समय रहते आमजनों को मेले से संबंधित जानकारी मिल जाये। उन्होंने मेले में आने वाले आगंतुकों के लिए भोजन, पेयजल आदि की उत्तम व्यवस्था रखने की बात कही।

**चिकित्सकों की ड्यूटी चार्ट व अलग-अलग काउंटरों की व्यवस्था रखने के निर्देश**

**बैठक** में उपायुक्त ने मेले को लेकर कहा कि जिस प्रखंड में मेले का आयोजन होना है,उस प्रखंड के चिकित्सकों की ड्यूटी चार्ट रेडी रखे। उन्होंने विभिन्न प्रकार के जांच के लिये अलग-अलग काउंटर बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि नेत्र जांच के काउंटर पर जांच के पश्चात चश्मा के वितरण की भी व्यवस्था रखें।

**मेले में क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी**

**मेले** में आभा कार्ड,आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के साथ साथ सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, मोतियाबिंद जांच, ईएनटी, दंत,चर्मरोग, कुष्ठ, टीबी, मलेरिया, अंधापन, कैंसर, आयुर्वेद, युनानी, होमियोपैथी, योगा आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी।

---

## जुल्म और जालिम के खिलाफ हम इंकलाब की बुलन्द आवाज हैं : मुमताज अली

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गरीबों मजबूरो लाचारो बेसहारों के हक और इंसाफ की आवाज बनना ही हमारा मजसद है ये बाते समाजवादी पार्टी के नेशनल स्टार कैंपेनर इंडियन नेशनल फाउंडेशन के चीफ मुमताज अली ने झारखंड स्टेट काउंशील की सलाना डेलीगेट्स कन्वेंशन आए हुए अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने कहा कि मुल्क में कमजोरो की स्वाक दवाओं जा रही है मुमताज अली ने कहा कि मजबूर और मजदूर किसान नौजवानों की बात आज कोई नहीं करता चारों तरफ रिश्वत और भ्रष्टाचार का रौशनी जगमगा रहा है इस भ्रष्टाचार और रिश्वत के खेती को खत्म नहीं किया गया तो देश



में गरीबों की आवाज इंकलाब बनकर सड़कों पे तूफान खड़ा कर देगी और हुकूमत देखती रह जाएगी मुमताज अली ने कहा कि आजादी से पहले भी समाज के दवे कुचले कमजोर अपने हक और इंसाफ के लिए आवाज लगाया करता था आज आजादी के 77 वर्ष के बाद भी गरीब और लाचार अपने हक और इंसाफ के लिए आवाज सड़कों पे लगाने को मजबूर है मुमताज अली ने कहा कि रोजी रोटी कपड़ा और शिक्षा स्वास्थ रोजगार मांगने पे देश की हुकूमत लाठी गोली से बात करती है ये कैसा लोकतंत्र बनाकर रख दिया गया है संघ और भगवा ब्रिगेड के जमात के द्वारा किसान के खेत में पानी नहीं गरीब के पेट में रोटी नहीं नौजवान के हाथ में रोजगार नहीं और बच्चों को शिक्षा नहीं बीमार को दवा नहीं क्या यही आजादी है यही लोकतंत्र है क्या यही है हुकूमत की कामयाबी मुमताज अली ने कहा कि मुल्क में जातीय और धार्मिक नफरत फैलाने का काम संघ और भगवा ब्रिगेड कर रही है मुमताज अली ने कहा कि कुछ जमात आज देश के हर हिस्से में धर्म के नाम पे समाज में घृणा फैला है रोजगार दिलाने के नाम पे हाथों में हथियार नौजवानों को थमा रही है।

---

## खाद्यान्न वितरण में अनियमितता व दुर्व्यवहार के आरोप में जन वितरण प्रणाली विक्रेता निलम्बित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : सदर प्रखंड के होटवाग के जन वितरण प्रणाली विक्रेता प्रभु यादव (अनुज्ञप्ति संख्या-02/95), को खाद्यान्न वितरण में अनियमितता और लाभुकों से अभद्र व्यवहार के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रभु यादव पर आरोप था कि प्रत्येक माह 2-3 किलोग्राम खाद्यान्न काटकर वितरण किया जा रहा था और राशन कार्डधारियों से दुर्व्यवहार किया जा रहा था। 20 से अधिक राशन कार्डधारियों द्वारा की गई शिकायत के आधार पर जिला आपूर्ति कार्यालय ने मामले की जांच की। उल्लंघन के लिए झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली विक्रेता (नियंत्रण) आदेश 2022 और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत कार्रवाई की गयी। पूर्व में स्पष्टीकरण मांगे जाने के बावजूद विक्रेता ने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया और न ही शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया। जिला पूर्ति पदाधिकारी के अनुसार, यह निलंबन आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है।

---

### सीआरपीएफ 11 बटालियन ने सिविक एक्शन प्रोग्राम का किया आयोजन

## ग्रामीणों में जगी विकास की उम्मीद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के गारू प्रखण्ड अंतर्गत मारोमार गांव में सीआरपीएफ 11 बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, कंपनी कमांडेंट यादराम बुनकर, द्वितीय कमान अधिकारी पिताबासा पांडा, उप कमांडेंट मुकेश कुमार, सोमनाथ यादव, नीरज कुमार सोनकर समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। जहां पुलिस कप्तान ने बताया कि ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के साथ समाज की मुख्यधारा



से जोड़ना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान उन्होंने बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेंसिल, जर्सी, जूते, कंबल, और शैक्षिक उपकरण वितरित किए गए। साथ ही, युवाओं और महिलाओं के बीच फुटबॉल, जर्सी, बर्तन, डिजिटल लेखन टैब, कंबल आदि का वितरण किया। वहीं विद्यालय में एक कंप्यूटर सेट स्थापित किया गया। कंपनी कमांडेंट याद राम बुनकर ने शिक्षा और खेल को समाज के विकास की नींव बताते हुए ग्रामीण युवाओं को नक्सलवाद से दूर रहने और विकास की मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की। ग्रामीणों ने सीआरपीएफ के इस प्रयास की सराहना की और इसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास और शांति की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

---

## मंईयां योजना के नाम पर गरीब महिलाओं को दौड़ाना बन्द करे सरकार, नहीं तो होगा आन्दोलन : चन्दन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : मईंया योजना कि राशी नहीं आने से परेशान भवनाथपुर के विभिन्न पंचायतों के महिलाओं ने प्रखण्ड कार्यालय पहुंचे भाजपा नेता सह भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर से अपनी समस्या बताई। अपनी समस्या बताते हुए दर्जनों महिलाओं ने कहा कि हम सभी महिलाओं को मईंया योजना का पैसा खाता में नहीं आ रहा है। हम सभी जांच कराने के लिए भवनाथपुर प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर एक सप्ताह से लगा रहे हैं। लेकिन साईट नहीं खुलने का बहाना बना कर हम सभी महिलाओं को बैरंग लौटा दिया जा रहा है। इस संबंध में भाजपा नेता सह पंचायत समिति सदस्य चन्दन ने महिलाओं को आश्वासन दिलाते हुए कहा कि सरकार द्वारा



चलाई गयी इस योजना का पैसा नहीं आने से गरीब महिलाएं परेशान हैं। सरकार सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिलाकर गरीब महिलाओं को दौड़ना बन्द करे, नहीं तो इन्हीं महिलाओं के साथ मिलकर आंदोलन किया जायेगा।

---

# विधायक ने तीन योजनाओं का किया शिलान्यास

- विद्यालय भवन बन जाने से क्षेत्र के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा व मार्गदर्शन मिलेगा : विधायक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पांकी प्रखंड के रनेभरी में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा स्वीकृत नव उत्क्रमित टेन पलाश टु उच्च विद्यालय भवन निर्माण एवं ठुब पंचायत के टोला केवाल पर गुरुवार को उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण एवं लोहरसी पंचायत के गीडी में शरना चार दिवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास पांकी विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता ने पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़ कर शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके



पर विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, पानी, बिजली व स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। क्षेत्र के विकास के लिए उसी कड़ी में एक कदम बढ़ाते हुए आज ठुब पंचायत के केवाल में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र एवं लोहरसी के गीडी में शरना चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। है। इसके तहत ठुब पंचायत ही नहीं अगल बगल के गांव के लोग भी उप स्वास्थ्य केन्द्र के बन जाने से लोगों को लाभ मिलेगा। उनका मकसद क्षेत्र का विकास करना है जिसके लिए दिन रात लगे हुए रहते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि आने वाले समय में पूरे पांकी विधानसभा में सड़क, नाली, उप स्वास्थ्य केन्द्र और अन्य तरह के विकास कार्यों का शिलान्यास व कार्य किया जाएगा। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, लोहरसी भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह,प्रोफेसर बच्चन ठाकुर,ठुब मुख्य प्रतिनिधि जसवंत वर्मा, यशवंत मेहता, संतु सिंह, विजय ठाकुर, धर्मदेव मेहता, सुरेंद्र डॉक्टर रामचरित्र सिंह,मेहता, कार्तीक सिंह सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता ने अपने प्रतिनिधि कार्यालय कक्ष का फीता काट कर किया उद्घाटन



**मेदिनीनगर** : प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने अपने विधायक प्रतिनिधि कार्यालय कक्ष का स्वयं फीता काटकर कर उदघाटन किया। भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में विधायक प्रतिनिधि कार्यालय खुलने से विकास काम में तेजी आयेगी। दूर दराज से आने वाले फरियादियों का काम त्वरित गति से हो सकेगा। डॉ मेहता ने कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ जनता ने हमें दोबारा चुना है,उनका विश्वास बनाए रखने के लिए उनकी समस्या का समाधान जरुरी है। ताकि लोगों में जनप्रतिनिधियों के प्रति विश्वसनीयता बनी रहे। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी सभी लोगों को होनी चाहिए। सरकार जनता के हित को ध्यान में रखकर योजनाएं धरातल में उतार रही है। आम लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ योजनाओं का लाभ भी दिलाने का काम करें। विधायक ने कहा कि विस क्षेत्र का चौमुखी विकास व आम जनता के हर सुख-दुख में हम साथ हैं। सरकार की जन कल्याण कारी योजनाएं धरातल पर उतारा जायेगा। समस्याओं को लेकर अगर कोई ऑफिसर जनता की बात नहीं सुनता है, तो विधायक प्रतिनिधियों से सीधे तौर पर शिकायत करें। उन्होंने प्रतिनिधियों को बताया कि सप्ताह में सातों दिन यहां बैठकर जनता की समस्या का निदान करने की पूरी कोशिश करें।

---

### सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल में स्वच्छता व जागरूकता अभियान का आयोजन



**लातेहार** : बरवाडीह प्रखंड के सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल में स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन पीएलबी मुरारी झा की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुई। उन्होंने छात्रों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए कचरा प्रबंधन, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, और सामुदायिक सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर छात्रों के लिए कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गयीं। इनमें सफाई अभियान, पोस्टर निर्माण, समूह चर्चा, और नुक्कड़ नाटक शामिल थे।

## एक झलक

### चोरी की घटना में त्वरित कार्रवाई; पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक कोडरमा को सूचना मिली कि कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम- दुधीमाटी में एक घर में चोरी की घटना घटित हुई है। इस घटना की सत्यता की जांच के लिए अनिल कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी की, जिसके दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया और चोरी की गई वस्तुएं भी बरामद की गईं। इस संबंध में कोडरमा थाना कांड संख्या- 10/25 दिनांक- 15.01.2025 धारा- 331 (4)/305/3 (5) बी.एन.एस. दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी :- नाम : दिलीप कुमार सिंह उम्र : 20 वर्ष पिता का नाम : स्व० बालेश्वर सिंह पता : गोतिया, थाना- पदमा सरैया, जिला- हजारीबाग बरामद/जप्ती सूचनाएं :- भारत गैस का बड़ा सिलेंडर- एक उजला कंपनी का मिक्सी- लोहे का 01 ग्रिल-लोहे की 02 खिड़कियां छापामारी दल में :- पु०नि०-सह-प्रभारी सुजीत कुमार, कोडरमा थाना- स०अ०नि० लालसाहय उरॉव, कोडरमा थाना- सशस्त्र बल, कोडरमा थाना इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय निवासियों में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ी है।

### वन विभाग ने 25 टन ढिबरा लोड ट्रक सहित ड्राइवर को किया गिरफ्तार

**डोमचांच** : डोमचांच वन विभाग द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर त्वरीत कारवाई करते हुए गुरुवार को सुबह लगभग 07:35 बजे डोमचांच वन गश्ती टीम जिसका नेतृत्व वन क्षेत्र पदाधिकारी डोमचांच वन प्रक्षेत्र द्वारा की जा रही थी, NH33 कोडरमा गिरिडीह पथ पर चंचालनी गेट के पास 12 चक्का ट्रक नं0-JH02AK-3341 को लगभग 25 टन ढिबरा लोड को पकडा गया, जिसमें ड्राईवर एवं ढिबरा मालिक सह गाडी मालिक सुजय कुमार, पिता मोहन प्र० यादव, ग्राम घघरीकुरा, थाना तिसरी, जिला- गिरिडीह को गिरफ्तार किया गया, जप्त ढिबरा लगभग 10,00,000 (दस लाख) रूपया का है, जप्ती में वनरक्षी राजेश शर्मा, पिन्टू पंडित, सुनिल कु० दास, अभिमन्यु कुमार थे। जॉचोपरान्त ड्राईवर द्वारा बतलाया गया कि नम्बर प्लेट दुसरा गाडी का लगाये है, इसका नम्बर प्लेट गाडी में रखा है। जो गाडी पकडी गई है, उसका नं.- JH10AB -0381 है। साथ ही साथ अग्रेतर कार्यवाही की गयी।

### दीपक बिरुआ से मिले कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान

**कोडरमा** : झारखंड सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुआ से आज झारखंड मंत्रालय स्थित प्रोजेक्ट भवन रांची में कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान मिले। उन्होंने मंत्री से मिलकर जिले के सभी अंचल कार्यालय में सुचारू रूप से आम जनों का ससमय काम नहीं होने पर इसकी शिकायत की है। शिकायत में उन्होंने कहा कि कि अंचल स्तर पर आम जनों को लगान रसीद, म्यूटेशन दाखिल खारिज भूमि सत्यापन जांच प्रतिवेदन समय पर नहीं होने की चलते आम जनों को काफी परेशानी झेलना पड़ता है जिस पर मंत्री ने सारी बातों को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया। मौके पर वरीय कांग्रेस नेता रामलखन पासवान जिला सचिव दशरथ पासवान दिलिप पासवान रहे मौजूद।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित

# विकास योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में संचालित कल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में विकासात्मक कार्यों को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, महुआडांड अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी उपस्थित रहे।

## 50 दिवसीय डोकरा प्रशिक्षण के समापन पर 20 कारीगरों के बीच टूल किट का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला जिले के बसिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम रामजरी में आज मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रांची झारखंड द्वारा प्रायोजित कौशल उन्नयन योजना के तहत आयोजित 50 दिवसीय डोकरा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। इस कार्यक्रम में 20 कारीगरों को प्रशिक्षित किया गया, जिनके बीच उन्नत टूल किट का वितरण किया गया। समारोह में उपस्थित जिला समन्वयक ने कहा, 'डोकरा कला न केवल हमारी परंपरा का प्रतीक है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का भी माध्यम है। प्रशिक्षण प्राप्त कारीगर अब अपनी कला को नई ऊंचाई तक ले जाने और इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में सक्षम होंगे।₹ उन्होंने कारीगरों को प्रोत्साहित करते हुए डोकरा निर्मित उत्पादों के विपणन और उनके बाजार को विस्तार देने का भी आश्वासन दिया। प्रखंड उद्यमी समन्वयक, श्री गंदुर उरांव ने कहा कि उन्नत टूल किट के माध्यम से कारीगर अब डोकरा कला से बनी मूर्तियां, खिलौने एवं अन्य वस्तुओं की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता को और अधिक बेहतर बना सकेंगे। उन्होंने कहा, 'इस पहल से कारीगरों की आय में वृद्धि होगी और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा।

## 13 जुलाई 2024 को अवैध खनन कारोबार पर हुई थी कार्रवाई

# अवैध खनन की दें जानकारी, होगी कार्रवाई : आनंद कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुमका** : उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के निर्देश के आलोक में जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन पर पूर्णत रोक को लेकर डीएमओ आनंद कुमार पूरी तरह से कटिबंद्ध है और उन्होंने अपने पदस्थापना के साथ ही यह स्पष्ट कर दिया था कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन नहीं होने दिया जाएगा,इसी सोच को लेकर डीएमओ के द्वारा लगातार जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम के लिए छापेमारी की जा रही है एवं अपने अधिनस्थ कर्मियों से करवाते रहते है,जिसके कारण कई बार अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन करने वालों को पकड़ा गया एवं अवैध कारोबारियों पर नियम संगत कार्रवाई की गयी। जिसका प्रतिफल है कि जिले में अवैध कारोबार का धंधा काफी कम हो रहा है।

### डीएमओ के निर्देश पर खान निरीक्षक ने बादलपाड़ा का किया निरीक्षण

**अवैध खनन,** भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर डीएमओ आनंद कुमार के निर्देश के आलोक में खान निरीक्षक बहमदेव यादव ने बुधवार को शिकारीपाड़ा स्थित बादलपाड़ा के लिटिया पहाड़ के आस-पास किए गए अवैध कोयला खनन कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण में खान निरीक्षक ने पाया कि पूर्व में अवैध कोयला खनन कार्य को लेकर बनाए गए गड्ढे को डोजरींग गए जाने के बाद पुनः अवैध कारोबारियों के द्वारा गड्ढा खोद कर अवैध खनन नहीं किया गया है। अवैध कोयला खनन किए जाने की सूचना पर 13 जुलाई 2024 को जिला प्रशासन के द्वारा शिकारीपाड़ा के बादलपाड़ा स्थित लिटिया पहाड़ के आस-पास छापेमारी की गयी थी।

## हजारीबाग में महिला गैंग सक्रिय, लोगों से जबरन वसूल रही है पैसे राहगीरों को बनाया जा रहा है टारगेट, खुद को बताती है गुजराती



**हजारीबाग** : हजारीबाग के शहर में इन दिनों महिला गैंग सक्रिय है। जो सुनसान इलाकों में लोगों से पैसा वसूल रही हैं हजारीबाग के विभिन्न इलाकों में इन्हें देखा जा रहा है। जिनकी संख्या 6 है देखने से ही यह महिला बाउंसर जैसी लगती है। लंबी चौड़ी गोरी कद-काठी कि लड़कियों को देखकर कोई भी गाड़ी भय से रोक देता है सड़क के बिचो -बीच ये खड़ा होकर गाड़ी रुकवाती है. चार पहिया हो या दो पहिया सभी गाड़ी इनके टारगेट में रहता है जब गाड़ी रुकता है तो उनसे वह पैसा वसूलते हैं इसे लेकर वह एक कागज भी रखी हुई है और कहती है कि किसी एनजीओ के लिए पैसा वसूल रही है। यहां सवाल खड़ा होता है कि गुजरात की बताने वाली यह युवती झारखंड में पैसा क्यों वसूल रही है कुछ दिन पहले इन्हें निर्मल महतो पार्क के आसपास भी पैसा वसूलते हुए देखा गया। वहीं गुरुवार को कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत सुल्ताना में बीच सड़क पर यह पैसा वसूल रही थी। गोरी चट्टी लंबी कद कि यह युवतियों का पहनावा भी थोड़ा अलग है अगर कोई व्यक्ति उनकी तस्वीर लेना चाहता है तो वह उसी पर हावी हो जाती है यही कारण है कि भई के कारण भी लोग पैसा दे देते हैं। सुल्ताना में जब यह पैसा वसूल रही थी तो कुछ स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना थाना प्रभारी को दिया। थाना प्रभारी ने पेट्रोलिंग गाड़ी भेजा तो वहां युवती वहां से जाने की बात करने लगी जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने कुछ कागज दिखाया बताया कि एनजीओ के लिए पैसा जमा करने के लिए हजारीबाग पहुंची हूं।

## आरपीएफ ने 08 शराब की बोतलों के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा जिला के रेलवे स्टेशन पर निरीक्षक प्रभारी/कोडरमा के नेतृत्व में ASI/O.P. सिंह, आरक्षी अभय कुमार और आरक्षी रामभरोसी मिना द्वारा गश्त की गई। गश्त के दौरान प्लेटफार्म सं0- 04 के न्यू फुट ओवर ब्रिज के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में ग्रे रंग के पिठ्ठु बैग के साथ पाया गया। व्यक्ति ने अपना नाम सनी कुमार, उम्र करीब 18 वर्ष, पिता का नाम मनोज प्रसाद और पता पत्थर हाट, थाना- धनरूआ, जिला- पटना (बिहार) बताई। जब उसके बैग की जांच की गई, तो उसमें निम्नलिखित शराब की बोतलें पाई गईं:1. 06 बोतलें Black By Bacard Super Class Original Premium Crafted Ru (750 मिली, कीमत 620/- प्रति बोतल)2. 02 बोतलें Blenders Pride Exclusive Premium Whisky (750 मिली, कीमत 930/- प्रति बोतल) सनी कुमार ने बताया कि वह बेरोजगार है और इन शराब की बोतलों को बिहार ले जाकर अधिक दामों में बेचने का प्रयास कर रहा था। उसने शराब के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिखाए और संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। पुलिस द्वारा मौके पर ही सउनि/ओम प्रकाश सिंह की उपस्थिति में शराब की बोतलों को जप्त किया गया।

## स्थापित संघर्ष समिति का धरना 25वें दिन भी जारी, बीडीओ से वार्ता फेल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : एशिया के सबसे बड़े केसिंग प्लांट की नीलामी के बाद प्लांट की कटिंग के विरोध मे विस्थापित संघर्ष समिति नें नेतृत्व में मजदूरों का धरना प्रदर्शन 25वें दिन भी जारी रहा। धरना के 24वें दिन शाम मे प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद जी राम नें प्रखंड कार्यालय बुलाकर विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे अध्यक्ष वीरेंद्र साह, नंदलाल पाठक,महा सचिव रामविजय साह, दीपक जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, मजदूर नेता शंभू राम के साथ वार्ता की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विस्थापित संघर्ष समिति से अनुरोध कि आप धरना को समाप्त करें,सेल प्रबंधन से आपकी मांगो को रखा जाएगा। उक्त वार्ता में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं विस्थापित संघर्ष समिति के बीच समन्वय नहीं बन पाने से वार्ता विफल हो गई। विस्थापि संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे ने बीडीओ से कहा कि सेल प्रबंधन सभी प्रकार के मजदूरों का रिटेचमेंट एवं ग्रेच्युटी कि पैसा भुगतान किया जाए, तुलसीदामर डोलोमाइट खदान को चालू कराया जाए, क्रेशर प्लांट कटिंग के आँक्शन को रद्द किया जाए सहित अन्य मांगे सेल प्रबंधन नहीं मानती है तब तक हम लोग का धरना जारी रहेगा। 25वें दिन धरने मे सुशील चौबे, वीरेंद्र साह, धर्मेंद्र गुप्ता, ददुली साह, शंभू राम, बाला यादव, शनीचर अगरिया, रामपति देवी, बुधनी देवी, चिंता देवी, फुलवा देवी, प्रमिला देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नीरा यादव ने कोडरमा नगर पंचायत की तीन योजनाओं का किया शिलान्यास

# दूधीमाटी नाली के निर्माण से कई घरों में नहीं घुसेगा बारिश का पानी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : गुरुवार को कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव तीन योजनाओं में दो नाली एवं एक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया । उन्होंने स्थल पर फीता काट कर नारियल फोड़कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर सभी योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें क्रमशः वार्ड 09 में सात लाख छिहत्तर हजार नौ सौ रुपए की लागत से विवेक मेडिकल से बैजू यादव के बाउंड्री तक आरसीसी नाली ढक्कन सहित, वार्ड 13 में छः लाख सोलह हजार पांच सौ रुपए की लागत से उपेन्द्र यादव के घर से उमेश सिंह के घर तक पीसीसी पथ एवं वार्ड 10 दूधीमाटी में तीन लाख निनानवे हजार चार सौ रुपए की लागत से गणेश वर्णवाल के घर से दुधिमाटी मेन नाली तक आरसीसी नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया । मौके पर उपस्थित दूधीमाटी के स्थानीय ने विधायक के प्रति आभार जताया और कहा कि हम सभी नीरा मैडम का बहुत बहुत आभारी हैं जो उन्होंने यह नाली की स्वीकृति करवाई । स्थानीयों ने कहा कि नाली नहीं होने पर कुछ घरों में बरसात का पानी घरों में घुस जाया करता था जिससे आम लोगों को काफी परेशानी होती थी अब इसके बनाए जाने पर ऐसी नौबत नहीं आएगी। स्थानीय रंजु कुमारी एवं सुषमा देवी ने फूल का गुलदस्ता दे कर नीरा यादव का स्वागत किया और उन्हें आभार जताया। नीरा यादव ने कहा आपके जनहित के सारे कार्य अवश्य पूरे किए जाएंगे, इसके लिए मैं कृतसंकल्पित हूं। मौके पर विभाग के कनीय अभियंता प्रद्युम्न कुमार एवं गौरव मिश्रा, संजीव यादव, पूर्व प्रमुख राजकुमार यादव, चंदन सिंह, दिवाकर कुमार, गजाधर शर्मा, आदित्य पांडे, मनोज झा, सौबिक दत्ता, अनिल पांडे, विभूति सिन्हा, बंटी सिंहा, अजय यादव, सुजल रंजन, रंजीत पांडे, सुजल सिंह, सोनी अग्रवाल, उर्मिला शर्मा, संजय साव एवं दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# राहत के लिए सड़कों पर लकड़ियां व कागज जलाते हुए देखे जा रहे लोग

## ठंड मौसम से किसान, बेघर लोग और जानवर सबसे ज्यादा होते हैं प्रभावित



**ओम प्रकाश**

**मेदिनीनगर** : सर्दियां सबसे ठंडा मौसम है जो दिसंबर से शुरू होकर फरवरी मार्च तक रहता है। सर्दी का चरम समय दिसंबर और जनवरी में सबसे अधिक होता है। हमारे यहां भी सर्दी का बहुत महत्व है। इसके अलावा, इसके सार की कई लोगों ने प्रशंसा की है। बच्चों के लिए अपनी छुट्टियों का आनंद लेने और अपने कंबलों में आराम करने का यह एक अच्छा समय है।सर्दी के मौसम दिन छोटे हो जाते हैं और रातें लंबी हो जाती हैं। सर्द सुबहें आपको एक अलग ही एहसास देती हैं। सर्दियों के दौरान कॉफी, चाय और हॉट चॉकलेट जैसे गर्म पेय पदार्थों का अधिक आनंद लिया जाता है। सूरज काफी देर से उगता है और कभी-कभी नहीं भी उगता। जब ऐसा होता भी है तो यह थोड़ा गर्म नहीं होता। लोग थोड़ी धूप की चाहत रखते हैं क्योंकि ठंडा मौसम रीढ़ की हड्डी में ठंडक पहुंचा देता है। आप सड़कों पर लोगों को थोड़ी गर्मी पाने के लिए लकड़ियाँ और कागज जलाते हुए देखते हैं। हालाँकि, बहुत से लोग सर्दियों में बाहर जाना पसंद नहीं करते हैं। उन्हें पूरे दिन अंगीठी या हीटर के पास बैठना पसंद है। लेकिन, इस सीजन का एक नकारात्मक पहलू भी है। इस मौसम से किसान, बेघर लोग और जानवर सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। इस सीजन में किसानों के लिए कोई व्यवसाय नहीं है। कड़ाके की सर्दी के कारण सैकड़ों बेघर लोग मर जाते हैं। पशुओं को उचित आश्रय न मिलने के कारण वे भी अपनी जान गंवा बैठते हैं। इसके अलावा इस मौसम में कई उड़ानें भी रद्द कर दी जाती हैं. बहरहाल, इससे सर्दी कम महत्वपूर्ण नहीं हो जाती। जबकि सर्दी अपने ठंडे तापमान के लिए जानी जाती है, यह गर्मी और एकजुटता का भी मौसम है। परिवार और दोस्त आग जलाने, गर्म कोको का स्वाद लेने और कहानियाँ साझा करने के लिए इकट्ठा होते हैं। सर्दी दुनिया भर की संस्कृतियों पर गहरा प्रभाव डालती है। नव वर्ष जैसे त्योहार मौसम की विशिष्ट विशेषताओं और रीति-रिवाजों को मनाने के लिए उभरे हैं। इसके अलावा, मानवविज्ञानी पुष्टि करते हैं कि ये सांस्कृतिक परंपराएं हमारे, हमारी विरासत और प्राकृतिक दुनिया के बीच एक सार्थक संबंध स्थापित करती हैं।

**ई-नीलामी**

**ई-निलामी सूचना संख्या: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2024, तिथि: 15.01.2025।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 ने रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की है। कैटलॉग पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार हैं: **ई-नीलामी सूचना संख्या:** सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2024 **तिथि:** 15.01.2025। **श्रेणी:** पार्सल स्कैनर; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीपीएस11; **संपत्ति का विवरण:** रांची मंडल के रांची और हटिया पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर की स्थापना और संचालन; **नीलामी प्रारंभ की तिथि:** 20.01.2025 को 10.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि:** 20.01.2025 को 10.40 बजे; **श्रेणी:** विज्ञापन; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीएडीवीटी33; **संपत्ति का विवरण:** रांची मंडल में वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधों (आउट ऑफ होम 07, इनसाइड स्टेशन 3, ट्रेन इंटीरियर-07, ट्रेन एक्सटीरियर-11) के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ की तिथि:** 10.02.2025 को 10.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि:** 10.02.2025 को 15.00 बजे; **श्रेणी:** खानपान; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीसीसीटीजी30; **संपत्ति का विवरण:** रांची मंडल में जीएमयू और एसएमयू श्रेणियों के तहत 49 खानपान इकाइयों के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ की तिथि:** 29.01.2025 को 11.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि:** 30.01.2025 को 11.50 बजे; **श्रेणी:** एमपीएस; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीएमपीएस20; **संपत्ति का विवरण:** रांची मंडल में 11 एमपीएस इकाइयों के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ की तिथि:** 30.01.2025 को 11.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि:** 30.01.2025 को 13.10 बजे; **श्रेणी:** विविध सांख्यिकी (चिकित्सा सुविधा); **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीएमएफसी15; **संपत्ति विवरण:** रांची स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ की तिथि:** 11.02.2025 को 10.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि:** 11.02.2025 को 10.30 बजे; **श्रेणी:** एवीएम; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीएवीएम23; **संपत्ति की विवरण:** रांची मंडल में एवीएम-3, डब्ल्यूवीएम-12 के लिए **ई-नीलामी; नीलामी प्रारंभ की तिथि:** 30.01.2025 को 10.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि:** 30.01.2025 को 12.40 बजे; **श्रेणी:** विविध स्टेटिक्स (बैटरी चालित वाहन); **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीवीओसी10; **संपत्ति का विवरण:** रांची मंडल के रांची और हटिया में बैटरी चालित वाहन के संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ की तिथि:** 10.02.2025 को 10.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि:** 10.02.2025 को 10.40 बजे; **श्रेणी:** पार्किंग; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीपार्किंग33; **संपत्ति का विवरण:** पिस्का, रामगढ़, इटकी और सुईसा स्टेशन पर पार्किंग के प्रबंधन के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ की तिथि:** 10.02.2025 को 10.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि:** 10.02.2025 को 11.00 बजे; **नोट:-** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस की वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट के अनुसार विवरण ऊपर उल्लिखित सूची के अंतर्गत उपलब्ध हैं।

**(PR-1017)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, रांची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय उप कारा, खूँटी**

**ई०-निविदा सूचना**

**HJ & DM/SJ-KHUNTI/Y2025-26/216**

1. कारा का नाम- **उप कारा, खूँटी।**
2. विषय- **कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जीयों, आलु, फल, खस्सी मांस, सरसो का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०-निविदा का आमंत्रण।**

**(वार्षिक निविदा दिनांक-01.04.2025 से 31.03.2026 तक)**

3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) Online स्वीकार की जायेगी, जो निम्न प्रकार है - **5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।**
4. वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय- **05.02.2025 से 11.02.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक।**
5. निविदा Online upload करने की तिथि- **05.02.2025 से 11.02.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक।**
6. आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि-**दिनांक-13.02.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।**
7. अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/- से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि।

**दिनांक-13.02.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।**

8. निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान-

**तिथि-14.02.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी की उपस्थिति में।**

नोटः-

1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

**अधीक्षक,**
**उप कारा, खूँटी**

**PR 344406 (Prison)24-25*D**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**
**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना-92/2024-25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या-1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 29.01.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 30.01.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.01.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल-1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Nurses Quarter in the Campus of APHC Patrahatu Silli, Ranchi | 2813000 | 56300 | 5000 | Three Months |
| 2 | Renovation work of first floor of the office building of Regional Director, Animal Husbandry Department, South Chhotanagpur, Kanke, Ranchi | 2434500 | 48700 | 5000 | Two Months |
| 3 | Renovation work of the meeting room building located in the office premises of Regional Director, Animal Husbandry Department, South Chotanagpur Region, Kanke, Ranchi | 1994950 | 39900 | 5000 | Two Months |

नोट :- निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्ल संख्या-1, राँची।**

PR 344370 Building(24-25)D

## एक झलक

### आदमी से भरा ट्रैक्टर पलटने एक की मौत

**नवादा** : नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के पैंगरी पंचायत स्थित बेलदरिया गांव निवासी 75 वर्षीय गेनौरी यादव का शव के दाह-संस्कार करने जा रहे आदमी से भरा ट्रैक्टर पलटने से गुरुवार को उनकी दामाद की मौत हो गई। कई गंभीर रूप से जख्मी भी हो गए। जानकारी के अनुसार,थाना क्षेत्र के पैंगरी पंचायत स्थित बेलदरिया गांव निवासी गेनौरी यादव के शव का दाह-संस्कार करने जा रहा आदमी से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर कुटरी मोड़ के पास पलट गई। जिसमें एक अधेड़ की मौत घटनास्थल पर ही हो गई । हालांकि संतुष्टि के लिए आसपास के लोगों ने स्थानीय अस्पताल लाया ।जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। ट्रैक्टर पर सवार आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक की पहचान नालंदा जिला के गिरियक थाना क्षेत्र के ओकनामां गांव निवासी युगेश्वर यादव के 38 वर्षीय पुत्र विजेंद्र यादव के रूप में की गई । सड़क दुर्घटना में मृत विजेंद्र यादव रिश्ते में मृतक गेनौरी यादव का दामाद बताया जाता है .जबकिबेलदरिया गांव निवासी जख्मी साधु यादव को स्थानीय पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर कर दिया। बेलदरिया गांव निवासी क्रमश: सामो देवी,जीतु कुमार,रीता देवी,जुरवान चौहान,चांदनी कुमारी सहित अन्य लोग स्थानीय पीएचसी में इलाजरत हैं । इधर सड़क दुर्घटना में हुई विजेन्द्र यादव की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### सुभाष चौक के निकट सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़** : रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में 17 जनवरी को शहर के सुभाष चौक के निकट 11:00 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीसी चंदन कुमार, उदघाटनकर्ता एसपी अजय कुमार होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीटीओ मनीषा वत्स, केडक्वॉटर डीएसपी चंदन वत्स, यातायात प्रभारी गजेंद्र पांडे व रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार शामिल होंगे। उक्त जानकारी 17 जनवरी को रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

### अपराधियों ने महिला मुखिया से मांगी 10 लाख की रंगदारी

**पूर्वी चंपारण** : जिले के चकिया थाना क्षेत्र के मधुरापुर की महिला मुखिया इंदु देवी से अपराधियों ने फोन करके 10 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की है। रंगदारी न देने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है ।इस वाकया के बाद भयभीत मुखिया ने चकिया थाना में आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। मुखिया के तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया है,कि मुखिया ने आवेदन में जिन मोबाइल नंबरो का उल्लेख किया है। उसकी जांच की गई ।उक्त मोबाइल नंबर उसी पंचायत के दो युवकों निकला है ।फिलहाल पुलिस उन युवको की तलाश कर रही है।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत 50 लोगों को मिला मोबाइल

**भागलपुर** : ऑपरेशन मुस्कान के तहत भागलपुर पुलिस लोगों के चोरी किए गए मोबाइल लोगों को वापस करने का अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत अब तक भागलपुर पुलिस ने 2024 में लगभग 500 मोबाइल बरामद कर मोबाइल धारकों को सौंप चुकी है। इसी क्रम में भागलपुर पुलिस ने गुरुवार को 50 मोबाइल धारकों को उनके खोए हुए मोबाइल को सौंपा है। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय कांत ने जानकारी देते हुए।

## मुख्यमंत्री ने 'प्रगति यात्रा' के तीसरे चरण में खगड़िया जिले को दी 430 करोड़ रुपये की सौगात

# 224 विकासात्मक योजनाओं का किया उद्घाटन

**एजेंसी**

**पटना** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज खगड़िया जिले से प्रगति यात्रा के तीसरे चरण की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने खगड़िया जिले को 430 करोड़ रुपये की 224 विकासात्मक योजनाओं की सौगात दी। इनमें 89 योजनाओं का उद्घाटन एवं 135 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने खगड़िया जिला अंतर्गत गोगरी प्रखंड के महेशखूंट में 43 करोड़ रुपये की लागत से बने पशु आहार कारखाना का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात्मुख्यमंत्री ने पशु आहार कारखाना का निरीक्षण किया। इसकी उत्पादन



क्षमता प्रतिदिन 300 मीट्रिक टन है। इस पशु आहार कारखाना से आस-पास के 5 लाख से अधिक पशुपालक लाभान्वित होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी अच्छे ढंग से इस पशु आहार कारखाना का निर्माण हुआ है और आज इसकी शुरूआत भी कर दी गई है। पशु पालकों को अब पशु चारा आसानी से उपलब्ध होगा। पशु आहार मिलने से दुधारू पशुओं के दूध में वृद्धि होगी, जिसका फायदा सीधे किसान पशुपालकों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने महेशखूंट पंचायत के वार्ड संख्या-12 का भ्रमण कर जल-जीवन-हरियाली योजना, हर घर नल जल योजना, मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइट योजना सहित विभिन्न विभागों द्वारा कराए गए विकासात्मक कार्यों एवं उपलब्ध कराई गई बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी को बहुत-बहुत बधाई। आप सभी जीविका दीदियां बहुत अच्छा काम कर रही हैं। हमलोगों ने वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ानी शुरू की, जिसका परिणाम है कि आज बिहार में 1 करोड़ 31 लाख महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर जीविका दीदियों के रूप में काफी अच्छा काम कर रही है। हमलोगों ने अब शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूहों का गठन कराना प्रारंभ किया है। अब तक शहरी इलाके में 26 हजार से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है, जिनसे 3 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अलौली प्रखण्ड में बागमती नदी पर गढ़ घाट में उच्चस्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस आरसीसी पुल की लंबाई 400 मीटर होगी और इसकी अनुमानित लागत 95 करोड़ रुपए होगी। बाढ़ के दिनों में जलस्तर बढ़ने के बाद सम्पूर्ण पंचायत क्षेत्र जलमग्न हो जाता है, जिसके कारण यह क्षेत्र अपने जिला मुख्यालय एवं प्रखण्ड मुख्यालय से पूर्णतः कट जाता है। कृषि कार्य के लिये ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण नाव का सहारा लेना पड़ता है। इस पुल के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ होगा। खगड़िया जिलान्तर्गत राजेन्द्र चौक, खगड़िया से बखरी बस स्टैण्ड होते हुये रेलवे क्रासिंग तक प्रस्तावित पथ के निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। यह फोर लेन 1.5 किलोमीटर लंबी होगी।

## ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली बिल बकायेदारों के काटे जायेंगे कनेक्शन



**एजेंसी**

**अररिया** : फारबिसगंज विद्युत आपूर्ति प्रमंडल क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल जमा नहीं करने वाले बकायेदारों का कार्रवाई की जाएगी। दो हजार या दो-तीन माह से बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे जाएंगे। उक्त जानकारी विद्युत विभाग के ग्रामीण जेई अरविंद कुमार ने दी ।उन्होंने उपभोक्ताओं की असुविधाओं को देखते हुए विभाग स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य कर रही है, जिसमें लोगों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में दर्जनों उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटा गया। उन्होंने बताया दो माह से अधिक समय का बिजली बिल बकाया रहने वाले लोगों का बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है ।समय पर बिजली बिल जमा करने से डिस्काउंट की सुविधा मिलती है, जिसका लाभ बड़े कल कारखाने ले रहे हैं। आम उपभोक्ताओं को भी चाहिए कि समय पर बिजली बिल का भुगतान कर उस छूट का लाभ उठा सकते हैं। इस मौके पर जेई अरविंद कुमार ने बताया कि लाइन कटने के एक माह से अधिक बिजली बिल बाकी रहने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है।

## एसयूडी लाइफ की नयी यूनिट लिंक्ड फंड लॉन्च

**रांची/धनबाद** : स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसयूडी लाइफ) ने नए साल में एसयूडी लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। कंपनी के मुताबिक यह फंड पॉलिसीधारकों को तेजी से बढ़ते मिडकैप मार्केट में निवेश करने का मौका दे रहा है। एसयूडी लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड हर 6 महीने में री-बैलेंस होता है। यह फंड निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 इंडेक्स को ट्रैक करता है। एसयूडी लाइफ के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर प्रशांत शर्मा के मुताबिक, ह्लयह फंड उन लोगों के लिए है जो मिडियम से हाई रिस्क लेने के लिए तैयार हैं और लंबे समय में अपने निवेश को बढ़ाना चाहते हैं। यह फंड वर्तमान में एसयूडी लाइफ स्टार ट्यूलिप, एसयूडी लाइफ वेल्थ क्रिएटर, एसयूडी लाइफ वेल्थ बिल्डर और एसयूडी लाइफ ई-वेल्थ रोयाल के तहत उपलब्ध होगा।

## हुंडरू जतरा परम्परा, संस्कृति और सामुदायिक एकता का उत्सव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : बुधवार को चाला अखड़ा खोड़हा, ग्राम शाखा हुंडरू, अनगड़ा (रांची, झारखंड) द्वारा हुंडरू जतरा का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और सामुदायिक भावना का प्रतीक है। आयोजन स्थल हुंडरू जलप्रपात की प्राकृतिक छटा और उत्सव के रंगीन आयोजन ने इस दिन को यादगार बना दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष जीतराम बेदिया ने सभी प्रतिभागियों और आगंतुकों को धन्यवाद दिया और भविष्य में ऐसे आयोजनों के लिए सामुदायिक सहयोग की अपील की। उपाध्याय - अमित बेदिया एवं कोषाध्यक्ष - मनीष बेदिया और उनकी टीम के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर विधि व्यवस्था को बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाई। इस




मौके पर रांची से पहुंचे श्री मनोज कुजूर तथा श्री हरेकृष्ण कोइरी की गरिमापूर्ण उपस्थित ने पूरे टीम और सदस्यों का मनोबल बढ़ाया और पूरी टीम को तकनीकी सहायता प्रदान किया। टुसू हमारी परंपरा व संस्कृति का अभिन्न अंग है। टुसू हमारी सामाजिक मेलजोल को बढ़ाती है। मेला में सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल की नियुक्ति की गई थी। सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा खुद सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे थे।

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं**

**टुसू पर्व का प्रदर्शन** : आस-पास के गांवों के लोगों ने अपने सुसज्जित और रंग-बिरंगे टुसू के साथ उत्सव में भाग लिया। सांस्कृतिक दल की भागीदारीः 25 से अधिक सांस्कृतिक दलों ने अपने लोकगीत, नृत्य और पारंपरिक कला का प्रदर्शन किया। समुदाय की भागीदारीः ग्रामीण समुदाय के सदस्यों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया। इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय समुदाय ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने का अनूठा प्रयास किया। यह न केवल मनोरंजन और मेलजोल का अवसर था, बल्कि अगली पीढ़ी को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रमुख सांस्कृतिक दलों में शामिल थे। संदीप भोगता सारूबेड़ा, शत्रुघन बेदिया कुसुम टोली बेदिया हेसापोड़ा, संतोष भोगता बुटगोड़ा,लखीराम बेदिया सिंदरी तोपा ,हरिचरण बेदिया- खभावन, गायत्री देवी गगारी से इस हुंडरू जतरा जैसे पारंपरिक मेले झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखने और सामूहिक पहचान को प्रोत्साहन देने के अद्भुत माध्यम हैं।

## कांके विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का अनुशंसा पत्र उपायुक्त रांची को भेजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : कांके विधायक सुरेश बैठा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का अनुशंसा पत्र उपायुक्त रांची को भेजा है । जिसमें प्रखंड के चापा टोली में स्टेडियम निर्माण, मायापुर फैक्ट्री मैदान में स्टेडियम निर्माण, रायपुर के अंबेडकर मैदान में स्टेडियम निर्माण, पिठौरिया अंबा टोली में स्टेडियम निर्माण, उमेडन्डा में स्टेडियम निर्माण, ग्राम पंचायत ऊपर कोनकी में स्टेडियम निर्माण करने, साथ ही पिठौरिया स्थित ऐतिहासिक मूरहड़ पहाड़ को पर्यटन स्थल, ग्राम बालू देवी मंडप



स्थित बाघ टोंगरी, गिद्ध टोंगरी को पर्यटन स्थल,प्रखंड बुढ़मू के नाउज में ऐतिहासिक बिंदु बसाईर को पर्यटन स्थल,प्रखंड बुढ़मू के ग्राम मुरवे में भगवान बिरसा मुंडा मेला स्थल को पर्यटन स्थल,खलारी प्रखंड के ग्राम मायापुर में दुल्ली सर्वधर्म स्थल, खलारी प्रखंड के ग्राम मायापुर पहाड़ी बाबा स्थल को पर्यटन स्थल,खलारी प्रखंड के ही ग्राम लापरा में कुरकुरे नदी पर पर्यटन स्थल,खलारी प्रखंड के हुटाप पंचायत में मुंडा हावड़ा देवी मंडप

## रमेश कुमार महतो बने बंजरिया के नये थानाध्यक्ष

**पूर्वी चंपारण** : पलनवा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रमेश कुमार महतो को बंजरिया का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है ।इसकी जानकारी देते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि चंपारण रेंज के डीआईजी हरिकिशोर राय के मौखिक अनुमोदन पर पलनवा थानाध्यक्ष रमेश कुमार महतो को बंजरिया थानाध्यक्ष के रूप में पदस्थापित किया गया है। उन्होने बताया कि बंजरिया थानाध्यक्ष के निलंबन के पश्चात थानाध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण उन्हे पदस्थापित किया गया। क्लीन सर्विस रिकार्ड वाले रमेश कुमार महतो का थानाध्यक्ष का लंबा अनुभव रहा है। इसके पूर्व सारण जिला के दरियापुर वर्ष 2014 से 2015 तक गरखा में वर्ष 2015 से 2016 एवं 2017 से

## खेल से लोगों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलती है पहचान : संतोष महतो

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : गुरुवार को तेलियातु प्रीमियर लीग 2024-25 क्रिकेट टूर्नामेंट सेमीफाइनल मैच का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता संतोष महतो, विशिष्ट अतिथि मोहित मुंडा, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, जिला सचिव शाहबाज अनवर गोल्डी ने विधिवत मैच का शुभारम्भ किया। सरईया बनाम टीम फाइटर भुरकुण्डा के बीच खेला गया। जिसमें टीम फाइटर भुरकुंडा ने 5 विकेट से विजय रहा तथा मैन ऑफ द मैच शशि कुमार रहे। मुख्य अतिथि



संतोष महतो ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए, तथा खिलाड़ियों को खेल से संबंधित समस्या का भी निराकरण किया जाएगा। खेल से हमारे शरीर की मांसपेशियां मजबूत होती है! खेलने से मानसिक दबाव कम होता है और मन शांत रहता है। आज के युग में खेल न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि इनका सामाजिक तथा राष्ट्रीय महत्व भी है। इनमें स्वास्थ्य प्राप्ति के साथ-साथ मनोरंजन भी होता है। इनसे छात्रों में अनुशासन की भावना आती है। खेल के मैदान में छात्रों को नियमों में बंधकर खेलना पड़ता है !

## झारखण्ड सहित सभी राज्यों में लगे जयप्रकाश की प्रतिमा : पंकज मिश्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेपी जनता के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने झारखण्ड सहित सभी राज्यों में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा लगाने की मांग की है। झारखण्ड के सीएम हेमंत सोरेन से व्यक्तिगत रुप से मिलकर राजधानी रांची के महत्वपूर्ण चौराहे पर लोकनायक की प्रतिमा लगाने का आग्रह करने की बात कही । मिश्र ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्वंय में एक संस्था रहते हुए भी सबसे मशविरा के बाद ही निर्णय तक पहुंचते थे। वह मानते थे कि



समरस समाज की स्थापना करनी है तो सबों को बराबर का मौका देना होगा। वर्तमान राजनीतिज्ञों में इस की कमी देखी जा रही हो। जेपी जनता दल अपनी भूमिका महज एक राजनीतिक दल तक ही सीमित नहीं रखना चाहती, वह लोकनायक के आदर्शों और नीतियों से समाज में को खास कर युवा वर्ग को अवगत कराना चाहती । भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश देश के युवा वर्ग पर शुरू से भरोसा और उम्मीद थी। उन्होंनें कहा कि सभी राज्य इकाईयों से आग्रह किया कि वह अपनी राज्य सरकारों को पत्र लिखकर जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा लगाने का आग्रह करें।

## भारत-रत्न कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती मधुबनी में : चक्रपाणि

**एजेंसी**

**भागलपुर** : बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर चक्रपाणि हिमांशु की अध्यक्षता में गुरुवार को उनके आवसीय कार्यालय श्रीरामपुर अकबरनगर में एक बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए हिमांशु ने कहा कि भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर जी की 101वीं जयंती समारोह 24 जनवरी को मधुबनी जिला के फुलपरास अंतर्गत कृष्णा यादव +2 उच्च विद्यालय सिसवा बरही के मैदान में मनाया जाएगा। इस जयंती समारोह का उद्घाटन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल के सभी वर्तमान एवं पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक,



विधान पार्षद, पूर्व विधान परिषद, लोकसभा एवं विधानसभा के प्रत्याशी पार्टी एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, प्रधान महासचिव, प्रखंड अध्यक्ष एवं नेता एवं क,ार्यकर्तागण शामिल होंगे। हिमांशु ने कहा कि देश एवं राज्य में महंगाई एवं भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। महंगाई की मार से गरीब जनता तबाह है। देश निजीकरण के दौर से गुजर रहा है। देश के सभी सरकारी संस्थान को निजीकरण कर लोगों को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है। अंबेडकर साहब के संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला। केंद्र द्वारा प्रत्येक साल दो करोड़ लोगों को नौकरी देने के बदले छटनी किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय सनातन स्वयंसेवक महासंघ की संगोष्ठी बैठक 19 को

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : कांके भामाशाह नगर रिंग रोड आइटीबीपी क्षेत्र हथिया पत्थर के समीप हरिनाथ ट्रेडर्स परिसर पर राष्ट्रीय सनातन स्वयंसेवक महा संगठन का एकदिवसीय प्रदेश स्तरीय संगोष्ठी बैठक रखा गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेश पदाधिकारी हरिनाथ साहू ने बताया उक्त संगोष्ठी बैठक में झारखंड प्रदेश के सभी जिलों से समाज के अगुआ एवं प्रबुद्ध लोगों के द्वारा निम्न बिंदुओं पर परिचर्चा होना है



1. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के वर्तमान में हो रहे अपमान का विरोध एवं उनकी प्रासंगिकता
2. भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबासाहेब अंबेडकर जी का सम्मान !
3. डॉ. सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को अपनाना।
4. भगवान बिरसा मुंडा जी के आदर्श जीवन चार्य को अपनाना।
5. सनातन धर्म एवं संस्कृति को बढ़ावा देना।
6. समाज के बच्चों में आईएएस, आईपीएस बनने हेतु प्रेरणा एवं पढ़ाई की सुविधा।
7. समाज के बच्चों वर्तमान वैश्विक आवश्यकता के अनुसार स्किल डेवलपमेंट करने पर विचार। संगोष्ठी बैठक पूर्वाहन 11:00 से अपराह्न 3:00 तक होना सुनिश्चित किया गया है।

# प्री-लिटिगेशन वादों के निस्तारण में सहायता करता है डालसा : कविता खाती

- दुष्कर्म पीड़ित मुआवजा व मोटर वाहन दुर्घटना के बारे में दी गयी जानकारी
- राष्ट्रीय लोक अदालत पर हुआ फोकस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सोनाहातू प्रखण्ड के ठुंगरूडीह गांव में जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन आज दिनांक 16.01.2025 को किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता कविता खाती, पीएलवी कपिलदेव प्रसाद, रामेश्वर चौधरी, कुमारी इंदू देवी, अखीराज महतो एवं राजा उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा, रांची के एलएडीसी अधिवक्ता कविता खाती ने लोगों को ह्यफ्री लिगल एड निशुल्क विधिक सहायात के बारे में बताया। किसे विधिक सेवा मिलती है, विधिक सेवा के हकदार कौन है एवं महिलाओं व बच्चों को जिला




विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से किस प्रकार का सहायता मुहैया कराया जाता है, इसकी जानकारी दी। उन्होंने मोटर वाहन दुर्घटना में मुआवजा प्राप्त करने की भी जानकारी साझा की। बाल विवाह, बाल मजदूरी, शिक्षा के अधिकार और इसके प्रोविजन के बारे में विस्तार से बताया। दुष्कर्म पीड़िता को प्राप्त होनेवाले मुआवजा के बारे में जानकारी दी गयी व मुआवजा प्राप्त करने के बारे में भी बताया गया। उन्होंने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि को उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण करा सकते है। ज्ञात हो कि डालसा के पीएलवी रामेश्वर चौधरी के द्वारा सोनाहातू ब्लॉक क्षेत्र में रहनेवाले लोगों के समस्याओं को सुना गया तथा उनके निदान के बारे में बताया गया। लिफलेट एवं पम्पलेट भी लोगों को बांटे गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कपिलदेव प्रसाद ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। डालसा, रांची के पीएलवी ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। मोटर दुर्घटना में मुआवाजा कैसे प्राप्त किया जा सकता है? इस संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। इस जागरूकता अभियान में प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, शौचालय स्वच्छता के बारे में भी विस्तृत जानकारी पीएलवी ने प्रदान किया। पीएलवी ने आगामी 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी भी दी। जगरूकता कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित लोगों को कानूनी संबंधी पुस्तिका व पम्पलेट, लीफलेट लोगों के बीच बांटे गये एवं सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के बारे में बताया गया।

# ओड़िशा वॉरियर्स ने पेनल्टी शूटआउट में श्राची को हराया

## ओड़िशा वॉरियर्स ने महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग में बोनस प्वाइंट किया हासिल






**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जोसलीन बार्ट्राम ने तीन प्रयासों को रोककर ओडिशा वॉरियर्स को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत दिलाई। महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (2024-25) में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ यह मैच 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ। ओडिशा वॉरियर्स के लिए बलजीत कौर (8) ने गोल किया, जबकि श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के लिए ब्यूटी डुंगडुंग (16) ने स्कोर किया। मैच की शुरूआत में ही बंगाल टाइगर्स के पास बढ़त लेने का मौका था। तीसरे मिनट में एश्ले हॉफमैन ने गोललाइन से गेंद को गोल के मुंह की ओर पास किया, लेकिन लालरेमसियामी और हन्ना कॉटर इसे चूक गईं। बंगाल टाइगर्स ने पहला पेनल्टी कॉर्नर जीता, लेकिन वॉरियर्स की गोलकीपर जोसलीन बार्ट्राम ने हॉफमैन के ड्रैग फ्लिक को बेहतरीन तरीके से बाहर कर दिया। ओडिशा वॉरियर्स ने आठवें मिनट में बलजीत कौर के गोल से खेल के विपरीत बढ़त बना ली। विक्टोरिया सॉज ने सर्कल के बाहर से गेंद को पोस्ट की ओर मारा, और बलजीत ने सही समय पर इसे जेनिफर रिज्जो को पछाड़ते हुए गोल में डाल दिया। पहले क्वार्टर के अंतिम मिनट में बंगाल टाइगर्स के पास स्कोर बराबर करने का मौका था, लेकिन पेनल्टी कॉर्नर पर इंजेक्शन सही से ट्रैप न हो पाने के कारण यह मौका हाथ से निकल गया। दूसरे क्वार्टर के शुरू होते ही, 46 सेकंड में, ब्यूटी डुंगडुंग ने सर्कल के अंदर से शॉट लेकर स्कोर को बराबर कर दिया। बार्ट्राम इस शॉट को आसानी से रोक सकती थीं, लेकिन उनका किक गलत समय पर हुआ और गेंद उनके पैरों के बीच से गोल में चली गई। 27वें मिनट में ओडिशा वॉरियर्स ने छह विदेशी खिलाड़ियों को मैदान पर उतारने की गलती से एक अनावश्यक पेनल्टी कॉर्नर दे दिया। बार्ट्राम ने उदिता के ड्रैग फ्लिक को रोककर अपनी टीम को बचाया। पहले हाफ के आखिरी सेकंड में भी टाइगर्स को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन उदिता का शॉट गोल पर नहीं लगा। तीसरे क्वार्टर में खेल थोड़ा धीमा रहा। 37वें मिनट में वॉरियर्स की मिशेल फिलेट के पास बढ़त का बड़ा मौका था, लेकिन उन्होंने गोलकीपर से सामना करने में समय लगा दिया, जिससे सुसिला चानू ने उन्हें ब्लॉक कर दिया। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों के पास बड़े मौके नहीं बने। 58वें मिनट में टाइगर्स की डिफेंसिव गलती ने रुतुजा पिसाल को जीत का सुनहरा मौका दिया, लेकिन गोलकीपर ग्रेस ओहैनलन ने जल्दी बाहर आकर इस शॉट को रोक लिया। मैच पेनल्टी शूटआउट में गया, जहां बार्ट्राम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन प्रयासों को रोका और ओडिशा वॉरियर्स को बोनस प्वाइंट दिलाया।

## एक झलक

### पीठ की चोट के कारण नोर्टजे चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**नयी दिल्ली** : चैंपियंस ट्रॉफी से पहले दक्षिण अफ्रीका को बड़ा झटका लगा है, जब तेज गेंदबाज एनरिक नोर्टजे पीठ की चोट के कारण बाहर हो गए। पिछले जून में टी20 विश्व कप के बाद से नोर्टजे ने कोई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए वापसी करनी थी, लेकिन नेट्स में उनके पैर की अंगुली में चोट लग गई। तब से वह अपनी एसए20 फ्रैंचाइजी, प्रिटोरिया कैपिटल्स के लिए बिल्कुल भी नहीं खेले हैं और उन्हें दक्षिण अफ्रीका के मार्की टी20 टूर्नामेंट से भी बाहर कर दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका जल्द ही चैंपियंस ट्रॉफी टीम के लिए प्रतिस्थापन की घोषणा करेगा। गेराल्ड कोएट्जी, जो पिछले नवंबर में श्रीलंका के खिलाफ डरबन टेस्ट में कमर में चोट लगने के बाद जोबर्ग सुपर किंग्स के लिए खेल में वापस आए हैं, सबसे संभावित प्रतिस्थापन हैं।

### बुमराह ने पीठ में सूजन जैसी खबरों को बताया गलत

**मुम्बई** : भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि वह पूरी तरह से ठीक हैं और उनकी पीठ में सूजन को लेकर आ रही सभी खबरें गलत हैं। बुमराह ने कहा कि उन्हें आराम की सलाह भी नहीं दी गयी है। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि इस प्रकार की खबरें देखकर वह भी हैरान हैं। बुमराह ने सोशल मीडिया पर उनको लेकर साझा हो रही खबर को रीपोस्ट करते हुए लिखा कि यह झूठी है और इसे पढ़कर उन्हें हंसी आई। बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। इस कारण वह मैच में कप्तानी भी नहीं कर पाये थे और मैदान से बाहर चले गये थे। तभी से उनकी फिटनेस को लेकर अटकलें लगायी जाने लगीं थीं। वहीं इसके बाद एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि बुमराह की कमर में सूजन है और उन्हें आराम की सलाह दी गई है।

### खिलाड़ियों कें फीस न दिये जाने के विरोध के बाद बीपीएल फ्रेंचाइजी दरबार

**नयी दिल्ली** : बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) फ्रेंचाइजी दरबार राजशाही ने अपने क्रिकेटरों को फीस का भुगतान देरी से करने के लिए माफी मांगी है। यह घटनाक्रम तब सामने आया जब फ्रैंचाइज के क्रिकेटरों ने 15 जनवरी को चटगाँव में अपना प्रशिक्षण सत्र रद्द कर दिया, क्योंकि क्लब के स्थानीय खिलाड़ियों ने बकाया भुगतान न किए जाने के बारे में विरोध किया था। जबकि विदेशी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को 6 जनवरी को टीम के चौथे मैच के बाद उनके कुल वेतन का 25 प्रतिशत भुगतान किया गया है, लेकिन फ्रैंचाइज स्थानीय क्रिकेटरों के साथ अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रही, जिसके कारण उन्हें अभ्यास सत्र का बहिष्कार करना पड़ा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) अध्यक्ष फारुक अहमद ने जूम मीटिंग में बोर्ड के निदेशकों से बात की और घटना की जानकारी मिलने के बाद राजशाही के अधिकारियों, कप्तान अनामुल हक और कई अन्य खिलाड़ियों के साथ चर्चा करने के लिए टीम होटल भी गए।

# पडिक्कल ने लिस्ट ए क्रिकेट में अपने 2000 रन किये पूरे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अर्धशतकीय पारी खेलकर अपनी टीम कर्नाटक को फाइनल में पहुंचाने के साथ ही एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम किया है। पडिक्कल ने हरियाणा के खिलाफ सेमीफाइनल में 86 रन बनाने के साथ ही लिस्ट ए क्रिकेट में अपने 2000 रन भी पूरे कर लिए। उन्होंने ये रन 82.38 की औसत से बनाए। इस प्रकार लिस्ट ए में कम से कम 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा औसत से रन बनाने के मामले में पडिक्कल ने विराट कोहली और एबी डिविलियर्स को दिग्गज बल्लेबाजों का भी रिकार्ड तोड़ दिया है।



पडिक्कल ने लिस्ट ए क्रिकेट में 41 मैचों में 2063 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 82.52 रहा है। उनके नाम लिस्ट ए क्रिकेट में 9 शतक और 12 अर्धशतक हैं। इस प्रकार वह सबसे ज्यादा औसत से शुरूआती 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं।

# घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों की भागीदारी जरूरी : युवराज सिंह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने घरेलू क्रिकेट में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हर खिलाड़ी को घरेलू क्रिकेट में खेलना चाहिए, क्योंकि इससे खिलाड़ियों को खराब फॉर्म से उबरने और अपने प्रदर्शन में सुधार करने का मौका मिलता है। युवराज ने यह बयान सीसीएल टीम मुंबई हीरोज द्वारा यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिया, जब उनसे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के घरेलू क्रिकेट खेलने के संदर्भ में सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा, घरेलू क्रिकेट में खेलने से खिलाड़ियों को लाभ मिलता है और यह उनकी फॉर्म को बेहतर करने में मदद करता है।



अभिमन्यु ईश्वरन और करुण नायर जैसे घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों की अनदेखी के सवाल पर युवराज ने कहा, मैं चयनकर्ता नहीं हूं, लेकिन सरफराज खान जैसे खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई। करुण और अभिमन्यु जैसे खिलाड़ियों को भी जल्द मौका मिलेगा।

**दिल्ली में भी होंगे सीसीएल के मैच**

**सेलेब्रिटी** क्रिकेट लीग (सीसीएल) के आगामी सीजन के तहत दिल्ली में भी मैच खेले जाएंगे। सीसीएल के ऑनर विष्णु इंदौरी ने बताया कि 18 फरवरी से शुरू हो रही लीग का दूसरा मैच 19 फरवरी को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित होगा।

# संभाग स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 19-20 जनवरी तक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : एकल अभियान दक्षिण झारखण्ड संभाग के तत्वावधान में संभाग स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 19 एवं 20 जनवरी 2025 को मारवाड़ी आरोग्य भवन बरियातू रोड रांची के परिसर में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में झारखण्ड राज्य के रामगढ़, रातू, खूंटी, सिंहभूम, सराईकेला, घाटशिला, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, लातेहार, पांकी एवं गढ़वा अंचल से लगभग 250 प्रतिभागी भाग लेंगे। यह जानकारी एकल अभियान दक्षिण झारखण्ड संभाग के मुकेश अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्घाटन समहारोह 19 जनवरी 2025 रविवार को 11 बजे पूर्वाहन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि टाटा स्टील के स्वतंत्र निदेशक प्रमोद अग्रवाल, विशिष्ठ अतिथि केन्द्रीय विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉक्टर क्षीतिज दास एवं मुख्य वक्ता एकल अभियान के राष्ट्रीय अभियान प्रमुख डॉक्टर ललन शर्मा होंगे। खेल कूद समारोह का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण 20 जनवरी 2025 को पूर्वाहन 11 बजे से आरोग्य भवन के परिसर में सम्पन्न होगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चयनित खिलाड़ी अब सीधे एकल अभियान द्वारा 8 से 10 फरवरी को भुवनेश्वर में आयोजित होने वाला राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेने जाएंगे। ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर से 42 लाख ग्रामीण युवक एवं युवतियां भाग ले रहे हैं।

# लीजेंड 90 लीग से मैदान पर वापसी के लिए तैयार शिखर धवन

**एजेंसी**

**रायपुर** : भारतीय क्रिकेट के पूर्व स्टार शिखर धवन फरवरी 2025 में होने वाली लीजेंड 90 लीग में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। धवन, जो इस लीग में दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, ने टीम के मनोबल को बढ़ाते हुए आगामी सीजन के लिए अपनी तैयारियों पर भरोसा जताया। धवन ने कहा, लीजेंड 90 लीग के इस सीजन में मैं दिल्ली रॉयल्स के लिए खेलूंगा। मैदान पर अपने फॉर्म को दिखाने और हर पल को यादगार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। इतने समय बाद प्रशंसकों से मिल रहे प्यार के लिए मैं दिल से आभारी हूं। दिल्ली रॉयल्स की नई ताकत हाल ही में खत्म हुए खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में दिल्ली रॉयल्स ने कई दिग्गज और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। इन खिलाड़ियों में वेस्ट इंडीज के जेरोम टेलर और दिनेश रामदीन, श्रीलंका के दनुष्का गुनाथिलका, और भारत से सुमित नरवाल, परविंदर अवाना, शरद लुंबा, लखविंदर सिंह, तथा राजविंदर सिंह शामिल हैं। दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर के साथ इन खिलाड़ियों के आने से टीम का संतुलन और भी मजबूत हुआ है। टीम के मालिक और उत्तर भारत के अग्रणी हॉस्पिटैलिटी ब्रांड मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेंदर कादयान ने कहा, इन नए खिलाड़ियों के शामिल होने से हमारी टीम की गहराई और ताकत में जबरदस्त इजाफा हुआ है। दिग्गज अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों का यह मेल हर चुनौती के लिए तैयार है।



**नयी जर्सी का अनावरण**

**टीम** के मैनेजमेंट ने इस मौके पर नई जर्सी का अनावरण भी किया। मन्नत ग्रुप के प्रतिनिधि मनदीप मलिक ने कहा, ?हमारी टीम दिल्ली के गौरव और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। धवन और टेलर जैसे खिलाड़ियों के साथ नए खिलाड़ियों का यह समावेश निश्चित रूप से टीम को नई ऊर्जा देगा। हमें पूरा विश्वास है कि दिल्ली रॉयल्स लीग में शानदार प्रदर्शन करेगी।

# आरजीसी लायंस ने आरजीसी वारियर्स को धोया, आरजीसी रोयॉल्स ने क्रैकर्स को रौंदा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : रामगोविंद प्रीमियर लीग के पाँचवे दिन पहला मैच आरजीसी लायंस व आरजीसी वारियर्स के बीच खेला गया। आरजीसी लायंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 118 रनों का स्कोर किया। लायंस की तरफ से साजिद अंसारी ने 61 रनों की पारी खेली और टूर्नामेंट का पहला फिफ्टी लगाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वारियर्स की पूरी टीम 57 रनों पर सिमट गई। मैन ऑफ द मैच का खिताब साजिद अंसारी को दिया गया ।लीग का दूसरा मैच आरजीसी क्रैकर्स व आरजीसी रोयॉल्स के बीच खेला गया । आरजीसी क्रैकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 86 रनों का स्कोर किया। आरबीसी क्रैकर्स की तरफ से मो० मासूम ने 19 रनों की पारी खेली। आरजीसी रोयॉल्स की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सन्नी कुमार ने 4 विकेट अपने नाम किया। सन्नी कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया । अंसारिक प्रो० विवेक कुमार और प्रो. अनुक्षय कुमार अनु ने अंपायरिंग की भूमिका निभाई। स्कोरर के रूप में प्रो. राहुल कुमार और प्रो. दीपक कु० पासवान थे। अपनी-अपनी टीम के जीत पर टीम मालिक क्रमशः प्रो. नीरज कुमार सिन्हा व सौरभ कुमार काफी उत्साहित दिखे । आरजीसी सेयॉल्स की तरफ से आयुष कुमार ने 56 रनों की पारी खेली और टूर्नामेंट का दूसरा फिफ्टी लगाया।



# एफसी बार्सिलोना, एटलेटिको मैड्रिड क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी**

**मैड्रिड** : एफसी बार्सिलोना ने बुधवार को रियल बेटिस को घरेलू मैदान पर 5-1 से हराकर कोपा डेल रे के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। बार्सा ने रविवार को स्पेनिश सुपरकप में रियल मैड्रिड पर 5-2 की जीत के बाद एक और प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने मैच में लगभग शुरूआत से लेकर आखिर तक नियंत्रण बनाए रखा। गेवी ने तीसरे मिनट में ही पेड्री और डैनी ओल्मो के मूव के बाद बार्सा के लिए पहला गोल करके दिखाया कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ गए हैं, और जूल्स कोंडे ने 27वें मिनट में लैमिन यामल की शानदार सहायता के बाद एक टाइट एंगल से एक शक्तिशाली शॉट के साथ बढ़त को दोगुना कर दिया। दूसरे हाफ के शुरू में यामल का एक गोल ऑफसाइड घोषित कर दिया गया, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि इसके तुरंत बाद राफिन्हा और फेरान टोरेस ने बार्सा के लिए तीसरा और चौथा गोल कर दिया।



### मुम्बई सिटी के खिलाफ लीग डबल पूरा करना चाहेगी पंजाब एफसी

**नयी दिल्ली** : पंजाब एफसी गुरुवार शाम यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मुम्बई सिटी एफसी की मेजबानी करेगी, तो उसका लक्ष्य इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में घर में हार की हैट्रिक से बचना होगा और आइलैंडर्स पर अपना पहला लीग डबल पूरा करना होगा। वहीं, मुम्बई सिटी एफसी अपने अवे मैचों में अपराजित रहने के सिलसिले को आगे बढ़ाना चाहेगी। हालांकि, आइलैंडर्स ने अपने पिछले तीन मैचों में से प्रत्येक में एक से ज्यादा गोल खाए हैं, इस दौरान आठ गोल खाए हैं। वर्तमान में फॉर्म से जूझ रही पंजाब एफसी लीग में अपने पिछले दो घरेलू मैच हार चुकी है।

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद रांची एसजीएफआई राज्य स्तरीय ओपन ट्रायल

# अंडर 17 बालिका क्रिकेट ओपन ट्रायल 18 को

**रांची** : स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय अंडर 17 बालिका स्कूली क्रिकेट ओपन ट्रायल 18 जनवरी 2025 को स्थानीय साउथ रेलवे कॉलोनी मैदान चुटिया, रांची में सुबह 8:00 बजे से आयोजित की जाएगी। इस चयन ट्रायल के माध्यम से 03 से 07 फरवरी तक हरियाणा के पंचकूला में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अंडर-17 बालिका क्रिकेट टीम झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी ।

**ट्रायल हेतु आवश्यक सूचनाएं**

- ट्रायल देने वाले खिलाड़ियों का जन्म 01-01-2008 अथवा इसके बाद का होना चाहिए।
- ट्रायल में सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल के छात्र भाग ले सकते हैं।
- ट्रायल हेतु एलिजिबिलिटी फॉर्म में फोटो और नीचे प्रधानाध्यापक या प्रभारी का सिग्नेचर दोनों जगह होना अनिवार्य है।
- एलिजिबिलिटी फॉर्म के अलावा आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र,लास्ट ईयर का अंक पत्र और बोनाफाइड सर्टिफिकेट भी लाना अनिवार्य है।
- ट्रायल हेतु 18 जनवरी को सुबह 7:00 बजे से 8:00 तक ही खिलाड़ियों को अपना रिपोटिंग अथवा रजिस्ट्रेशन कर लेना है 8:00 बजे के बाद कोई रजिस्ट्रेशन नहीं की जाएगी या रिपोटिंग नहीं मानी जाएगी।
- ट्रायल लेदर बोल से ली जाएगी।
- ट्रायल के लिए अपना क्रिकेट किट लेकर आना है।
- ट्रायल व्हाइट यूनिफॉर्म में देना होगा इसलिए सभी कोई व्हाइट यूनिफॉर्म और स्पोर्ट्स शू पहन के आएंगे।
- ट्रायल से संबंधित जानकारी हेतु झारखंड शिक्षा परियोजना शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के क्रिकेट प्रशिक्षक चंद्रदेव सिंह- 8789843533, एवं जगजीत सिंह - 7903800051 से संपर्क कर सकते हैं

# खो खो का ग्लोबल स्तर पर पहुंचना देश के लिए गर्व की बात : प्रियंका

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : भारत में आयोजित खो खो विश्व कप 2025 में भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉकआउट चरण में जगह बना ली है। टीम की कप्तान प्रियंका इंगले ने अपने नेतृत्व और खेल कौशल से सभी को प्रभावित किया है। हिन्दुस्थान समाचार के लिए सुनील दुबे से खास बातचीत में प्रियंका ने अपने सफर, अनुभव और इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट को लेकर अपने विचार साझा किए।



**सवाल 1 : खो खो विश्व कप में भारतीय महिला टीम का नेतृत्व करने पर कैसा महसूस कर रही हैं?**

**प्रियंका इंगले**

यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और जिम्मेदारी है। मैं अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां नहीं कर सकती। जब मुझे कप्तानी की घोषणा की गई, तो पहले तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ। यह एक सपना सच होने जैसा है। मैं उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने हर समय मेरा साथ दिया- चाहे वह अच्छे समय में हो या बुरे। भारतीय टीम की कप्तानी करना आसान नहीं है ।, लेकिन महासंघ और प्रशासनिक निकायों के समर्थन ने इसे संभव बनाया।

**सवाल 2: मिट्टी के खेल से मैट तक का सफर कैसा रहा?**

**प्रियंका इंगले**

**मैं** 15 साल से खो खो खेल रही हूं। जब मैंने शुरूआत की थी, तब यह खेल मिट्टी पर खेला जाता था। उस समय कोई प्लेटफॉर्म नहीं था। लेकिन फिर अल्टीमेट खो खो और अन्य प्रयासों के कारण यह खेल मैट पर आ गया और अब यह वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। 2016 से अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट शुरू हुए और अब तक सात से आठ टूनार्मेंट आयोजित हो चुके हैं। पहले हम केवल राष्ट्रीय स्तर पर खेलते थे, लेकिन अब हम विश्व कप में खेल रहे हैं। भारत में विश्व कप का आयोजन होना और खो खो का ग्लोबल स्तर पर पहुंचना देश के लिए गर्व की बात है। हमारा अगला सपना खो खो को कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलंपिक का हिस्सा बनते देखना है।

**सवाल 3: खो खो में आपकी शुरूआत कैसे हुई?**

**प्रियंका इंगले**

**मैं** जब स्कूल में थी, तो अन्य लड़कियों को खो खो खेलते हुए देखती थी। यह देखकर मुझे भी इसे खेलने की प्रेरणा मिली। मेरे होमग्राउंड के कोच ने मेरे खेल को निखारने में अहम भूमिका निभाई। मेरी स्ट्रेंथ देखकर उन्होंने मुझे बहुत प्रोत्साहित किया। हालांकि जब मैंने पांचवीं कक्षा में खेलना शुरू किया, तो मेरे परिवार ने इसे लेकर आपत्ति जताई। उनके अनुसार, इस खेल का कोई भविष्य नहीं था। लेकिन समय के साथ सब बदल गया। अब मेरा परिवार मेरे हर कदम पर साथ है। आज जब छोटी लड़कियां मुझे देखकर खो खो खेलना शुरू करती हैं, तो मुझे बेहद गर्व महसूस होता है।

**प्रियंका की उपलब्धियां**

**प्रियंका** इंगले खो खो के क्षेत्र में एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने अब तक 23 राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किए हैं और 2023 में चौथी एशियाई चैंपियनशिप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता है।



अमेरिका के टेलर फिट्ज दूसरे दौर के मैच में जीत के बाद उत्साहित होते।

## एक झलक

### निर्मला सीतारमण ने सिंगापुर के राष्ट्रपति से की मुलाकात, कई मुद्दों पर बातचीत

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से गुरुवार को नयी दिल्ली में सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं में अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। इस अवसर पर सिंगापुर के परिवहन और वित्त मंत्री ची. होंग टाट भी मौजूद रहे। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम ने मुलाकात की। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की, जिसमें फिनटेक, डिजिटल प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया। दोनों पक्षों ने आने वाले दशकों में व्यापार और निवेश संबंधों के विस्तार में विश्वास व्यक्त किया। इस मुलाकात के बाद निर्मला सीतारमण ने कहा सिंगापुर गणराज्य के महामहिम राष्ट्रपति राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मिलकर सम्मानित महसूस कर रही हूं। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत, सिंगापुर के साथ अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को महत्व देता है। राष्ट्रपति की ये यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी, जो इसकी 60वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। राष्ट्रपति के साथ वित्त मंत्री और परिवहन मंत्री ची. होंग टाट भी मौजूद रहे।

### डॉलर के मुकाबले 19 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

**नयी दिल्ली** : डॉलर इंडेक्स की कमजोरी के बावजूद अमेरिकी 10 ईयर ट्रेजरी यील्ड में आये उछाल और कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी की वजह से रुपया आज 19 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसके पहले बुधवार को रुपये ने डॉलर की तुलना में 86.36 के स्तर पर कारोबार का अंत किया था। आज भारतीय मुद्रा 19 पैसे टूट कर 86.55 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई। मार्केट एक्सपर्ट सर्वेश्वर दयाल सिन्हा के अनुसार कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी और इंपोर्टर्स द्वारा डॉलर की मांग बढ़ा दिए जाने के कारण आज रुपये पर दबाव बन गया। राहत की बात यह रही कि डॉलर इंडेक्स में आई कमजोरी और वैश्विक स्तर पर इक्विटी मार्केट में बने पॉजिटिव माहौल के कारण रुपये की गिरावट सीमित दायरे में बनी रही। आपको बता दें कि अमेरिकी कोर कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के उम्मीद से कम हो जाने की वजह से डॉलर इंडेक्स कमजोर हुआ है।

### अडाणी के खिलाफ रिपोर्ट जारी करनेवाली हिंडनबर्ग रिसर्च ने समेटा अपना कारोबार

**वाशिंगटन/नयी दिल्ली** : गौतम अडाणी, जैक डोर्सी और कार्ल इकान समेत कई अरबपति कारोबारियों को निशाना बनाने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपना कारोबार समेट लिया है। इसके संस्थापक नाथन एंडरसन ने गुरुवार को कंपनी बंद करने की घोषणा की। हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी के फाउंडर नाथन एंडरसन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि उन्होंने कंपनी को बंद करने का फैसला लिया है। उन्होंने लिखा, हमारी प्लानिंग थी कि हम जिन विचारों पर काम कर रहे थे, उन्हें पूरा करने के बाद कंपनी को बंद कर दिया जाये। आखिरकार वह दिन आज आ गया है।

# तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली** : घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि दिन के कारोबार में लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान चलती रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर-नीचे होती रही। राहत की बात यह रही कि बिकवाली का दबाव बनने पर भी सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान पीएसई, एनर्जी और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह



ऑटोमोबाइल, इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, हेल्थ केयर और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, आईटी, एफएमसीजी, टेक और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.92 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 428.85 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 424.31 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.54 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,067 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,778 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,188 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 101 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,511 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,891 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 620 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 595.42 अंक उछल कर 77,319.50 के अंक के स्तर पर खुला। कारोबार शुरू होने के बाद तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा।

## चार आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुले

**मुंबई** : इस हफ्ते 4 आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुले हैं, जिनमें अच्छा-खासा ग्रे मार्केट प्रीमियम देखने को मिल रहा है। इनमें से एक मेनबोर्ड आईपीओ स्टेलियान इंडिया का है, जबकि तीन एसएमई आईपीओ हैं। यह 88.32 करोड़ रुपए का एक एसएमई आईपीओ है। यह आईपीओ 15 जनवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था और 17 जनवरी को बंद होगा। शेयरों का अलॉटमेंट 20 जनवरी और लिस्टिंग 22 जनवरी को हो सकती है। ग्रे मार्केट में कंपनी का शेयर 86 रुपए के इश्यू प्राइस के मुकाबले 70 रुपए के प्रीमियम पर ट्रेड करता दिखा है। इस तरह यह शेयर 81.40 फीसदी के प्रीमियम के साथ 156 रुपए पर लिस्ट हो सकता है। यह आईपीओ अब तक 8.47 गुना सब्सक्राइब हो चुका है। यह 40 करोड़ रुपए का एक एसएमई आईपीओ है। यह आईपीओ 15 जनवरी को खुला था और 17 जनवरी को बंद होगा। शेयरों का अलॉटमेंट 20 जनवरी को और लिस्टिंग 22 जनवरी को हो सकती है। इस आईपीओ में एक लॉट 1000 शेयरों का है। यह आईपीओ अब तक 12.52 गुना सब्सक्राइब हो चुका है। ग्रे मार्केट में कंपनी का शेयर 128 रुपए के इश्यू प्राइस के मुकाबले 90 रुपए के प्रीमियम पर ट्रेड करता दिखा। इस तरह इस शेयर की लिस्टिंग 70.31 फीसदी के प्रीमियम के साथ 218 रुपए पर हो सकती है। यह 199.45 करोड़ रुपए का एक मेनबोर्ड आईपीओ है। यह आईपीओ 16 जनवरी यानी आज सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन है और 20 जनवरी को बंद होगा। 21 जनवरी को शेयरों का अलॉटमेंट होगा और 23 जनवरी को स्टॉक एक्सचेंजों पर शेयर की लिस्टिंग होगी।

## होंडा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की नयी सीबी 650 आर और सीबीआर 650 आर, प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट में बढ़ाया कदम

**रांची** : होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज में दो नए मॉडल सीबी 650 आर और सीबीआर 650 आर लॉन्च किए हैं। ये दोनों बाइक स्टाइल और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण पेश करते हुए मोटरसाइकिल प्रेमियों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करेंगी। ग्राहक अब इन नयी बाइक्स को अपने नजदीकी बिगविंग डीलरशिप पर बुक कर सकते हैं। इनकी डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। होंडा के ये नये मॉडल निश्चित रूप से प्रीमियम बाइकिंग के क्षेत्र में एक नया बेंचमार्क स्थापित करेंगे। इस लॉन्च पर एचएमएसआई के मैनेजिंग



डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, हमें भारत में सीबी 650 आर और सीबीआर 650 आर के नए एडिशन लॉन्च करने की खुशी है। भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट तेजी से बढ़ रहा है, और हाई परफॉर्मेंस वाली, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से लैस बाइक्स की मांग बढ़ रही है। एचएमएसआई में हम ग्राहकों की इन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्व स्तरीय प्रोडक्ट्स लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें भरोसा है कि ये नई बाइक्स प्रीमियम मोटरसाइकिलिंग के अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगी। इस लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, सीबी 650 आर और सीबीआर 650 आर को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। ये मोटरसाइकिलें उन प्रीमियम ग्राहकों के लिए बनाई गई हैं, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, एडवांस्ड तकनीक और स्टाइलिश डिजाइन को प्राथमिकता देते हैं।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

**नयी दिल्ली** : ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना हुआ है। अमेरिका में महंगाई की दर अनुमान से कम रहने की वजह से पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट में उत्साह बना रहा। रिटेल महंगाई के आंकड़ों से उत्साहित डाउ जॉन्स पिछले सत्र के दौरान 703 अंक उछल गया। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 106.93 अंक यानी 1.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,949.84 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 466.23 अंक यानी 2.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,510.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## टाटा पावर ने जोजोबेरा में खेलों में उत्कृष्टता प्रशिक्षण देकर 4,000 छात्रों को बनाया सशक्त

**रांची** : भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने जोजोबेरा में 4,000 सरकारी स्कूल के छात्रों के बीच एथलेटिक उत्कृष्टता और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष खेल पहल शुरू की है। समाज के विकास के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए टाटा पावर इस पहल में गुणवत्तापूर्ण कोचिंग, अंतर-विद्यालय प्रतियोगिताओं की सुविधा प्रदान करके और भविष्य में सफलता हासिल करने के लिए युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा दे रही है और इस क्षेत्र में खेल परिदृश्य को बदलने का प्रयास कर रही है। इस पहल के जरिए, छात्रों को निपुण




प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी और एथलेटिक्स में पेशेवर प्रशिक्षण मिल रहा है। टाटा पावर वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन करेगा जिसमें छात्रों को अपनी एथलेटिक प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलेंगे।अब तक इस पहल के कई प्रभावशाली परिणाम दिखाई दिए हैं, कई प्रतिभागियों ने जिला-स्तरीय प्रतियोगिताओं में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। छात्रों को उनके प्रशिक्षण में सहायता के लिए फुटबॉल, कोन, हर्डल, नीकैप, ट्रैक स्पाइक्स और रिले बैटन सहित आवश्यक खेल उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। यह पहल खेलो इंडिया जैसे व्यापक सरकारी कार्यक्रमों के साथ सहजता से एकीकृत होती है, युवा प्रतिभाओं को क्षेत्रीय और राष्ट्रीय मंचों से जोड़ती है, उनके लिए कई सारे अवसर खोलती है। भविष्य में, इस पहल में सरकारी स्कूलों के छात्रों में प्रतिभा की पहचान करते हुए, उन्हें बढ़ावा देकर, प्रतिभा और खेल कौशल का जश्न मनाने के लिए एक भव्य खेल उत्सव की मेजबानी करने की योजना है। एथलेटिक कौशल को बढ़ाकर, छात्रों को जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए तैयार करना इस पहल का उद्देश्य है।

## सर्राफा बाजार में तेजी का रुख सोना व चांदी के बढ़े भाव

**नयी दिल्ली** : एक दिन की मामूली गिरावट के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 80,220 रुपये से लेकर 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,550 रुपये से लेकर 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 80,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## भाबीजी घर पर हैं ने 2500 एपिसोड्स किये पूरे



**मुंबई** : प्रोडक्शन एडिट 2 बैनर तले संजय और बिनैफर कोहली द्वारा निर्मित एण्डटीवी के कल्ट कॉमेडी भाबीजी घर पर हैं ने 2500 एपिसोड्स का सफर पूरा कर लिया है। इस कॉमेडी शो का प्रसारण 2015 में शुरू हुआ था और जल्द ही यह भारतीय टेलीविजन के इतिहास में एक सबसे प्रतिष्ठित शो बन गया। यह शो मिश्रा और तिवारी परिवार के मजेदार किस्सों पर आधारित है, जो अपनी मजेदार कहानियों से दर्शकों का दिल जीतता है। मुख्य कलाकार आसिफ शेख, रोहिताश्व गौड़, शुभांगी अत्रे और विदिशा श्रीवास्तव ने शानदार अभिनय किया है, जिसने लोगों को लगभग 10 सालों तक जोड़े रखा। इस खास मौके का जश्न मनाने के लिए सेट पर केक काटने का आयोजन किया गया, जिसमें पूरी टीम मौजूद थी। शो की निमार्ता बिनैफर कोहली ने कहा, यह सफलता दर्शकों के प्यार और हमारी टीम की मेहनत का नतीजा है। हम आगे भी दर्शकों को हंसाने और उनका मनोरंजन करने का वादा करते हैं। हम एण्डटीवी का भी तहेदिल से धन्यवाद करते हैं।

# फिक्की ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटा कर किया 6.4 फीसदी

**नयी दिल्ली** : भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। इससे पहले उद्योग मंडल ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सात फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया था। फिक्की की ओर से जारी आर्थिक परिदृश्य सर्वेक्षण के ताजा अनुमान के अनुसार संशोधित अनुमान व्यापक अपेक्षाओं के अनुरूप है। फिक्की के आर्थिक परिदृश्य सर्वेक्षण के नवीनतम दौर में चालू वित्?त वर्ष 2024-25 के लिए




6.4 फीसदी की वार्षिक औसत जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया है। वर्तमान सर्वेक्षण में पूर्वानुमान पिछले वर्ष सितंबर के महीने में आयोजित पिछले दौर में 2024-25 के लिए लगाए गए 7.0 फीसदी अनुमान से कम है। उद्योग मंडल ने कृषि क्षेत्र, संबद्ध गतिविधियों सहित वित्?त वर्ष 2024-25 के लिए जारी अनुमान में 3.6 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद जताई है। दूसरी ओर उद्योग और सेवा क्षेत्रों में वित्त वर्ष 2024-25 में क्रमशः 6.3 फीसदी और 7.3 फीसदी की वृद्धि का अनुमान जताया है। सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में सुधार, त्योहारी मांग और मानसून के बाद औद्योगिक गतिविधि के सामान्य होने से चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि एक फरवरी, 2025 को पेश होने वाला 2025-26 का केंद्रीय बजट वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और धीमी होती घरेलू वृद्धि के बीच आ रहा है। इसे देखते हुए आगामी केंद्रीय बजट में सरकार की नीति को आकार दे सकती हैं। दरअसल, फिक्की का ताजा अनुमान वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज वृद्धि दर की तुलना में काफी कम है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी के अपने पहले अग्रिम अनुमान में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद जताई है, जो आरबीआई के 6.6 के अनुमान से कम है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी की वृद्धि दर 8.2 फीसदी रही थी।

## पेज एक के शेष

**अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने संगम में लगायी डुबकी, बोले...महाकुम्भ दे रहा दुनिया को एकता का संदेश...**

के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि संतों के विचारों से गहरे प्रभावित हुए और उन्होंने भारतीय धार्मिक परम्पराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

**महाकुम्भ ने सिखाया, इकट्ठे हो सकते हैं दुनिया भर के लोग**

**महाकुम्भ** का आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ में भी एकता का प्रतीक है। महाकुम्भ के दौरान 10 देशों के 21 प्रतिनिधियों ने इस आयोजन की भव्यता और उसकी वैश्विक पहचान को नजदीक से महसूस किया। महाकुम्भ ने दुनिया को यह संदेश दिया कि दुनिया के विभिन्न कोनों से लोग एकत्रित हो सकते हैं, भले ही उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि अलग-अलग क्यों न हो।

**फिजी, गुयाना से लेकर दक्षिण अफ्रीका तक के पहुंचे प्रतिनिधि**

**महाकुम्भ** में फिजी, फिनलैंड, गुयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद और टोबैगो, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि पहुंचे हैं। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने महाकुम्भ का दौरा करके भारतीय संस्कृति की विविधता और धार्मिक एकता का अनुभव किया। सभी यहां की संस्कृति से अभिभूत नजर आये। उनके लिए यह यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुभव है, बल्कि एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा लेने का भी एक शुभ अवसर है।

**आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी...**

कर्मचारी शामिल हैं। (आमतौर पर, दिल्ली सरकार के कर्मचारियों के वेतन में केन्द्रीय वेतन आयोग के साथ वृद्धि होती है।) इससे सरकारी कर्मचारियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ उपभोग और आर्थिक वृद्धि को महत्त्वपूर्ण गति मिलेगी।

सरकारी कर्मचारियों के वेतन की समीक्षा के लिए केन्द्र सरकार हर 10 साल में एक आयोग का गठन करती है, जो मुद्रास्फीति के मुताबिक सरकारी कर्मचारियों के वेतन याने बेसिक सैलरी, भत्तों को बढ़ाने की अनुशंसा करता है। वेतन आयोग की सिफारिशों पर ही सरकार अपने कर्मचारियों के वेतन में परिवर्तन करती है।

वेतन आयोग की सिफारिशों से सरकारी कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि होती है। पिछले कुछ वेतन आयोगों, खासकर 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के बाद, सरकारी कर्मचारियों के वेतन में खासी बढ़ोतरी हुई, जिसके चलते युवाओं में एक बार फिर सरकारी नौकरियों को लेकर उत्साह देखा गया। इससे कॉरपोरेट सेक्टर में नौकरी करने की इच्छा रखनेवाला टेलेंट, सरकारी सेवा में आना शुरू हुआ। इसका कारण सरकारी नौकरी में जॉब सिक्योरिटी के साथ-साथ वेतन भी निजी क्षेत्र की बड़ी कम्पनियों के समतुल्य होता दिखा।

**इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र में तीसरे लॉन्च पैड की स्थापना को मंजूरी...**

इसे अधिकतम उद्योग भागीदारी के साथ साकार किया जायेगा, जिसमें पहले के लॉन्च पैड स्थापित करने में इसरो के अनुभव का पूरा उपयोग किया जायेगा और मौजूदा लॉन्च कॉम्प्लेक्स सुविधाओं को अधिकतम साझा किया जायेगा। टीएलपी को 48 महीने या 04 साल की अवधि के भीतर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

यह परियोजना राष्ट्रीय महत्त्व की है। टीएलपी को ऐसे विन्यास के लिए डिजाइन किया गया है, जो यथासम्भव सार्वभौमिक और अनुकूलनीय हो, जो न केवल एनजीएलवी, बल्कि सेमीक्रायोजेनिक चरण के साथ एलवीएम3 वाहनों के साथ-साथ एनजीएलवी के बढ़े हुए विन्यास का भी समर्थन कर सके।

**धनबाद सहित पूरे झारखंड में स्वास्थ्य सेवाएं होंगी बेहतरीन : डॉ. इरफान...**

मरीज पहुंचते हैं। जिस कारण यह ओवर क्राउडेड हो जाता है। इसलिए नए परिसर में ओपीडी, आईपीडी को शिफ्ट कर नई सेंट्रल लैब बनायी जायेगी। वहीं, अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को बेहतरीन तरीके से मेंटेन भी किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में एसएनएमएमसीएच में एमबीबीएस की 100 सीट है। जिसे वर्ष 2026-27 में 150 और उसके बाद 200 तक करने का प्रस्ताव है। जबकि, पीजी के लिए अभी 9 सीट है जिसे 59 करने का और 02 वर्ष के अन्दर 100 तक करने का प्रस्ताव है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के साथ-साथ रांची के स्पेशलिस्ट कार्डियोलॉजिस्ट, ऑंकोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट की टीम भी साथ में आयी है। सभी ने मिल कर एसएनएमएमसीएच के चिकित्सकों और विभिन्न विभागों के एचओडी के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवा को बेहतरीन बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार लाल, डॉ. डीपी भूषण, डॉ. यूके ओझा, डॉ. बीके पांडेय, डॉ. प्रकाश कुमार, डॉ. सुनील कुमार वर्मा, डॉ. राज लक्ष्मी के अलावा अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

**प्रोजेक्ट भवन में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी बजट पूर्व संगोष्ठी...**

रखा जायेगा। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कहा कि कृषि के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है, इसलिए कृषि विभाग जैसे महत्त्वपूर्ण विभाग को आगामी अबुआ बजट में महत्त्वपूर्ण स्थान दिया जायेगा। उन्होंने हॉर्टिकल्चर के माध्यम से भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बल दिया।

राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जंगल में रहनेवालों को तो वनपट्टा मिल जाता है, परन्तु कनेक्टिविटी की कमी के कारण उस क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पाती है। प्रयास करें, वहां तक पहुंचने के लिए सड़कें हों। उन्हें ग्राम सभा के माध्यम से बेसिक नीड्स उपलब्ध कराने पर जोर दें। साथ ही, महुआ आधारित शराब बनाने पर जोर दें, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

**आगामी बजट झारखंड को विकास के पथ पर लेकर जायेगा आगे**

ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आगामी बजट में झारखंड की महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर दिया जायेगा। जेएसएलपीएस से करीब 32 लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से दी जा रही आर्थिक सहायता को इकोनॉमिक एंगेज्ड कर उन्हें कैसे मदद दी जाये, ताकि वे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ें, इस पर विभाग का फोकस है आगामी बजट में। महिलाओं को फाइनेंशियली ट्रेंड कर उन्हें कैसे रोजगार से जोड़ा जाये, इसे ध्यान में रखा जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं को अर्बन मार्केट से कनेक्ट करने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही, ग्रामीण इलाकों में रूरल ड्रिंकिंग वाटर के छोटे-छोटे प्रोजेक्ट को भी शामिल करने पर जोर दिया जायेगा। ग्रामीण इलाकों में सोलर एनर्जी को भी बढ़वा दिया जायेगा।

**आगामी बजट में किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने पर दिया जायेगा जोर**

कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने कहा कि हमारे राज्य के किसानों को ध्यान में रख कर आगामी बजट में उन्हें शामिल किया जायेगा। आगामी बजट में किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने पर जोर दिया जायेगा। हमारे किसान पारम्परिक तौर पर एकल खेती पर निर्भर हैं। हमारा प्रयास होगा कि उन्हें पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराते हुए बहुकृषि करने पर जोर दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के तहत बिरसा पाठशाला प्रोग्राम चलाया जा रहा है, जिसे आगामी बजट में बृहत पैमाने पर चलाया जायेगा, जहां हम किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करायेंगे। उनकी कैपेसिटी बिल्डिंग करेंगे, ताकि वे अपने जमीन पर बेहतर तरीके से खेती कर सकें। उन्होंने कहा कि विभाग की योजनाओं जिसमें मुख्यमंत्री पशुधन योजना, झारखंड मिल्क फेडरेशन को और मजबूत करने की जरूरत है। साथ ही, मत्स्य पालन में भी हमलोग बेहतर कर रहे हैं। उन्होंने किसानों द्वारा की जा रही रबी फसलों की खेती को सिंचाई के साथ साथ पर्याप्त साधन उपलब्ध करने पर आगामी बजट में शामिल करने पर जोर दिया।

**प्राप्त सुझावों पर प्रस्ताव किया जायेगा तैयार**

जल संसाधन विभाग सह वित्त विभाग के प्रधान सचिव प्रशांत कुमार ने बताया कि सिंचाई के क्षेत्र में झारखंड के किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने हेतु कई सुझाव प्राप्त किये गये। पुरानी सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, वाटर बॉडीज को मजबूत करने के साथ-साथ गांव में नये तालाब बनाने पर जोर दिया जायेगा। सोलर बेस्ड इरिगेशन, माइनर इरिगेशन को ध्यान में रख कर आगामी बजट में प्रावधान किया जायेगा। सिंचाई के लिए मुख्यता तीन विभाग कार्य करते हैं, जिसमें ग्रामीण विभाग से सिंचाई कूप के लिए बिरसा सिंचाई कूप की योजना ली गयी है, जो काफी सफल रही है। इसमें किसानों को इसके जरिये काफी लाभ पहुंचा है। साथ ही, वाटर शेड स्कीम की कई योजनाओं को लिया गया है। कृषि विभाग भी किसानों को सिंचाई की सुविधा के लिए सोलर पम्प, माइक्रो इरिगेशन सिस्टम उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि जल संसाधन की कई योजनाओं पर काम चल रहा है। साथ ही, आगामी बजट में 50 से अधिक छोटी बड़ी योजनाओं को शामिल किया जायेगा। पर्यटन के क्षेत्र से प्राप्त सुझावों पर प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि टूरिज्म के क्षेत्र से झारखंड इकॉनमी को गति मिलेगी साथ ही रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। खनन के क्षेत्र से राजस्व प्राप्ति को बढ़ाने पर जोर रहेगा।उन्होंने बताया कि 34 कोल ब्लॉक का आवंटन हो गया है इसकी उच्च स्तर पर समीक्षा की जायेगी।

**बजट पूर्व संगोष्ठी (2025-26) में आये एक्सपर्ट के सुझाव**

प्रेम शंकर ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना पर जोर दिया जाये। नेचुरल फार्मिंग करने की जरूरत है। झारखंड मिलेट्स को बजट में शामिल किया जाये। लाह की खेती पर जोर दिया जाये, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके। आनेवाले 25 वर्षों के बाद 2050 में झारखंड कैसा होगा, इस पर एक विजन डाक्यूमेंट्री बनाने की जरूरत बतायी। सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाये। प्रोफेसर देवनाथन ने कहा कि ग्राम सभा को बजट में ध्यान रखा जाये। इसमें जंगल मित्र का प्रावधान किया जाये, ताकि जंगल का प्रबंधन हो सके और एक जिला एक प्रोडक्ट को बढ़ावा दिया जाये और उसकी ब्रांडिंग की जाये, ताकि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो। धीरज दानियाल होरो ने रूरल इकॉनमी पर जोर देते हुए प्रोडक्ट की वैल्यू एडिशन और फूड प्रोसेसिंग की जरूरत बतायी। शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि राज्य के ग्रामीण युवाओं के लिए स्किल प्रोग्राम को इस बजट में शामिल किया जाये। गांव में जाकर युवाओं को ट्रेनिंग दी जाये, साथ ही महिलाओं के लिए भी विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण देने की जरूरत बतायी। नगर विकास की प्रॉपर प्लानिंग की जरूरत बतायी गयी, जिसमें यातायात की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था, आदि के बारे में विस्तृत बातें बतायी गयीं। खनन के क्षेत्र के विकास पर जोर दिया जाये, जिससे राजस्व की प्राप्ति हो सके। बंद पड़े कोल ब्लॉक का जल्द से जल्द आवंटन हो, इस पर जोर दें। उद्योग के क्षेत्र इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनाने की बात कही गयी। सोलर पावर पर जोर दिया गया। अमिताभ गोष ने एक्सपीरियंस टूरिज्म को बढ़ावा देने की बात कही। जूडको द्वारा राज्य के शहरों में किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला गया। शहरों में वाटर सप्लाई, सैनिटेशन, ट्रांसपोर्टेशन आदि पर चर्चा की गयी।

योजना एवं विकास विभाग के सचिव मस्त राम मीना ने भी अपने विचार रखे। कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक ी ने कहा कि आगामी बजट में रूरल इकॉनमी जेनरेट करने का प्रयास रहेगा। सॉइल कांजेर्वेशन, तालाब का प्रावधान इस बजट में किया जाये। अंडा उत्पादन में हम आत्मनिर्भर हों, इस बजट में इसका प्रयास रहेगा। सचिव ग्रामीण विकास विभाग के श्रीनिवासन ने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में काम हो रहा है। स्वयं सहायता समूह द्वारा उन्हें क्रेडिट लिंकेज दिया जा रहा है। बिरसा हरित ग्राम योजना से उन्हें मजबूत किया जा रहा है।

इस अवसर पर सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्र से आये विशेषज्ञ सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# महाकुम्भ में अब तक सात करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी

■ अयोध्या में 10 और काशी विश्वनाथ में 7.40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये दर्शन, तीन दिन में महाकुम्भ के बाद आसपास के धार्मिक स्थलों पर पहुंच रहे श्रद्धालु

एजेंसी

**महाकुम्भनगर :** प्रयागराज महाकुम्भ में पहुंचे देश-विदेश के श्रद्धालु अब उत्तर प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों पर भी पहुंचने लगे हैं। स्नान के उपरांत श्रद्धालु 13, 14 व 15 जनवरी को श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट, वाराणसी, मां विंध्यवासिनी धाम, नैमिषारण्य व अयोध्या में दर्शन-पूजन करने पहुंचे हैं। मेला प्रशासन के मुताबिक अब तक तकरीबन सात करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकुम्भ में स्नान-पूजन किया। जबकि अयोध्या में तीन दिन में तकरीबन 10 लाख, काशी विश्वनाथ मंदिर में 7.40 लाख, विंध्यवासिनी धाम में 5 लाख व नैमिषारण्य धाम सीतापुर में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। इन क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के पहुंचने से स्थानीय रोजगार को भी काफी बढ़ावा मिल रहा है।



**काशी विश्वनाथ पहुंचे 7.40 लाख से अधिक श्रद्धालु**

**काशी** विश्वनाथ मंदिर में तीन दिन में 7.40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। यहां 13 जनवरी को 2.19 लाख, 14 जनवरी को 2.31 लाख और 15 जनवरी को 2.90 लाख से अधिक दर्शन करने पहुंचे। विंध्यवासिनी धाम में 5 लाख व नैमिषारण्य धाम में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया।

**प्रयागराज से अयोध्या पहुंचा श्रद्धालुओं का सैलाब**

**रामनगरी** में निरंतर श्रद्धालुओं का सैलाब पहुंच रहा है। जय श्रीराम के जयकारे संग अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं की आस्था से पूरी नगरी राममय हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिला प्रशासन दर्शनार्थियों के लिए सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध करा रहा है। तकरीबन 10 लाख से अधिक श्रद्धालु तीन दिन में अयोध्या पहुंचे हैं। रामलला के 500 वर्ष बाद विराजमान होने के उपरांत यहां सर्वाधिक श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। यहां रामलला व हनुमानगढ़ी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन उमड़ी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आयुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम चंद्र विजय सिंह, एसएसपी राजकरण नैयर, नगर आयुक्त संतोष शर्मा व अन्य आलाधिकारी धर्मपथ, रामपथ व भक्तिपथ पर भ्रमण करते रहे। यहां जरूरतमंदों को आश्रय स्थल भी भेजा गया।

अयोध्या के एसएसपी राजकरण नैयर ने बताया कि अयोध्या धाम को 5 जोन व 12 सेक्टर में विभाजित कर दो पालियों में पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गयी है। मुख्य स्नान पर्व पर राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारी की ड्यूटी अलग से लगायी जायेगी। इसके अतिरिक्त पीएसी बल, बाढ़ राहत दल पीएसी की ड्यूटी लगायी गयी है।

## एक झलक

### श्रीलंका में चीन करेगा बड़ा निवेश

**बीजिंग :** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके को चीन की चार दिवसीय राजकीय यात्रा में बड़ी कामयाबी मिली है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के बाद श्रीलंका और चीन ने द्वपक्षीय समझातों पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के अनुसार श्रीलंका चीन की 3.7 बिलियन डॉलर की आर्थिक सहायता से हंबनटोटा क्षेत्र में 200,000 बैरल की क्षमता वाली तेल रिफाइनरी का निर्माण करेगा। दिसानायके की यात्रा का आज तीसरा दिन है। श्रीलंका के समाचार पत्र डेली मिरर और डेली न्यूज की खबर के अनुसार, चीन और श्रीलंका के ऊर्जा मंत्रालय व सिनोपेक ने इस आशय के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस रिफाइनरी के उत्पादन का बड़ा हिस्सा निर्यात किया जाएगा। इससे श्रीलंका की विदेशी मुद्रा आय में वृद्धि होगी।

### इजराइल-हमास में 19 से सीजफायर होगा शुरू

**तेल अवीव :** इजराइल-हमास के बीच गाजा में पिछले 15 महीनों से जारी जंग 19 जनवरी को थम जाएगी। इसके लिए दोनों में सीजफायर और बंधकों की रिहाई से जुड़ी डील फाइनल हो गई है। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल-थानी ने इसकी जानकारी दी। सीजफायर के लिए पिछले कई हफ्तों से कतर की राजधानी दोहा में बातचीत चल रही थी। इस बातचीत में मिस्र और अमेरिका भी शामिल थे। डील के मुताबिक हमास अपनी कैद में मौजूद इजराइली बंधकों के रिहा करेगा। बदले में इजराइल भी हमास के लोगों को छोड़ेगा। कतर पीएम थानी ने हमास और इजराइल के प्रतिनिधियों से बुधवार को मुलाकात की, जिसके बाद ये डील पूरी हुई। डील को लेकर अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडेन और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प में क्रेडिट की होड शुरू हो गई है। दूसरी तरफ गाजा में अभी भी इजराइली हमले जारी हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को इजराइली हमले में 5 लोगों की मौत हुई है।'

### पाकिस्तान ने भारत के आरोपों को किया खारिज

**इस्लामाबाद :** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने पिछले दिनों दावा किया कि भारत प्रशासित कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान से आतंकवादियों की घुसपैठ हो रही है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने भारतीय सेनाध्यक्ष के इस बयान की कड़ी निंदा की है। उनके और से बयान में कहा गया है कि 13 और 14 जनवरी को भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों और दावों को पाकिस्तान खारिज करता है। बता दें जनरल द्विवेदी ने आरोप लगाया था कि उनका पड़ोसी देश अब भी कश्मीर में आतंकवादियों को भेज रहा है। उन्होंने दावा किया था कि साल 2024 में मारे गए 73 आतंकियों में से 60 फीसदी पाकिस्तानी थे, जबकि मौजूदा समय में सक्रिय 80 फीसदी या इससे ज्यादा आतंकी पाकिस्तानी हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने इस बारे में एक बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान भारतीय रक्षा मंत्री और चीफ ऑफ आर्मी के निराधार आरोपों को खारिज करता है।

### शेख हसीना व करीबियों पर कसा शिकंजा

**ढाका :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना पर शिकंजा कस दिया है। देश छोड़ चुकीं हसीना और उनके करीबियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए इसकी जांच के लिए टीमों का गठन किया गया है। बांग्लादेश के अखबार प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के परिवार के सदस्यों के अलावा एस. आलम, बेक्सिमको, बशुंधरा और समिट ग्रुप सहित 10 अन्य समूहों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए 11 जांच टीमों का गठन किया है।

## गृह मंत्री ने गुजरात के वडनगर में जनता को समर्पित किया पुरातत्व संग्रहालय

# पुरातन शहरों में से एक है वडनगर : अमित शाह

एजेंसी

**वडनगर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को वडनगर में 298 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पुरातत्व अनुभव संग्रहालय, 72 करोड़ रुपए की लागत से तैयार 'प्रेरणा संकुल' और 33.50 करोड़ रुपए की लागत से विकसित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, सांसद हरिभाई पटेल समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने वडनगर में आयोजित समारोह में कहा कि वडनगर के पुरातत्व अनुभव संग्रहालय के जरिए विरासत पर गौरव और गुलामी के अवशेषों का नाम शेष करना संभव हो पाएगा। यह म्यूजियम सात स्तर (परत) यानी हमारे आर्थिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, नैतिक, भौतिक और सांस्कृतिक विकास का प्रतीक है, जिसे यहां संजोया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच प्रण में युवाओं में विरासत के गौरव को अनुभूति कर भविष्य को आधुनिकता के आधार पर गढ़ने का साहस और गौरव लाने का संदेश निहित है।

केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि वडनगर पुरातन शहरों में से एक है। अपनी अक्षुण्ता और जीवंतता के कारण देश के हर काल की संस्कृति और संस्कार को प्रभावित किया है। हजारों साल से अनथक वडनगर की यात्रा चलती गई, 2500 साल पुराने इसके इतिहास का प्रमाण भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना साकार हुई है जिसमें 300 करोड़ रुपये की लागत से पुरातात्विक अनुभवनात्मक संग्रहालय का निर्माण हुआ है। इसके जरिए उन्होंने न सिर्फ वडनगर बल्कि गुजरात और देश की संस्कृति को दुनिया के नक्शे पर रखा गया है। संग्रहालय भवन, उत्खनन स्थल के जरिए 2500 साल पुरानी यात्रा को जीवंत किया गया है। शाह ने कहा कि म्यूजियम न सिर्फ वडनगर के पुरातन होने का बोध देता है, बल्कि हर समय-समयांतर में संस्कृति, व्यापार, नगर रचना, शिक्षा और शासन के योगदान को उजागर करता है।

शाह ने कहा कि जिस स्कूल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की है, उसे प्रेरणा संकुल के रूप में विकसित किया गया है। प्रेरणा संकुल देश के भविष्य में बड़े व्यक्तियों का निर्माण करेगा। खेल परिसर के उद्घाटन के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लक्ष्य रखा है कि 2036 का ओलंपिक अहमदाबाद में होगा, इस खेल परिसर में वडनगर के बच्चे तैयार होकर ओलंपिक में हिस्सा लेंगे।



### देश की विरासत को संरक्षित करने का खूब हुआ प्रयास

**शाह** ने कहा कि वडनगर में सनातन संन्यासियों ने तप-साधना और ज्ञान की उपासना की है। जैन साधुओं ने जैन अगम-निगम की यहां तपश्चर्या की। सिर्फ जैन साधुओं के लिए पढ़ा जाने वाला जैन ग्रंथ कल्पसूत्र को पहली बार वडनगर में जनता के लिए पढ़ा गया। यह स्थान बौद्ध श्रमणों के लिए विहार स्थान रहा। तीन-तीन महान धर्मों की यह उपासना स्थली रही। स्कंदपुराण से लेकर आज तक आनर्तपुर, आनंदपुर, विप्रपुर, वृद्धनगर और वडनगर इसकी पूरी यात्रा म्यूजियम में उपलब्ध है। ह्वेनसांग ने 7वीं शताब्दी के वडनगर का वर्णन किया और ईसा के बाद के वडनगर की भी पूरी यात्रा यहां मौजूद वर्णन है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की विरासत को संरक्षित करने का खूब प्रयास हुआ है। हमने अपनी खोई हुई धरोहर को विश्व भर से संजो कर लाते हैं। देश की साढ़े तीन सौ कलाकृतियां लाई गई है। इसमें गुजरात की चोरी की गई महिसासुरमर्दिनी की प्रतिमा भी शामिल है, जिसे देश में लाया गया है।

# 07 लाख के 145 कछुए ले जाते दो लोगों को आरपीएफ ने पकड़ा

एजेंसी

**विंध्याचल :** बुधवार को विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ एसआई सुनील गौड़ और टीम द्वारा प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर नियमित जांच के दौरान दो व्यक्तियों (रोहित कंड़ज और किशुन कुमार) के पास से 145 कछुए पकड़े। ये दोनों सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश के निवासी हैं।

सभी 145 कछुओं को सातूँल्ल वाले बैग में डाल कर रख रखा था। मोड ऑफ ऑपरेशन था कि हर दो से तीन घंटे में पानी डाल कर उनको सर्वाइव कर रखना।

कछुओं को कलकत्ता में बेचने का प्लान था। उनका कहना था कि हर कछुए के अच्छे पैसे मिल जाते हैं। इन कछुओं को सुल्तानपुर के अगल बगल के नदियों एवं तालाबों से कलेक्ट किया गया था।



बरामद कछुए वन विभाग के अधिकारियों को सुपुर्द किए गए, और इन्हें गंगा जी में छोड़ दिया गया।

**कानूनी कार्रवाई**

**वन** विभाग ने इन व्यक्तियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 2/9/39/51 के तहत मामला पंजीकृत किया। बरामद कछुओं की अनुमानित कीमत 7 लाख बताई गई है। इन कछुओं का इस्तेमाल दवाई में और खाने में होता है, और इनके shell से decorative समान बनाया जाता है।

रेलवे के टीम को शक तब हुआ जब दो पैसिंजर्स बड़े बड़े बैग लेकर जा रहे थे। उनसे पूछने पे की बैग में क्या है वो बैग छोड़ कर भागने लगे।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय खेलों का शुभारम्भ 28 को

**देहरादून :** 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बनाने की व्यापक तैयारी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जनवरी को देहरादून आकर इन खेलों का शुभारंभ करेंगे। उनके आगमन के मद्देनजर शासन और प्रशासन स्तर पर तैयारियां जोरों पर हैं। खेल सचिवालय, रजत जयंती खेल परिसर में आयोजित उच्चाधिकारियों की बैठक में खेल मंत्री रेखा आर्या ने उद्घाटन समारोह की योजना की समीक्षा की। खेल मंत्री ने निर्देश दिया कि राष्ट्रीय खेलों का यह आयोजन भविष्य के लिए एक मिसाल बने और इसमें प्रदेश की स्थापना के रजत जयंती वर्ष की छवि स्पष्ट झलके।

## विदाई भाषण में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा

# अलविदा, मेरी बात याद रखना

एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को अपने विदाई भाषण में देशवासियों को कुलीनतंत्र के विस्तार से सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने अलविदा करते हुए इस मौके पर अपने पांच दशक के राजनीतिक जीवन की उपलब्धियों को भी गिनाया।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, राष्ट्रपति बाइडेन ने ओवल कार्यालय से देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अति धनवानों का एक कुलीनतंत्र उभर रहा है। यह कब अनियंत्रित हो जाएं कुछ पता नहीं। यह सत्ता के भूखे लोग हैं। वह



इसके लिए खतरनाक स्थिति तक जा सकते हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप से लोकतांत्रिक आदर्शों और संस्थानों के संरक्षण की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका को सबसे अधिक खतरा धन, शक्ति और प्रभाव के त्रिकोणीय कुलीनतंत्र से है। यह सचमुच पूरे लोकतंत्र, बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए खतरा है।

# अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला दुनिया में चौथा देश बना भारत



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार सुबह इतिहास रचते हुए दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया। इसके साथ ही दुनिया में अमेरिका, रूस, चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया।

स्पैडेक्स डॉकिंग की सफलता पर इसरो ने टीम और देशवासियों को बधाई दी है। गुरुवार को इसरो ने ट्वीट करके कहा कि अंतरिक्ष यान डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। स्पैडेक्स डॉकिंग प्रक्रिया पर इसरो ने कहा कि डॉकिंग की शुरूआत सटीकता से हुई और 15 मीटर से तीन मीटर होल्ड पॉइंट तक पैंतरेबाजी पूरी हुई। इस पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक कैप्चर किया गया। भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला चौथा देश बन गया।

**डॉकिंग वह प्रक्रिया है...**

**डॉकिंग** वह प्रक्रिया है जिसकी मदद से दो अंतरिक्ष ऑब्जेक्ट एक साथ आते और जुड़ते हैं। यह विभिन्न तरीकों का उपयोग करके किया जा सकता है। अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' प्रौद्योगिकी की तब जरूरत होती है जब साझा मिशन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है।

### राष्ट्रीय पशुधन मिशन में एमपी बना 'बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट'

**भोपाल :** केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग को उत्कृष्ट कार्य के लिए 'बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट' का पुरस्कार प्रदान किया है। केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित एक दिवसीय उद्यमिता विकास कॉनक्लेव में यह पुरस्कार मध्य प्रदेश के दल को प्रदान किया। प्रदेश से योजना के नोडल अधिकारी डॉ. भगवान मधनानी, डॉ. शिवदत्त श्रीवास्तव और डॉ. प्रखर भार्गव, उप संचालक ने पुरस्कार प्राप्त किया। यह जानकारी गुरुवार को जनसम्पर्क अधिकारी पंकज मित्तल ने दी।

# सान्या ने म्यूजिक वीडियो 'आंख' से मचाया तहलका

एजेंसी

**मुंबई :** एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने ट्रेंडिंग म्यूजिक वीडियो 'आंख' से तहलका मचा दिया है। हाल ही में सान्या ने अपने इंस्टाग्राम पर इस गाने की शूटिंग और रिहर्सल की झलकियां साझा कीं, जिसमें उनका उत्साह और परफेक्शन के लिए समर्पण साफ नजर आ रहा है। सुनिधि चौहान की दमदार आवाज और रुशा व ब्लिजा के सहयोग से बने इस वीडियो ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। गाने में सान्या के डांस मूव्स और उनकी ऊर्जा की प्रशंसा हर तरफ हो रही है। उनके प्रदर्शन को देखकर कुछ प्रशंसकों ने इसकी तुलना शकीरा और बियोंसे के मशहूर म्यूजिक वीडियो ब्यूटीफुल लायर से भी की। 'आंख' का म्यूजिक वीडियो यूट्यूब के ग्लोबल डेली म्यूजिक वीडियो टॉप चार्ट्स में अपनी जगह बना चुका है, जो इसकी लोकप्रियता का स्पष्ट प्रमाण है।

सान्या ने अपने डांस और अभिनय से इस गाने को खास बना दिया है, जिसे दर्शक बार-बार देखना पसंद कर रहे हैं। सान्या मल्होत्रा की यह सफलता सिर्फ म्यूजिक वीडियो तक ही सीमित नहीं है। वह जल्द ही अपनी वेब सीरीज 'मिसेज' में नजर आएंगी, जो जी5 पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके अलावा, धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म 'संस्कारी की तुलसी कुमारी' में भी सान्या एक दिलचस्प किरदार निभाने वाली हैं। उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में अनुराग कश्यप और बॉबी देओल के साथ एक और महत्वपूर्ण फिल्म शामिल है, जिसने पहले से ही दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है।



# नमो भारत प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली से मेरठ तक जल संचयन की बड़ी योजना

एजेंसी

**गाजियाबाद :** वर्षा जल संचयन के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यातायात निगम (एनसीआरटीसी) गंभीरता से लेते हुए दुहाई स्थित डिपो में वर्षा जल संचयन के लिए दो तालाब बनाये हैं। इन तालाबों में 66 लाख लीटर से अधिक वर्षा जल संग्रहित किया जा सकेगा। इनमें 20 वर्षा जल संचयन पिट्स भी बनाये गए हैं। वर्षा जल संचयन पिट्स से बचने वाला अतिरिक्त जल इन तालाबों में जाकर एकत्रित होगा और उसके बाद भू-गर्भ में समा जाएगा।

इस बड़ी परियोजना के बारे में एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि दुहाई डिपो में नमो भारत प्रोजेक्ट के तहत बनाए गए इन तालाबों का आकार क्रमशः 1160 स्क्वायर मीटर और 663 स्क्वायर मीटर है। इन तालाबों को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि डिपो में फैलने वाला वर्षा जल यहां बनाए गए ड्रेनेज सिस्टम के जरिए सीधा तालाबों तक पहुँच जाएगा। इन तालाबों की गहराई 4 से 5 मीटर है और इनके तलों में वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए गए हैं, ताकि इनमें एकत्रित होने वाला वर्षा जल भू-गर्भ तक पहुँच सके। एक तालाब में 4 और दूसरे में 3 वृत्ताकार वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए गए हैं। जिनकी गहराई 1.2 मीटर और व्यास 2.5 मीटर है। इन पिट्स में वर्षा जल को साफ करने के लिए तीन परत वाले फिल्टर्स बनाए गए हैं, ताकि जमीन के भीतर गंदगी मुक्त जल ही पहुँचे। इसके साथ ही इन तालाबों में एकत्रित होने वाले वर्षा जल से डिपो के पौधों को भी सींचा जा सकेगा।

### 66 लाख लीटर वर्षा जल संग्रहण



उन्होंने बताया कि एनसीआरटीसी पूरे नमो भारत कॉरिडोर पर प्रभावी वर्षा जल संचयन तंत्र विकसित कर रही है। दुहाई स्थित डिपो भी इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। डिपो में इससे पहले 20 वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए गए हैं, जो डिपो के तैयार होने से पहले ही सक्रिय हो चुके हैं। अब डिपो में वर्षा जय संचयन के लिए दो बड़े तालाब बनने से वर्षा जल को और बेहतर ढंग से भू-गर्भ तक पहुंचाया जा सकेगा।

दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक 82 किमी लंबे नमो भारत कॉरिडोर पर 950 से अधिक वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए जा रहे हैं, जिनका कार्य अंतिम चरण में है। इन पिट्स के जरिए लाखों क्यूबिक मीटर ग्राउंड वॉटर रिचार्ज होने की उम्मीद है। कॉरिडोर पर दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ में 70 किमी का सेक्शन एलिवेटेड है और बाकी हिस्सा भूमिगत है। कॉरिडोर पर कुल 25 स्टेशन होंगे, जिसमें से एलिवेटेड सेक्शन में 21 और भूमिगत सेक्शन में 4 स्टेशन होंगे। वर्षा जल संचयन पिट्स सिर्फ एलिवेटेड वायडक्ट, एलिवेटेड स्टेशनों और डिपो में बनाए जा रहे हैं।